हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
दुमका, सोमवार | 28.07.2025 | वर्ष 04, अंक 206
RNI No. - JHAHIN/2022/81895

**सुविचार**
जिंदगी भी कितनी अजीब होती है, मुस्कुराओ तो लोग जलते है, उदास रहो तो सवाल करते है!

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री के दौरे से पहले बीरभूम में भिड़े तृणमूल के दो गुट

**बीरभूम :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीरभूम दौरे से कुछ घंटों पहले रविवार दोपहर दुबराजपुर ब्लॉक के जशपुर ग्राम पंचायत में तृणमूल के दो गुटों में मारपीट हो गई। इस घटना में चार तृणमूल कार्यकर्ता घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जशपुर के घासबेरा नामक आदिवासी गांव में ज़मीन को लेकर तृणमूल कांग्रेस के लाल खान गुट और शेख जाने आलम गुट में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों गुटों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड लेकर टूट पड़े।इस घटना में जशपुर पंचायत क्षेत्र के तृणमूल नेता लाल खान और उनके भतीजे सेकेंद्र खान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को सिउड़ी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।मुख्यमंत्री रविवार शाम बीरभूम पहुंचेंगी। कल यानी सोमवार को गीतांजलि रंगमंच पर प्रशासनिक स्तर की बैठक है। उस बैठक के बाद वे पदयात्रा करेंगी। भाषा आंदोलन शुरू होगा।

### ममता बनर्जी रोहिंग्याओं की बुआ हैं : शुभेंदु अधिकारी



**पूर्व मेदिनीपुर :** राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कड़ी आलोचना की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भाषा आंदोलन के आह्वान पर कटाक्ष करते हुए शुभेंदु ने कहा कि ममता बनर्जी रोहिंग्याओं की बुआ (रोहिंग्याओं की पीसी) हैं।रविवार को पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा एक और भाषा आंदोलन के आह्वान पर शुवेंदु अधिकारी ने कहा, ...यह एसआईआर को रोकने का एक नाटक मात्र है। ममता बनर्जी रोहिंग्याओं की बुआ हैं। वह बांग्लादेशी मुसलमानों की रक्षक हैं। उनके वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा घुसपैठिए, बांग्लादेशी और रोहिंग्या हैं।

### उज्जैन में आज निकलेगी भगवान महाकाल की श्रावण मास की तीसरी सवारी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की श्रावण माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में 28 जुलाई को श्रावण मास की तीसरी सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी।इस दौरान अवंतिकानाथ चांदी के रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे और अपनी प्रजा का हाल जानेंगे। सवारी के दौरान भगवान महाकाल तीन स्वरूपों में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में, हाथी पर श्री मनमहेश के रूप में व गरूढ रथ पर श्री शिव-तांडव रूप में विराजित होकर उज्जैन नगर के भ्रमण पर निकलेंगे। सवारी के दौरान जनजातीय समूहों के कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि भगवान महाकाल की सवारी शाम चार बजे मंदिर से रवाना होगी। सवारी निकलने के पूर्व महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान चन्द्रमौलेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन होगा। उसके पश्चात भगवान चन्द्रमौलेश्वर पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी जाएगी।

## चुटकी




**रांची का तापमान**
अधिकतम 24°
न्यूनतम 13°

### पीएम मोदी ने मन की बात में गुमला के पूर्व नक्सली के कार्यों को सराहा, कहा

# ओमप्रकाश ने बंदूक छोड़ थामा मछली पकड़ने का जाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के गुमला जिले के पूर्व नक्सलियों के उल्लेखनीय परिवर्तन की रविवार को प्रशंसा की, जिन्होंने हिंसा को छोड़कर मछली पालन का रास्ता अपना लिया है. मोदी ने इसे इस बात का प्रमाण बताया कि कभी-कभी सबसे बड़ा उजाला वहीं से फूटता है, जहां अंधेरे ने सबसे ज्यादा डेरा जमाया हो. पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में पूर्व नक्सली ओम प्रकाश साहू की प्रेरक कहानी सुनायी, जो हिंसा का रास्ता छोड़कर एक सफल मछली पालक और कभी नक्सलवाद से प्रभावित रहे बसिया ब्लॉक में बदलाव के उत्प्रेरक बने.बता दें कि ओमप्रकाश का सफर आसान नहीं था.

एक समय था जब बसिया क्षेत्र में पीएलएफआई नक्सलियों का वर्चस्व था. 2008 में स्थिति इतनी भयावह थी कि गांव वीरान हो रहे थे. लोग डर के साये में जीते थे और युवा पलायन कर रहे थे. इस दौरान गुमला के तत्कालीन डीसी आराधना पटनायक ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई के लिए स्थानीय लोगों द्वारा गठित शांति समिति को बंदूक का लाइसेंस उपलब्ध कराया. ओमप्रकाश भी इस समिति के सदस्य थे.परिस्थितियां बदलीं और ओमप्रकाश ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मछली पालन शुरू किया.

शुरुआत में उन्हें विरोध और धमकियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका हौसला नहीं टूटा.प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू होने के बाद ओमप्रकाश को नई ताकत मिली. जिला प्रशासन के सहयोग से उन्हें प्रशिक्षण मिला और तालाब निर्माण में मदद मिली. धीरे-धीरे गुमला में मत्स्य क्रांति का सूत्रपात हुआ.

#### माओवादी हिंसा के लिए चर्चित था गुमला का इलाका

पीएम ने कहा, कभी-कभी सबसे बड़ा उजाला वहीं से फूटता है, जहां अंधेरे ने सबसे ज्यादा डेरा जमाया हो. ऐसा ही एक उदाहरण है झारखंड के गुमला जिले का. प्रधानमंत्री ने कहा, एक समय था, जब ये इलाका माओवादी हिंसा के लिए जाना जाता था और बसिया ब्लॉक के गांव वीरान हो रहे थे. लोग डर के साये में जीते थे, रोजगार की कोई संभावना नहीं थी, जमीनें खाली पड़ी थीं और नौजवान पलायन कर रहे थे, लेकिन फिर बदलाव की एक बहुत ही शांत और धैर्य से भरी शुरुआत हुई. उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश साहू नाम के एक युवक ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया और मछली पालन शुरू किया. उन्होंने कहा कि साहू ने फिर अपने जैसे कई साथियों को भी इसके लिए प्रेरित किया और उनके इस प्रयास का असर भी हुआ. उन्होंने कहा, जो पहले बंदूक थामे हुए थे, अब मछली पकड़ने वाला जाल थाम चुके हैं.



#### मत्स्य पालन पहल आर्थिक सशक्तिकरण के खोल रही रास्ते

मोदी ने कहा, गुमला की यह यात्रा हमें सिखाती है कि अगर रास्ता सही हो और मन में भरोसा हो तो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी विकास का दीप जल सकता है. प्रधानमंत्री मोदी ने एक खबर का हवाला दिया, जिसमें बताया गया था कि किस प्रकार मत्स्य पालन पहल झारखंड में पुनर्वास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नये रास्ते बना रही है.साहू के अलावा, खबर में पूर्व नक्सली ज्योति लकड़ा और ईश्वर गोप की परिवर्तनकारी कहानियों का भी उल्लेख किया गया था. ज्योति लकड़ा ने 2002 में उग्रवाद का रास्ता छोड़ दिया और अब वे मछली चारा का उत्पादन करने वाली एक मिल चलाते हैं, जिसने पिछले साल पीएमएमएसवाई योजना के तहत 8,00,000 रुपये का शुद्ध लाभ कमाया.

**प्रशिक्षण के बाद सरकार ने तालाब बनाने में की मदद:** उन्होंने कहा कि शुरुआत में विरोध और धमकियां मिलने के बावजूद साहू ने हौसला नहीं छोड़ा. पीएम ने कहा कि 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' (पीएमएमएसवाई) की शुरुआत हुई तो साहू को नयी ताकत मिली. उन्होंने कहा कि सरकार से प्रशिक्षण मिला और तालाब बनाने में मदद भी मिली. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पहल से गुमला में मत्स्य क्रांति का सूत्रपात हो गया है और आज बसिया ब्लॉक के 150 से ज्यादा परिवार मछली पालन से जुड़ चुके हैं. उन्होंने कहा कि कई तो ऐसे लोग हैं, जो कभी नक्सली संगठन में थे, अब वे गांव में ही सम्मान से जीवन जी रहे हैं और दूसरों को रोजगार दे रहे हैं.

## सोमवारी को लेकर डीसी एवं एसपी ने किया रूट लाइन का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** तीसरी सोमवारी को लेकर तैयारियों का जायजा लेने हेतु उपायुक्त अभिजीत सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने संपूर्ण रूट लाइन का पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अलर्ट मोड में कार्य करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि सोमवारी के दिन बासुकीनाथ में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ उमड़ती है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को कतार में अधिक देर तक न रुकना पड़े एवं वे सुगमतापूर्वक जलार्पण कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि रूट लाइन में कहीं भी विधि-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता एवं निगरानी रखी जाए।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रूट लाइन में पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा एवं साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर स्तर पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि चिकित्सा टीम पूरी तरह अलर्ट मोड में रहे और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उपायुक्त ने सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में नियमित एवं प्रभावी सफाई अभियान चलाया जाए।इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने बैरिकेडिंग, सूचना संकेतक, शेड आदि की स्थिति की जांच कर संबंधित पदाधिकारियों को उन्हें दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक श्री खेरवार ने सुरक्षाकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि भीड़ नियंत्रण, मार्ग संचालन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य तकनीकी साधनों के माध्यम से मेला क्षेत्र की निरंतर निगरानी की जाए।

**स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि चिकित्सा टीम पूरी तरह अलर्ट मोड में रहे और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उपायुक्त ने सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में नियमित एवं प्रभावी सफाई अभियान चलाया जाए।**

## राष्ट्रपति के झारखंड दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं. राष्ट्रपति 31 जुलाई और 1 अगस्त को झारखंड में रहेंगी. राष्ट्रपति के दौरे को लेकर झारखंड पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं. राजधानी रांची, धनबाद और देवघर तीनों ही जिलों की पुलिस अलर्ट पर है.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी. इसके बाद राष्ट्रपति धनबाद में आईआईटी (आईएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी. ऐसे में देवघर, रांची और धनबाद में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं.राष्ट्रपति के दौरे को लेकर डीजीपी और मुख्य सचिव ने भी बैठक कर कई दिशा निर्देश जारी किए हैं. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर आईजी रैंक के एक अधिकारी को नोडल बनाया गया है, ताकि सुरक्षा में कोई त्रुटि न रह जाए.वर्तमान में सावन का महीना चल रहा है. सावन के महीने में देवघर में श्रद्धालुओं के कांवरिया पथ को बिना बाधित किए राष्ट्रपति को एयरपोर्ट से एम्स तक ले जाने के लिए अलग मार्ग तय किया गया है.

वहीं धनबाद में भी कार्यक्रम स्थल के साथ राष्ट्रपति जिन मार्गों से होकर गुजरेंगी उसे लेकर भी विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं. राष्ट्रपति 31 जुलाई को अपने दो दिवसीय दौरे पर सबसे पहले रांची पहुचेंगी, जहां पर वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी. 31 जुलाई को राष्ट्रपति रांची में रहेंगी इसलिए राजभवन से लेकर एयरपोर्ट तक सुरक्षा व्यवस्था बेहद पुख्ता की जा रही है.

## उपराष्ट्रपति का इस्तीफा धनखड़ व मोदी के बीच का मामला : खड़गे

**मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह मामला धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच का है, इसलिए वही बताएं कि वास्तव में क्या हुआ।राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने कहा कि धनखड़ ने हमेशा सरकार का पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष ने मुद्दे उठाने की कोशिश की, चाहे वह किसानों या गरीबों से संबंधित हो या विदेश नीति से जुड़ा हो, उन्होंने कभी भी विपक्ष को ऐसा करने की अनुमति नहीं दी।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि उन्हें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के पीछे की असल वजह की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मामला धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच का है, इसलिए वही बताएं कि वास्तव में क्या हुआ।राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने कहा कि धनखड़ ने हमेशा सरकार का पक्ष लिया।

उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष ने मुद्दे उठाने की कोशिश की, चाहे वह किसानों या गरीबों से संबंधित हो या विदेश नीति से जुड़ा हो, उन्होंने कभी भी विपक्ष को ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। यह सवाल पूछे जाने पर कि क्या धनखड़ को किसानों के पक्ष में बोलने के कारण इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा, खरगे ने कहा,मुझे ये सब जानकारी नहीं है। वह (धनखड़) हमेशा सरकार के पक्ष में रहे। उन्हें बताना चाहिए कि क्या हुआ था।खरगे ने कहा कि जब हमने किसानों, गरीबों, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों या विदेश नीति से संबंधित कई मुद्दे उठाए तो उन्होंने (राज्यसभा में सभापति के तौर पर) हमें कभी मौका नहीं दिया। जब हमने गरीबों, महिलाओं, दलितों और वंचितों पर अत्याचार तथा हिंदू-मुस्लिम टकराव जैसे मुद्दों पर नोटिस देकर मुद्दे उठाने की कोशिश की, तो उन्होंने हमें मौका नहीं दिया। यह (धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे का कारण) उनके और मोदी के बीच का मामला है। हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## मनसा देवी भगदड़ में आठ की मौत



**एजेंसी**

**हरिद्वार :** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर रविवार सुबह भगदड़ मचने से आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 22 घायल और पांच लोग गंभीर घायल हैं।सीएम पुष्कर सिंह धामी भी हरिद्वार पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल जाना। मनसा देवी मंदिर दर्शन जाने वाले पैदल मार्ग पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई। करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट लगने की अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया।देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। चीख-पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए। हादसे में एक बच्चे समेत 35 श्रद्धालु घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें आठ श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की गई है।हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई। हादसे पर सीएम धामी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने हादसे के मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## नक्सलियों के ठिकाने से 35 लाख रुपये बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन सर्च अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। कराइकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों के आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए 35 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। आईजी रांची रेंज मनोज कौशिक ने बताया कि नक्सली हथियार खरीदने के लिए पैसे इकट्ठा कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए इस अभियान में नकदी बरामद की गई, जो नक्सली फंडिंग नेटवर्क का हिस्सा थी। यह रकम नक्सली संगठन द्वारा गोला-बारूद और हथियारों की खरीद के लिए रखी गई थी। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रही हैं। यह कार्रवाई नक्सलियों की आर्थिक कमर तोड़ने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। चाईबासा पुलिस द्वारा हाल के दिनों में चलाए गए अभियानों में कई सफलताएं मिली हैं।

Asarfi Hospital,Dhanbad
YOUR OWN SUPERSPECIALITY HOSPITAL
असर्फी हॉस्पीटल सबके लिए स्वास्थ्य
Gleneagles Hospital
SHOLINGANALLUR, CHENNAI
Jointly Organising
Paediatric Haematology & BMT Clinic
at Dhanbad for Consultation
Dr. Ponni Sivaprakasam
MRCPCH (UK) CCT(UK)
Senior Consultant - Paediatric Oncology (Haemato-oncology and BMT) Gleneagles Hospital, Chennai
7808368888
OPD Timing
8th August, Time : 4PM To 7PM
9th August, Time : 8AM To 11AM
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

## संक्षिप्त खबरें

### मृतक आफताब का पोस्टमार्टम रिम्स में होगा

**रांची।** रामगढ़ थाना परिसर से फरार होने के 48 घंटे बाद आफताब अंसारी की लाश दामोदर नदी से बरामद की गई। रविवार को पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची, जहां मेडिकल टीम और दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने जानकारी दी कि मेडिकल टीम ने शव की हालत को देखते हुए कहा कि यह काफी खराब अवस्था में है। रामगढ़ सदर अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार पोस्टमार्टम संभव नहीं है। ऐसे में मेडिकल टीम ने शव को रिम्स, रांची रेफर कर दिया है, जहां अब पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### शिक्षक बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए परेशान, ई-विद्यावाहिनी ऐप बना मुसीबतः नसीम

**रांची।** नसीम अहमद मुख्य प्रवक्ताअखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश ने बताया कि झारखंड के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक इन दिनों ई-विद्यावाहिनी ऐप की तकनीकी समस्याओं के कारण बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि यदि समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं हुई, तो उसे आकस्मिक अवकाश के रूप में दर्ज किया जा रहा है। शिक्षक बताते हैं कि वे समय से पहले विद्यालय पहुँचते हैं, लेकिन ऐप में आई तकनीकी खामियों के चलते आधे-आधे घंटे तक उपस्थिति दर्ज करने की कोशिश करते रहते हैं। इसके बावजूद उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। सबसे बड़ी परेशानी ई-विद्यावाहिनी ऐप के नवीनतम अपडेट से उत्पन्न हुई है। जैसे ही ऐप खोला जाता है, फ्रअपडेट अनिवार्यफ्र का पॉपअप आता है। कई शिक्षकों ने जब इसे अपडेट कर दिया, या अपने आप अपडेट ले लेता है ऐसे में ऐप ने बायोमैट्रिक उपस्थिति लेना ही बंद कर दिया।

# विद्युत सब स्टेशन में डकैती करने वाले नौ अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि नामकुम थाना अर्न्तगत विद्युत सब स्टेशन (संचरण केन्द्रीय भंडार) के कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर डकैती किये गये कांड का उद्भेदन कर लिया गया है और इसमें गिरफ्तारी भी हुई है। उन्होंने बताया कि नामकुम थाना कांड सं0-217/25 दिनांक 15.07.25 धारा-310(2)/311 बी0एन0एस0-2023 दर्ज किया गया था। हाईटेशन मैदान के पास के कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों को 20-25 लोगों के द्वारा बंधक बनाकर डकैती किया गया था। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर को निर्देश व पुलिस उपाधीक्षक (मु0) प्रथम, रॉची के नेतृत्व में पुनि सह थाना नामकुम, रॉची मनोज एवं थाना के पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बलों को शामिल करते हुए एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा तकनिकी साक्ष्य के आधार पर इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधकर्मियों के विरूद्ध विधिवत् छापामारी किया गया, जिसमें कुल 09 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया तथा इनके निशानदेही पर कांड में प्रयोग किये गये टेम्पु वाहन सं0-जेएच 01- एफ एस 7047, ताला काटने में प्रयोग की जाने वाली कटर मशीन, मोबाईल एवं घटना में डकैती किया गया समान को बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पताः** दिनेश लोहरा उर्फ दिनेश करमाली उम्र चकला अम्बवाटांड थाना चंदवा जिला लातेहार वर्तमान पता बड़ा घाघरा थाना डोरंडा जिला , राजेश कुमार सिंह उर्फ भोला थाना उरीमारी जिला हजारीबाग, शाहिद अंसारी उर्फ जटला महुआटोली थाना मदानीनगर ओ0पी0, (भुरकुंडा) जिला रामगढ़, ललन कुमार भुईया उर्फ बौना पता टोंगरी टोला, साँदा थाना भुरकुंडा जिला रामगढ़,जितु कुमार सिंह उर्फ जिजुवा उर्फ जीतु लक्ष्मी टॉकिज थाना मुरकुंडा जिला रामगढ,फुरकान मल्लिकथाना लोनी जिला गाजियाबाद (उतर प्रदेश) वर्तमान पता आई0एस0एम0 चौक थाना पुन्दाग ओ0पी0 (जगरनाथपुर) जिला राँची बिरेन्द्र बेदिया उर्फ घोंची महुआटोली थाना मदानीनगर ओ0पी0 (भुरकुंडा) जिला रामगढ, दीपक कुमार सोनी लवातुटोला पुन्दाग थाना पुन्दाग ओपी (जगरनाथपुर) जिला रॉची और जितेन्द्र कुमार उम्र 40 वर्ष पिता रामेश्वर प्रसाद पता परेव थाना बिहटा जिला पटना को गिरफ्तार कर लिया गया है। छापामारी दल में शामिल- वरीय पुलिस उपाधीक्षक, मु-प्रथम, रॉची अमर कुमार पाण्डेय, पुनि सह थाना प्रभारी नामकुम थाना मनोज कुमार, पुअनि, शशि रंजन , पुअनि, गौतम कुमार पुअनि, जयदेव सराक , पुअनि, धर्मेन्द्र कुमार,पुअनि प्रवीण कुमार, पुअनि, अमित कुमार दास ,पुअनि, मिथुन कुमार, स अनि0 प्रभुवन कुमार, सअनि जय प्रकाश कुमार नामकुम थाना, सअनि बलेन्द्र कुमार, तकनिकी भााखा, रॉची,नामकुम थाना के सशस्त्र बल शामिल है।

# आईजी ने साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए दिए निर्देश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, रांची मनोज कौशिक ने वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के कार्यालय स्थित सभागार में पुलिस उप-महानिरीक्षक -सह- वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, पुलिस अधीक्षक (नगर/ग्रामीण) की उपस्थिति में सभी पुलिस उपाधीक्षकों, सभी थाना प्रभारियों एवं कई अनुसंधानकर्ताओं के साथ एक दिवसीय वर्क शॉप को संबोधित किया गया। इस कार्यशाला में संगठित गिरोह के विरुद्ध दर्ज कांडों , साइबर अपराध एवं संपत्ति मूलक अपराध के कांडों के उद्भेदन गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं अनुसंधान के क्रम में साक्ष्य संकलन के प्रविधियों को विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही अनुसंधान के दौरान होने वाले कठिनाइयों,कमियों/खामियों को दूर करने के संबंध में ब्रीफ करते हुए बेहतर अनुसंधान हेतु विशेष निर्देश दिए गए।

# 10 किलोग्राम गांजा की बरामदगी, ऑपरेशन नार्कोस के तहत आरपीएफ की बड़ी सफलता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत आरपीएफ पोस्ट रांची द्वारा 10 किलोग्राम अवैध गांजा (मारिजुआना) की बरामदगी की गई। यह कार्रवाई कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार की गई।शिफ्ट प्रभारी उप निरीक्षक सुरज पांडेय, अश्वनी कुमार, एएसआई कृष्णा राय, कांस्टेबल विश्राम लाल मीणा (फ्लाइंग टीम, रांची) एवं छोटे कुमार सिंह (सीआईबी, रांची) द्वारा प्लेटफॉर्म सं. 1ए , चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध पिट्ठू बैग बेंच के पास लावारिस अवस्था में पाया गया। बैग के पास बैठे यात्रियों से पूछताछ की गई एवं पीए सिस्टम के माध्यम से भी घोषणा की गई, परंतु कोई भी व्यक्ति बैग का स्वामी होने का दावा नहीं किया।संदेह होने पर बैग की तलाशी ली गई, जिसमें नीले व भूरे रंग की पैकिंग में एक पैकेट बरामद हुआ, जो गांजा प्रतीत हो रहा था। तुरंत इसकी सूचना एएससी, आरपीएफ, रांची को दी गई। मौके पर पहुंचे एएससी के आदेशानुसार सभी कानूनी प्रक्रियाओं के तहत बैग की जांच की गई। पैकेट की जांच डीडी किट द्वारा की गई, जिसमें यह गांजा पाया गया। पैकेट का वजन किया गया, जो 10 किलोग्राम पाया गया।गांजा को एएसआई कृष्णा राय द्वारा एएससी रांची एवं उपस्थित गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जब्त किया गया। बाद में यह गांजा जीआरपीएस/रांची को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया। इस संबंध में जीआरपीएस रांची द्वारा कांड दिनांक 24.07.2025, धारा 20(बी)(द्वद्व)(बी), एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जब्त किए गए गांजा की अनुमानित कीमत 1,00,000/- है।इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाले अधिकारियों की सूची- 1. निरीक्षक प्रभारी, शिशुपाल कुमार उप निरीक्षक, सुरज पांडेय, अश्वनी कुमार, सहायक उप निरीक्षक, कृष्णा राय, प्रधान आरक्षक ए.के. शुक्ला – आरपीएफ पोस्ट/रांची कांस्टेबल विश्राम लाल मीणा फ्लाइंग टीम रांची छोटे कुमार सिंह सीआईबी रांची मौजूद थे।

# भारतीय दर्शन और भाषा साहित्य को आत्मसात करने की जरूरत : सीपी सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा और अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती, झारखंड इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पुराना विधानसभा सभागार में भारतीय ज्ञान परंपरा और समकालीन समाज विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति कोई बीता हुआ अध्याय नहीं, बल्कि एक जीवंत विरासत है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भारतीय दर्शन और भाषा साहित्य को आत्मसात करने करने की जरूरत है। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हम अपनी संस्कृति और मूल्यों को नहीं अपनाएंगे, तब तक भारत को विश्वगुरु बनाना कठिन है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री रविन्द्र शुक्ल ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में संपूर्ण विश्व को दिशा देने की क्षमता है और इसे आधुनिक संदर्भों में पुनर्परिभाषित किया जाना चाहिए। गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने इस विचार का उत्सव बताया और कहा कि यह संस्कृति की पुनर्स्थापना की दिशा में सार्थक प्रयास है।

# अल्पसंख्यक समाजिक संगठन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अल्पसंख्यक समाजिक संगठन द्वारा एक्सलेंस अवार्ड 2025 प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, डीआईजी पलामू नौशाद आलम, इकराम अंसारी आदि मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शरफे आलम, महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव, इमरान हसन बाबू, सागर कुमार, मोमिन चौरासी के मजीद अंसारी, शफीउल्लह, जावेद अली बंटी, शहाबुद्दीन, अब्दुर्रहमान, महबूब रिज़वी, मुजीब अंसारी, लोअर बाजार, हिंदपीढ़ी, डेली मार्केट थाना प्रभारी, शामिल हुए। समारोह में मैट्रिक और इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले 50 से ज्यादा स्कूलों के लगभग एक हजार उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत कारी इसराइल कडरू के तिलावत कुरान से हुआ।

# रांची में कई लोगों ने थामा झामुमो का दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अगुवाई में मोर्चा के हरमू स्थित कैंप कार्यालय में रविवार को रांची जिला अंतर्गत भाजपा रातू मंडल के कार्यकर्ता रहे सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मोर्चा केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने सबों को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि झामुमो के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व से आमजन प्रभावित हैं। लगातार झामुमो का जनाधार बढ़ रहा है। इसी के तहत आज सैकड़ों लोगों ने मोर्चा का दामन थामा। मौके पर उन्होंने झामुमो परिवार में सबों का स्वागत पार्टी की नीति सिद्धांतों एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अवगत कराया। पांडेय ने झामुमो को मजबूत कर राज्य के विकास में योगदान देने का संकल्प दिलाया।

मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि रातू के लोगों ने जिस तरह प्यार भाव दिखाकर मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की उससे झामुमो और भी मजबूत होगा।

# डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका की सूझबूझ से बड़ा मामला टला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र में अचानक दो पक्ष आपस में मारपीट करने लगे। आसपास में अफरा तफरी मच गई, लेकिन जैसे ही मामला तूल पकड़ती थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद घटना स्थल पर पहुँच कर दोनों पक्षों को संभाला और थाना बुलाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल मामला शांत हैं और दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया है, हल्की चोट लगी है तो ईलाज के लिये भेजा गया था। पूछताछ के क्रम में बताया गया कि डोरंडा थाना क्षेत्र के नीम चौक के पास वरना गाड़ी में कुछ युवक बैठे हुए थे और वे जा रहे थे और एक ऑल्टो कार से ओवरटेक करना चाह रहे थे और हॉरन बजा रहे थे, ऑल्टो में भी कुछ युवक बैठे हुए थे ओवरटेक करने और हॉरन बजाने और चालक द्वारा नहीं सुनने की इस छोटी सी बात को लेकर पोखर टोली हनुमान मंदिर के पास ऑल्टो कार खड़ी कर के पीछे से आ रही गाड़ी में बैठे युवक पहुंचे और इसी बात को लेकर दोनों आपस में उलझ गए, जिसमें दोनों पक्षों को हल्की चोटें आई दोनों को ईलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था और दोनों को थाना में बुलाया गया है। मामूली बात है, दोनों पक्षों के सुनने के बाद एफआईआर दर्ज किया जायेगा।

# जेपीएससी 2025 परिणाम आश्चर्यजनक सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को मिली सफलता

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** जेपीएससी लोक सेवा आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा 2023 के अंतिम परिणाम 25 जुलाई 2025 को घोषित कर चुका है। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 342 पद भरे जाने हैं। विज्ञापन संख्या 01/2024 जारी किया था।इस 342 पदों में से 207 उप-कलेक्टर के पद हैं। 56 राज्य कर अधिकारी के हैं। कुल 35 पद पुलिस सब-इंस्पेक्टर के हैं।

**रिक्तियों की संख्याः** उप समाहर्ता 207, पुलिस उप-निरीक्षक 35, राज्य कर अधिकारी 56, जेल अधीक्षक 02, झारखंड शिक्षा सेवा श्रेणी 2 10, जिला कमांडर01, सहायक निबंधकार 08, श्रम अधिकारी 14, परिवीक्षा अधिकारी 06, निरीक्षक उत्पाद 03 है।

**इन्हें मिली है सफलताः** जेपीएससी 2025 का जो परिणाम आया है वह आश्चर्यचकित करने वाला है, जो झारखंड के 25 सालों में ऐतिहासिक है । इसमें ज्यादातर गरीब और कमजोर परिवार के अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। हर वर्ग से जुड़े अभ्यर्थी को इसमें मौका भी दिया गया है। बताते चले की झारखंड गठन के बाद पहली बार ÷हो% जाती से कश्मीरा हेंब्रम पश्चिमी सिंहभूम की है सफलता मिली है, तो वहीं आदिम जनजाति पहाड़िया जाति दुमका के रहने वाली बबीता कुमारी 337 रैंक लाई है , इसके पास मिठाई खिलाने के पैसे नहीं थी तो इसकी मां चीनी खिलाकर मुंह मीठा कराई, अविनाश जो आर्मी में जवान थे और नक्सली घटना में शहीद हो गए थे उनका बेटा अभय कुजूर दूसरे रैंक पर आया है, इससे उसकी मां सुशीला काफी खुश है और काफी भावुक भी है। पुलिस निरीक्षिक सुबोध श्रीवास्तव का बेटा आशीष अक्षत टॉपर रहा तो , चतरा के रहने खुर्शीद अंसारी बाजी मार लिया है, मां रसोईया का काम करती है पिता दर्जी हैं। बोकारो के रहने वाले सगीर अंसारी जो पंचर मिस्त्री हैं उसका बेटा अताबुद्दीन अंसारी और बोकारो चंदनक्यारी का रहने वाला शुभम भी बाजी मार ली है, अमित रविदास एक राजमिस्त्री का बेटा है, तो वहीं अनिल प्रसाद जो हजारीबाग के बुढ़वा महादेव मंदिर के पास एक छोटी सी पुस्तक दुकान चलाते इसका बेटा अमन सफलता हासिल किया है। स्विग्गी बॉय डिलीवरी करने वाला राजेश यादव जिसकी मां जानकी देवी रसोईया के काम करती है यह भी सफल हुआ है, तमाड़ वीर गांव की रहने वाली जो फिलहाल खूंटी में रह रही है रूपम सोनल जिसकी मां 7 डेज स्कूल में टीचर थी उसने सफलता प्राप्त की है और निजी अस्पताल में कभी चौकीदारी का काम करने वाला वर्तमान में लकवा ग्रस्त पिता दीपक राम की बेटी शोभा 263 वां रैंक लाकर पूरे परिवार को खुशी दी है। रामगढ़ गोला क्षेत्र के रहने वाले कपिल रजवार 212 रैंक लाकर बीडीओ बन गया है, जिसकी मां मजदूरी करती हैं, पलामू चियांकी गाँव में पीडीएस दुकान चलाने वाले के बेटे सूर्य कुजूर, तमाड़ से दिव्यांग विष्णु मुंडा 282 रैंक , रांची चांहो से दो सगी बहने दिव्या भगत 312, विद्या भगत 309 रैंक ने सफलता हासिल की है। इस बार ऐसे अभ्यर्थियों को मौका मिला है , जबकि झारखंड गठन से आज से करीब थोड़ा पीछे जाकर देखें तो पैसे वाले ,विधायक ,मंत्री, संपन्न परिवार के ही सदस्य जेपीएससी में बाजी मारते थे, ऐसे कई जेपीएससी से जुड़े पदाधिकारियों पर कोर्ट के फैसले की तलवार लटकी हुई है। ऐसे लोग ही सफलता प्राप्त किये इसमें कुछ मेहनत कस भी होंगे लेकिन जो दाग जेपीएससी में लगी थी उस दाग को 2022-23 में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिवंगत अमिताभ चौधरी ने सातवीं से दसवीं जेपीएसी परीक्षा कराकर इतिहास रचा दिये थे।

# असमाजिक तत्वों ने गेट तोड़ा, चोरी का किया प्रयास, पुलिस कर रही है जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जमीन दलाल व असमाजिक तत्वों द्वारा आम आदमी की जमीन भी लूटने और डराने, जान मारने और धमकाने में अब भी लगे हैं इसमें सुधार नहीं है। ऐसा ही मामला सदर थाना क्षेत्र के बडगांई में आया है , जिसकी लिखित जानकारी सदर थाना, पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक को भी दी गई है। मामला यह है कि असमाजिक तत्वों द्वारा एक अवासीय परिसर (न्यू ओहदार सोसाईटी) का 27/7/25 की रात्री 2ः00 बजे गेट तोड, कर उपद्रव मचाने एवं चोरी करने की कोशिश किया गया। भुक्तभोगी ने लिखा है कि प्लॉट सं0 2554 निवेदन है कि खाता सं 246 रकबा - 66 डिसमिल वाके मौजा बड़ागाई (न्यू ओहदार सोसाईटी) रांची में खतियानी ), थाना सदर, जिला रांची में रैयत की जमीन पर रैयत के वंशजों का घर बनाया है जिससे हमलोग शांती पूर्वक निवास करते है। 27/7/25 के रात्री समय करीब दो बजे असमुदिन उर्फ बाबू खान फिरोज आलमउज्जवल यह जमीन माफिया कैसर अहमद अंसारी निवासी ग्राम बड़गाई थाना सदर जिला रांची एवं अन्य असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया और परिसर में उपद्रव व चोरी, डेकेती का प्रयास किया गया। इस घटना से पूरा परिवार भयभीत है। इस संबंध में तुफैल अंसारी,तोफिक आलम, मकबुल अंसारी, दानिश हुसैन, महफुज आलम, राशिद अनवर, आदिल रियाज, कई सदस्यों ने सामुहिक हस्ताक्षर कर पुलिस को आवेदन दिया है। वहीं बताया गया कि हिंदूस्तान आटो चोव्य के मालिक कैशर है उसी पर आरोप लगाया गया है। इतना ही नहीं जिसने थाना में शिकायत की है वे सरकार के सूचना विभाग से जुड़े हुए हैं। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि कैशर से कोई बातचीत नहीं है, जहाँ तक जमीन का मामला है तो जमीन किसकी है यह कोर्ट फैसला करेगी, किसी को यह अधिकार नहीं है कि बदमाशी करे या किसी का गेट तोड़े, जो ऐसा किया है उसपर एफआईआर दर्ज होगा, जेल जायेगा।

# आफताब की हत्या रामगढ़ पुलिस प्रशासन पर खड़ा कर रही है सवालिया निशान : शहाबुद्दीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जन इंसाफ मंच के अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि रामगढ़ निवासी आफताब की हत्या रामगढ़ पुलिस प्रशासन की गैर जिम्मेदारी और लापरवाही का परिणाम है इसके अलावा यह घटना कहीं ना कहीं नफरत की मानसिकता को दर्शाती है।

जिस तरह से इस हत्या के पीछे हिंदू टाइगर फोर्स का नाम आ रहा है एवं सोशल मीडिया में इस संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा आफताब की पिटाई का वीडियो वायरल है इससे यह पता चलता है कि इस संगठन के पीछे कोई बड़ा हाथ है। अगर कोई मुजरिम है तो उसकी सजा तय करना अदालत का काम है ,किसी मुजरिम की सजा ना तो पुलिस प्रशासन तय कर सकता है और ना ही कोई संगठन। जन इंसाफ मंच इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता है और झारखंड राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह मांग करता है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे एवं संविधान के विरुद्ध काम करने वाले संगठन को शीघ्र प्रतिबंधित करें।

**जन इंसाफ मंच इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता है**

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु रामगढ़ प्रखंड के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी धीरज कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष रंजन एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अवधेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक, कृषक मित्र को निर्देश दिया कि वो सभी आपने अपने संबंधित पंचायत में सुयोग्य किसानों को चिन्हित करते हुए उनका आवेदन नजदीकी सीएससी सेंटर जाकर अपना पंजीकरण करा लेंगे। इसी क्रम में कार्यशाला में उपस्थित प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी द्वारा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया कि खरीफ वर्ष 2025 में अगहनी धान एवं भदई मकई हेतु किसानों का प्रीमियम का हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलों में रखी फसल को चक्रवात बेमौसम चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान किया जाएगा। योजनांतर्गत शामिल होने वाले ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जाएगा। गैर ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा, कोऑपरेटिव सोसायटी, प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल बीमा करा सकते हैं। गैर ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुआई संबंधित दस्तावेज देकर अपना पंजीकरण करा सकते है। पंजीकरण का अंतिम तिथि 31 जुलाई है। कार्यशाला में मुख्य रूप से सभी पंचायत के पंचायत सचिव, जनसेवक, कृषक मित्र, वीएलई एवं बीमा कंपनी की ओर से अभय चंद्रा जिला प्रतिनिधि एवं उत्तम कुमार दास प्रखंड समन्वयक इत्यादि उपस्थित थे।

## महिला के साथ मारपीट, आरोपी गया जेल

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पानी लेने के विभाग में मारपीट के आरोप में थाना पुलिस में मुड़ भंगा गांव के प्रकाश हेंब्रम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में घायल महिला के फुलमुनी सोरेन के पति हरि शंकर हेंब्रम के बयान पर आरोपी के खिलाफ मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्राथमिकी के अनुसार फुलमुनी गांव में लगे सरकारी चापानल से पानी ले रही थी। इस दौरान आरोपी ने मना किया लेकिन फुलमुनी पानी लेने लगी। आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह जख्मी हो गई।

## दो घरों से नगदी, कपड़े सहित हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति की चोरी

**जरमुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरमुंडी थाना क्षेत्र के अंबा गांव में बीती रात दो घरों में चोरी की घटना सामने आई। सुशील कुमार झा और कैलू पंडित के घर में चोरों ने



चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बीती रात कैलू पंडित के परिवार के सभी सदस्य नए घर में ताला लगाकर पुराने घर में सोए थे, वहीं सुशील कुमार झा भी अम्बा के अपने नए मकान में ताला लगाकर बासुकीनाथ स्थित अपने पुराने घर में थे। सुभाष पंडित को सुबह चार बजे अपने घर में चोरी की घटना का पता चला। चोरों ने घर के बाहर लगे ताला को तोड़कर प्रवेश कर घर में रखे नगदी, दो गुल्लक में रखे पैसे, कपड़े सहित करीब 25 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। वहीं कैलू पंडित के घर से सटे सुशील झा के घर में किसी के नहीं रहने का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर के बाहरी व अंदर के कमरों का ताला तोड़कर घर के पलंग, गोदरेज, फ्रिज को क्षतिग्रस्त कर घर में रखा चांदी का पायल, उपहार सामग्री, राशन, दो नए बेडशीट सहित करीब 20 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। गृहस्वामी द्वारा मामले की जानकारी जरमुंडी थाना को दी गयी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर मयूराक्षी कला मंच में ब्रीफिंग आयोजित



**जरमुंडी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय श्रावणी मेला के तीसरी सोमवारी एवं मंगलवार को श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए बासुकीनाथ धाम स्थित मयूराक्षी कला मंच में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ओपी प्रभारियों से उनके क्षेत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा आ रही समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखें एवं आवश्यकता अनुसार त्वरित निर्णय लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु दर्शन व्यवस्था जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उपायुक्त ने निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में भीड़ एकत्रित न हो, इसके लिए सभी चेक पॉइंट्स पर विशेष निगरानी रखी जाए। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर अलर्ट मोड में रहें तथा किसी भी असामान्य गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई करें। भीड़ नियंत्रण हेतु बैरिकेडिंग, दिशा-निर्देशक साइनेज, मॉनिटरिंग सिस्टम को सुदृढ़ बनाए रखने एवं नियंत्रण कक्ष के माध्यम से समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया। शिवगंगा, रूट लाइन एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखने की बात कही गई। हंसडीहा के रास्ते बड़ी संख्या में डाक बम के आगमन की संभावना को देखते हुए वाहन नियंत्रण पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने सभी सुरक्षा बलों को संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग दिया जाए ताकि वे बासुकीनाथ से एक सकारात्मक अनुभव लेकर लौटें। उन्होंने श्रद्धालुओं के प्रति सौम्य एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, सहायक समाहर्ता, प्रशिक्षु आईएफएस, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, सभी ओपी प्रभारी, जोनल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# कोयला डंपिग यार्ड हटाने की मांग जारी

## बीमार महिला ने कहा हटाने का पहल नहीं हुआ तो करेंगे वोट बहिष्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** दुमका के रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड हटाने की मांग को लेकर दो वर्षों से लगातार चल रहे धरना प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भी स्टेशन परिसर के समीप धरना प्रदर्शन कर लोगों ने अपना विरोध प्रकट किया। धरनार्थियों ने साफ साफ कहा कि एक वर्ष हो या दस वर्ष जब तक दुमका रेलवे स्टेशन से कोयला रैक नहीं हटाया जाएगा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। गौरतलब है कि कोयला रैक हटाने की मांग को लेकर कुछ दिनों पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डांडेल को भी आंदोलनकारियों ने ज्ञापन सौंपा और यहां से कोयला रैक हटाने के लिए अनुरोध किया था। यहां उल्लेखनीय है कि धरना प्रदर्शन में डस्ट से परेशान स्थानीय महिला मंजू गुप्ता ने कहा कि प्रशासन यहां से अविलंब कोयला रैक हटाए अन्यथा हमलोग वोट बहिष्कार का भी निर्णय लेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मंजू गुप्ता हृदय रोग से पीड़ित हैं और कोयला डस्ट ने उन्हें और बिमार बना दिया है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि उनके घर में इतना डस्ट रहता है कि उसे साफ करना मुश्किल हो जाता है। बिमार होने के कारण उनसे यह काम नहीं हो रहा है। अतः उनकी सिर्फ एक ही मांग है कि दुमका रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड को स्थांतरित कर कहीं अन्यत्र शिफ्ट किया जाए। यहां बताते चलें कि पूर्व में रेलवे स्टेशन परिसर में ही धरना प्रदर्शन किया जा रहा था लेकिन अचानक धरनार्थियों पर मामला दर्ज कर दवाब बनाया गया। लेकिन अब धरनार्थी स्टेशन परिसर के बाहर ही प्रदर्शन करने लगे। इस मामले में धरनार्थी स्थानीय प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों को भी कोस रहे हैं। बता दें कि दुमका रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड का असर आस पास के ग्रामीणों के साथ साथ नौनिहालों पर भी पड़ रहा है। कोयला डस्ट से दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, राजकीय पालीटेक्निक, आईटीआई, एसपी कॉलेज, बेथेल मिशन, एएन कॉलेज सहित दर्जनों कोचिंग सेंटर में बच्चे पढ़ते हैं जिस पर डस्ट से बूरा प्रभाव पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन में रवि शंकर मंडल, संजय मंडल, विष्णु यादव, विमल मरांडी, गोवर्धन मंडल, अभय गुप्ता, डिस्को मंडल ,छोटन शर्मा ,मिक्कू यादव, रिंकू यादव, लालटू दे, संजीव वर्मा, षष्ठी दे, मनोज कुमार, एनएन कुमार, श्याम कापरी, आकाश यादव, प्रदीप शर्मा के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा द्वारा भव्य बाल कावड़ यात्रा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा द्वारा रविवार को भव्य बाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में छोटे-छोटे बाल कावड़ियों ने छोटी ठाकुरबाड़ी मंदिर में बाबा को जल चढ़ाया, फिर वहां सभी बच्चों का तिलक किया गया। शाखा की संरक्षिका रिंकू मोदी ने कावड़ यात्रा में छोटे-छोटे बच्चे बाल कावड़ अपने कंधों पर लेकर नगर भ्रमण करते हुए, झूमते हुए, नाचते गाते हुए दादी श्याम मंदिर में जलार्पण किए। इस आयोजन में कई जगहों पर बच्चों को जूस, फल, चॉकलेट वितरण किया गया। दादी श्याम मंदिर में जलार्पण के बाद बाबा की महाआरती की गई। उसके बाद सभी भक्तों को अल्पाहार कराया गया और प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में मारवाड़ी युवा मंच, श्री श्याम सेना, कृष्ण सखा मंडल और दादी श्याम मंदिर ने भरपूर सहयोग किया। इन संस्थाओं के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन समिति में शाखा की संरक्षिका रिंकू मोदी, संयोजिका प्रीति भालोटिया, पूजा मोदी, आयोजन प्रमुख अंजना भुवानिया, अध्यक्ष मानसी मोदी, सचिव किरण भालोटिया, उपाध्यक्ष ज्योति खेड़िया आदि शामिल थी। प्रेरणा शाखा द्वारा बाल कावड़ यात्रा का आयोजन तीसरा बार किया गया। आयोजन में प्रेरणा शाखा के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## एबीवीपी ने विधायक डॉ लोइस मरांडी को सौंपा ज्ञापन, किया राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को स्वीकृति नहीं देने का अनुरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को जामा विधायक डॉ लोइस मरांडी से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में एबीवीपी ने राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को स्वीकृति नहीं देने का अनुरोध किया है। एबीवीपी ने विधेयक में कुलपति की नियुक्ति और विश्वविद्यालय के संचालन से संबंधित प्रस्तावित प्रावधानों पर विरोध जताया है। परिषद का कहना है कि विधेयक में प्रस्तावित प्रावधान विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, अकादमिक स्वतंत्रता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं। नगर सह मंत्री विशाल गुप्ता ने कहा कि यदि यह विधेयक लागू होता है, तो इससे उच्च शिक्षा का राजनीतिकरण बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विवि में कुलपति की नियुक्ति योग्यता और अनुभव के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक हस्तक्षेप से। एबीवीपी ने राज्य सरकार की क्षमता पर भी सवाल उठाया है। परिषद ने कहा कि यदि राज्य सरकार जेएसएससी और जेपीएससी को बेहतर ढंग से संचालित नहीं कर पा रही है, तो यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वह विवि और प्रो-वीसी की नियुक्ति कैसे कर पाएगी। परिषद ने कहा कि ऐसी सरकार से हमें कोई उम्मीद नहीं है। इसलिए एबीवीपी ने जामा विधायक से अनुरोध किया है कि वे राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को स्वीकृति न दें और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और अकादमिक स्वतंत्रता की रक्षा करें। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, नगर सह मंत्री विशाल गुप्ता, विवेक धर, आदित्य जोशी, नगर कार्यालय मंत्री सुमित यादव, सोशल मीडिया प्रमुख

## महागामा में हुआ प्रभात मंत्र अख़बार का लॉन्चिंग, निष्पक्ष पत्रकारिता को मिलेगा नया विस्तार



**महागामा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए प्रभात मंत्र दैनिक अख़बार का औपचारिक रूप से महागामा में लॉन्चिंग किया गया। यह अख़बार पहले से ही दुमका और राँची से प्रकाशित होता रहा है और अब गोड्डा जिले में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुका है।लॉन्चिंग कार्यक्रम में प्रभात मंत्र के गोड्डा जिला अध्यक्ष एवं ब्यूरो चीफ मनोज कुशवाहा के नेतृत्व में विस्तार की योजना को साझा किया गया। उन्होंने बताया कि अख़बार का उद्देश्य निष्पक्ष और जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता को गांव-गांव तक पहुंचाना है।इस अवसर पर प्रभात मंत्र के रिपोर्टर शशि कुमार, विश्वजीत कुमार, बासु कुंवर, ज्ञानदीप सिंह और सावन रामानी उपस्थित रहे। सभी पत्रकारों ने गोड्डा में पत्रकारिता के नए आयाम गढ़ने की प्रतिबद्धता जताई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि %प्रभात मंत्र% न केवल खबरों को त्वरित रूप से जनता तक पहुँचाएगा, बल्कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों की आवाज़ भी बनेगा।

## कोषांग की बैठक में 5 मामलों का हुआ निष्पादन



**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** परिवारवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन के लिए रविवार को महिला थाना में थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग की अध्यक्षता में महिला को संघ की बैठक हुई। बैठक में सदर एसडीपीओ विजय कुमार महतो उपस्थित थे। दोनों पक्ष की उपस्थिति में पांच मामलों का निष्पादन किया गया। सुलह किए गए मामलों में मकलु किस्कू और बेंजामिन मरांडी, शांति देवी और सुजीत कुमार मंडल, संगीता देवी और मालती देवी, फूल मुर्मू और सोमोन सोरेन तथा रानी देवी और सुनील कुमार का मामला शामिल था। कोषांग की बैठक में डॉ मनोज कुमार घोष, बिना सिंह, डॉ बबीता अग्रवाल, डॉ कुमार प्रभात आदि उपस्थित थे।

## युवाओं की टोली डाक बम के लिए सुलतानगंज रवाना



**जामा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामा प्रखंड अंतर्गत वेदिया पंचायत के चुटोनाथ धाम से नव युवक समिति चुटोनाथ के एक दर्जन सदस्य रविवार को डाक बम के लिए रवाना हुए। सभी डाक बम उतरवाहिनी गंगा सुल्तानगंज से जल उठाकर सावन के तीसरे सोमवार को बैधनाथ धाम देवघर में बाबा पर जल अर्पित करेंगे। इसके बाद बासुकिनाथ व चुटोनाथ धाम में भी जल चढ़ायेंगे। डाक कांवरिया को 24 घंटे में बाबा पर जल अर्पित करने की परंपरा है। डाक कांवरिया में संजय राय, विष्णु राय, अमन मिर्धा, राहुल राय, चिका राय, पूनम कुमारी, अलका कुमारी, पिंकी कुमारी, एका कुमारी, सुभाषी देवी, गोवर्धन राय, दिनेश राय, बलराम राय, अभिषेक राय आदि शामिल हैं।

## चोरों का आतंक : छह घरों को बनाया निशाना, जेवरात सहित नकद तीन लाख रूपये हुई चोरी

**मसलिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के रानीघाघर गांव में शुक्रवार की बीती रात को छह घरों में ताला तोड़कर जेवरात सहित तीन लाख रुपये चोरी करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के रानीघाघर गांव के भगीरथ पाल के आभुषण की बंद दुकान से ताला तोड़कर नकद पांच हजार रूपये के अलावा सोने के गहने, चुड़ियां, पीतल की थाली सहित अन्य आभुषण चोरी कर ली। जिसका अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये है। वहीं गांव के उज्ज्वल कुमार दास के दुकान की ताला तोड़कर 70 हजार रूपये चोरी की है। साथ ही गांव के असीम कुमार पाल, कांचन कुमार पाल के घर में भी चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया था। लेकिन घरवालों जगे रहने के कारण चोरी नहीं कर पाया है। गांव के अशोक मंडल के टैक्टर को भी घर से कुछ दूरी पर ले जाने के बाद गाड़ी को छोड़कर चोर भाग गया। रानीघाघर गांव में चोरी हो जाने के बाद भी पीड़ित व्यक्ति के द्वारा मसलिया थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। जिस कारण मसलिया थाना के पुलिस द्वारा अभी तक चोरी का मामला दर्ज नहीं किया गया है। मसलिया पुलिस ग्रहण छानबीन में जूट गयी है।

## खिड़की उखाड़कर लाखों रूपये की चोरी

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरैयाहाट थाना क्षेत्र सरवाधाम गांव के जवाहर प्रसाद यादव के घर चोरों ने खिड़की उखाड़कर जेवरात व नगदी सहित लाखों रुपए की चोरी कर की। पीड़ित के द्वारा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। आवेदन के अनुसार वह सावन में डियूटी में जरमुंडी गया था। चोरी की खबर सुन वह घर आया तो देखा कि घर के खिड़की को उखाड़कर कमरे में रखे बक्सा का ताला तोड़कर चोरों ने जेवरात, कपड़े व 20 हजार रुपए नगद सहित करीब 3 लाख 60 हजार रुपए की सम्पत्ति चोरी हुई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# जनमत से जुड़कर इंटर्नशिप कर रहे हैं देहरादून लॉ के छात्र आदर्श झा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट्स ऑफ इंडिया देहरादून के विधि इंटर्नशिप के छात्र आदर्श झा दुमका में जनमत शोध संस्थान के साथ जुड़कर इंटर्नशिप कर रहे हैं। इसके तहत फिल्ड वर्क के माध्यम से विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के जरिए व्यहारिक ज्ञान व अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। साथ युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षित भी कर रहे हैं। जनमत शोध संस्थान के सचिव अशोक सिंह के सहयोग, संरक्षण व मार्गदर्शन में इंटर्नशिप लॉ के छात्र आदर्श झा ने अपने एक महीने के इस इंटर्नशिप के तहत जहां एक ओर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में जाकर युवा छात्र छात्राओं को कानूनी साक्षरता, डीजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता अर्थात लीडरशिप डेवलपमेंट, लाइफ स्कील एजुकेशन, कम्युनिकेशन स्किल, डिसिजन मेकिंग आदि से संबंधित प्रशिक्षण देकर युवाओं को सशक्त व जागरूक कर रहे है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उनके अधिकार एवं सशक्तिकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही मानव तस्करी, डायन हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह, घरेलू हिंसा और कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न तथा उसके लिए बने विभिन्न कानूनों की जानकारी से संबंधित प्रशिक्षण देने का कार्य भी कर रहे हैं। जनमत की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रभा सोरेन ने जानकारी देते हुए कहा कि आदर्श झा ने जुलाई प्रथम सप्ताह से लेकर अब तक जहां एक ओर जामा प्रखंड के लकरजोरिया, लखनपुर और दुमका प्रखंड के अंदीपुर, पुराना दुमका, रसिकपुर आदि क्षेत्रों में महिलाओं एवं युवाओं को संबंधित विषय वस्तु पर प्रशिक्षण दे चुके हैं, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय प्लस टू जिला स्कूल, लाल बहादुर शास्त्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुमुहानी दुमका, वेस्टर्न इंग्लिश स्कूल, ग्रीन माउंट एकेडमी एवं यूनिवर्सल कोचिंग इंस्टीट्यूट दुमका में युवा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दे चुके हैं। उसी कड़ी में कुछ और विद्यालयों एवं संस्थानों में उनका प्रशिक्षण प्रस्तावित है जो इस महीने के अंत तक पूरा कर लेंगे। आदर्श झा ने अपने इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जहां एक ओर बच्चों विशेष कर युवाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराना, साथ ही आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल और निर्णय लेने की क्षमता को सुदृढ़ करना है। वहीं संबंधित विषय वस्तु पर लोगों को सशक्त व जागरूक करना भी है। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक सत्र में इंटरएक्टिव केस स्टडी, रोल-प्ले, सवाल जबाव और ग्रुप डिस्कशन आदि गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक उदाहरणों और नेतृत्व संबंधी गतिविधियों से जोड़कर आधुनिक शिक्षा, जीवनोपयोगी व्यहारिक शिक्षा को रोचक एवं प्रभावी तरीके बताने का प्रयास किया गया, जो छात्र छात्राओं के अनुसार बहुत ही महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित हुआ।

जनमत के सचिव अशोक सिंह ने आदर्श झा के बारे में कहा कि आदर्श झा बहुत ही एक्टिव, जानकार और सुलझे हुए छात्र हैं। जिन्होंने जनमत से जुड़कर सफलतापूर्वक अपना इंटर्नशिप पूरा किया है। आशा है यहां लौटकर वे अपने विश्वविद्यालय में बेहतर तरीके से अपना प्रजेंटेशन देंगे। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन ने हमारे संस्थागत कार्य क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं में सकारात्मक सोच व नई ऊर्जा जगायी है। कार्य के प्रति उनका समर्पण और नवोन्मेषी शिक्षण प्रशिक्षण देने के तरीके दीर्घकालीन परिणाम लाएंगे। इस पहल से दुमका क्षेत्र के सैकड़ों छात्र-छात्राएं और ग्रामीण महिलाओं ने लाभ उठाया जो उनके जीवन और केरियर के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित होगा।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

साहिबगंज

दुमका, सोमवार, 28 जुलाई 2025| पेज 4


## विधायक निसात आलम की पहल पर टोटो चालकों के लिए लगाया गया विशेष लाइसेंस कैंप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड के तीन पहिया वाहन चालकों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। पाकुड़ विधायक निसात आलम के प्रयासों से प्रखंड मुख्यालय में एक विशेष लाइसेंस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में चालक अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकेंगे तथा वाहनों के रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज भी दुरुस्त करा सकेंगे। यह विशेष शिविर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। डीटीओ ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से उन चालकों के लिए फायदेमंद होगा, जिनके पास अब तक वैध लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन दस्तावेज नहीं हैं।

**20 जुलाई से चलाया जा रहा है सघन जांच अभियान**

डीटीओ मिथिलेश चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी के बाद पिछले 20 जुलाई के बाद से पूरे जिले में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिन चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस या वाहन का पंजीकरण नहीं रहने पर उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आवश्यक कागजात नहीं होने की स्थिति में एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है। वाहन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से कराएं। ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

**विधायक निसात आलम की अपील :-** विधायक निसात आलम ने तीन पहिया चालकों से अपील करते हुए कहा, ÷बिना रजिस्ट्रेशन और बिना लाइसेंस के वाहन चलाना एक कानूनी अपराध है। सभी चालक इस विशेष कैंप का लाभ उठाएं और अपने दस्तावेजों को वैध बनवाएं। यह शिविर आपकी सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है। इस विशेष पहल से बरहरवा क्षेत्र के सैकड़ों चालकों को राहत मिलेगी और उन्हें भविष्य में कानूनी कार्रवाई से भी बचाया जा सकेगा।

## नाबालिक छात्रा के साथ अधेड़ पर यौन शोषण का आरोप, पीड़िता हुई गर्भवती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की नाबालिग छात्रा के साथ यौन शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक अधेड़ ने बहला-फुसलाकर लगभग तीन महीने तक छात्रा के साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता नौंवी कक्षा की छात्रा है और पिछले कुछ समय से शारीरिक व मानसिक रूप से अस्वस्थ महसूस कर रही थी। परिजनों को शक होने पर जब पूछताछ की गई तो पूरी घटना का खुलासा हुआ। छात्रा ने बताया कि आरोपी उसे घर बुलाकर खेलकूद के बहाने पास बुलाता था और फिर बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। विरोध करने पर धमकी दी जाती थी कि किसी को बताने पर उसे और उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने मुफस्सिल थाने में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष है और बालिकाओं की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़िता को चिकित्सकीय जांच के लिए भेजा गया है और थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सिद्धो-कान्हू सभागार में नवनियुक्त चौकीदारों को मिली उनके कर्तव्य-अधिकार पर प्रशिक्षण, प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों ने बताया उनके दायित्वों को

## जिला प्रशासन ने शिक्षित व तकनीकी समझ रखने वाले चौकीदारों का किया है नियुक्ति : डीडीसी







प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय स्थित सिदो कान्हू सभागार में रविवार को जिले के नवनियुक्त चौकीदारों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता डीडीसी सतीश चंद्रा ने की।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त चौकीदारों को उनके कर्तव्यों, अधिकारों, प्रशासनिक संरचना में भूमिका और विधि व्यवस्था से जुड़े दायित्वों की जानकारी देना था। यह कार्यक्रम चौकीदारों को पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ाकर एक मल्टी टास्किंग, तकनीकी रूप से दक्ष सहयोगी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

डीडीसी ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने शिक्षित और तकनीकी समझ रखने वाले चौकीदारों की नियुक्ति की है।

अब चौकीदार केवल चौकीदारी नहीं करेगा, बल्कि कंप्यूटर संचालन, सूचना संग्रहण, रिपोर्टिंग और प्रशासनिक आदेशों के अनुपालन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चौकीदारों से मल्टीटास्किंग कार्य लिया जाएगा। वे शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने चौकीदारों को प्रशासन की आंख और कान बताते हुए जिम्मेदारियों के प्रति ईमानदारी, सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की।

कार्यशाला में मौजूद सभी वरीय पदाधिकारियों ने एक-एक कर नवनियुक्त चौकीदारों को संबोधित किया। उन्होंने अपने-अपने विभागीय अनुभवों को साझा करते हुए चौकीदारों को विधि व्यवस्था, ग्राम सुरक्षा, सूचना रिपोर्टिंग, जनता से संवाद, एवं योजना क्रियान्वयन के लिए उपयोगी दिशा निर्देश दिए। कार्यशाला में चौकीदारों को यह भी समझाया गया कि वे गांव की सूचना तंत्र का आधार हैं, इसलिए उनका सजग रहना प्रशासन की त्वरित कार्यवाही के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण के समापन पर चौकीदारों से सीधा संवाद स्थापित किया गया।

इस दौरान डीडीसी ने अपने विचार साझा किए और प्रशिक्षण से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चौकीदारों ने भरोसा दिलाया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ करेंगे। कार्यक्रम का समापन सभी चौकीदारों द्वारा ईमानदारीपूर्वक सेवा की शपथ के साथ हुआ।

मौके पर सामान्य शाखा प्रभारी सुनीता किस्कू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, सदर एसडीओ अमर जॉन आइंद, राजमहल एसडीओ सदानंद महतो, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी, राज्य कर पदाधिकारी अमीन अंसारी तथा जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## किसान यूनियन ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन से किसानों की समस्याओं का निदान करने का किया मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट के मैदान में रविवार को भारतीय हलधर किसान यूनियन की बैठक हुई। अध्यक्षता लक्ष्मण यादव ने की। बैठक में संगठन मजबूती को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान कई किसानों ने बारी बारी से अपनी समस्या को रखा। किसानों ने बताया कि कृषि लोन सरकार के द्वारा माफ करने के बाबजूद बैंक से किसानों को नोटिस जारी किया जाता है। बैठक मे किसानो ने एक स्वर मे कहा बैंक नोटिस भेजना बंद करें। वहीं बैठक मे सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर किसानों ने सरकार से मांग किया है कि जमीन का लगान रशीद काटना बंद हैं, इसे सरकार जल्द काटने का काम शुरू करें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2018 एवं 2019 का भुगतान की दिशा में अविलंब कार्रवाई कर लाभुक किसान को भुगतान करें। वही जिला अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना राशि वर्ष 2021 से 2024 तक किसानों को आज तक भुगतान नहीं किया गया है, तो जांचोपरांत भुगतान किया जाय। श्री यादव ने कहा कि वर्तमान में दियारा क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। किसानों को बाढ़ से बचाव के लिए राहत देते हुए पशुओं को चारा की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बाढ़ प्रभावित किसान परिवारों को रिलीफ व अनुदान प्रदान करें। वही मिडिया प्रभारी बच्चन कुमार पाठक ने कहा कि बाढ़ से बदई फसल का नुकसान हुआ है। सरकार इसका फसल बीमा शीघ्र कराने का निर्णय लें। श्री पाठक ने कहा कि किसानों को खेती करने के लिए केसीसी ब्याज मुक्त राशि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वहीं किसान अजय कुमार यादव ने किसानों के यूनियन की मजबूती पर काम करने की बात कही। श्री यादव ने कहा कि किसान अन्नदाता है, परंतु इनकी स्थिति पर सरकार की योजना नहीं पहुंच पाती है। ऐसी स्थिति में पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार की बात कही गई। इसपर जिला कमिटी ने अपनी सहमति दी। किसानों की अगली बैठक 24 अगस्त को करने का निर्णय लिया गया। मौके पर शंकर प्रसाद यादव, रामाशीष यादव, रामप्रवेश यादव, मन्नू प्रसाद यादव, उमेश कुमार यादव, महेश पांडे, अजय कुमार यादव, विनोद यादव, बच्चन कुमार पाठक, चंद्रमा प्रसाद यादव, रुदल यादव, भरत पांडे, गणेश प्रसाद चौधरी, छोटेलाल चौधरी, शंकर रविदास, दिनेश कुमार ओझा, जवाहर ठाकुर, राम सिहासन यादव, हीरालाल पंडित, चीनू मंडल, बास्की नाथ चौबे, सुरेश मंडल,मनोज कुमार शाह, रामनाथ महतो, ललिता कुमारी, ममता कुमारी, हृदय नारायण सिंह, फुलवंती कुमारी, शिवनाथ महतो, सीताराम मंडल, दामोदर मंडल, चंद्रशेखर सिंह सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

## साहिबगंज : जीएसटी-टीडीएस पर पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण





प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धो-कान्हू सभागार में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत टीडीएस विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला रविवार को हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता डीडीसी सतीश चन्द्रा ने की। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के विभागीय पदाधिकारियों को जीएसटी, टीडीएस प्रावधानों की जानकारी देना एवं राजकोषीय अनुशासन व पारदर्शिता को और सशक्त बनाना था। कार्यशाला में राज्य कर पदाधिकारी अमीन अंसारी ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने टीडीएस की अवधारणाओं, अधिसूचना लागू करने की शर्तें, कर कटौती की सीमा, भुगतान की समय-सीमा, जीएसटीआर 7 रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, जीएसटीआर 7 ए, प्रमाणपत्र प्राप्त करने की व्यवस्था, तथा विलंब शुल्क व दंड संबंधी प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि 1 नवंबर 2024 से, जीएसटीआर 7 रिटर्न को क्रमानुसार दाखिल करना अनिवार्य हो गया है, भले ही उस माह कोई कटौती न की गई हो। मौके पर पर सामान्य शाखा प्रभारी सुनीता किस्कू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, सदर एसडीओ अमर जॉन आइंद, राजमहल एसडीओ सदानंद महतो, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी, राज्य कर पदाधिकारी अमीन अंसारी तथा कई थाना प्रभारी मौजूद थे।

## बरहरवा रेल थाना पुलिस ने फरार आरोपी विप्लव घोष के घर पर चिपकाया इश्तिहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** बरहरवा रेल थाना पुलिस ने कांड संख्या 12/25 का फरार मुख्य आरोपी विप्लव घोष के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित घर पर इश्तिहार चिपकाया।

इस मामले में रेल थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद ने बताया कि बरहरवा रेल थाना में जाली नोट मामले में कांड संख्या 12/25 दिनांक 14/4/25 धारा 179, 180, 318(4), 338, 3(5), 61(2) बीएनएस में फरार प्राथमिकी अभियुक्त विप्लव घोष उर्फ विपदा, पिता विश्वनाथ घोष उर्फ विशु घोष, ग्राम काशीनगर पोस्ट बनियाग्राम, थाना फरक्का, जिला मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) के घर पर विधिवत इश्तिहार अभियुक्त के घर के मुख्य द्वार पर चिपकाया गया। इस मौके पर रेल थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद, एसआई बुद्धेश्वर उरांव, एसआई कृष्ण चन्द्र गगराई, आरक्षी राजेश चौहान मुख्य रूप से मौजूद थे।

सिद्धवी फाउंडेशन के द्वारा नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर का किया भव्य आयोजन

## कांवरिया सेवा शिविर का तीनपहाड़ थाना प्रभारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तीनपहाड़ :** कांवरियों की सेवा के लिए बीते शनिवार की देर रात तीनपहाड़ इंटर कॉलेज के समीप सिद्धवी फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क कांवरिया सेवा शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने विधिवत फीता काट कर किया। शिविर में बोल बम जाने वाले भक्तों के लिए भव्य भंडारा का आयोजन फाउंडेशन के द्वारा किया गया था। जिसमें खाने पीने सहित उपचार की उत्तम व्यवस्था की गई थी। बताते चले की सावन माह के तीसरे सोमवार को बरहेट के शिवगादी स्थित बाबा गजेश्वरनाथ धाम जिसको मिनी बाबा धाम के नाम से भी जाना जाता है कांवरिया बाबा के दर्शन कर जलार्पण के लिए राजमहल की पावन धरती से गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए कावरियों का जत्था काजीगंव,पडरिया,बभनगामा मोड,तीनपहाड़ बैंक मोड, सगडभंगा ,धौगड़ा पहाड़ होते हुए शिवगादी पहुंचते है और बाबा गजेश्वरनाथ की दर्शन कर जल चढ़ाते है।वही कांवरिया सेवा शिविर के इस भव्य आयोजन में सेवा देने के लिए मुख्य रूप से सिद्धवी फाउंडेशन के अध्यक्ष सिद्धार्थ उर्फ बल्ला यादव एवं चंदन श्रीवास्तव, अजय सोनी, राहुल यादव सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

## मालदा डीआरएम ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन में चल रहे कार्यो का लगाया निरीक्षण

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष गुप्ता ने रविवार को भागलपुर से बरहरवा रेलखंड के बीच विंडो निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साहिबगंज रेलवे स्टेशन का भी विंडो निरीक्षण किया। यहां साहिबगंज में उनका स्पेशल सैलून करीब पांच मिनट तक रुकी। इस दौरान डीआरएम ने स्टेशन प्रबंधक समेत रेल अधिकारियों से अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यो की जानकारी लिए। उक्त कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया है इस मौके पर मुख्य रूप से साहिबगंज रेलवे के सहायक अभियंता वेदव्यास शरण, रेलवे स्टेशन प्रबंधक हर्षराज पाठक, आरपीएफ कमांडेंट गुलाम सर्वर समेत आदि थे।

## रेलवे स्टेशन के पास घायल अवस्था में पड़ा रहा युवक, राहगीरों ने कराया भर्ती

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साहिबगंज रेलवे स्टेशन के पास घायल अवस्था मे पड़े एक युवक को राहगीरों ने रविवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक असम के रहने वाले समीर अली का पुत्र मैरुद्दीन शेख (35) है। जानकारी के मुताबिक घायल अवस्था में साहिबगंज रेलवे स्टेशन के पास काफी देर तक पड़ा रहा। राहगीरों की नजर पड़ने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल के चेहरे व सिर में चोट लगी है। वही आरपीएफ व रेल पुलिस को इस संबंध में कोई जानकारी नही है। इधर, घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## वार्षिक महोत्सव में दसवीं बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में शामिल छात्रों के अभिभावकों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के संत जेवियर हाइ स्कूल हिन्दी मीडियम का 20 वां वार्षिक पुरुस्कार व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को विद्यालय परिसर के ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि सदर एसडीओ अमर जॉन आइंद सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि संत जेवियर स्कूल बखूबी बच्चों के अंदर सर्वांगीण विकास का गुण भर रहा है। बच्चों को अपने माता-पिता व अभिभावक से बेवजह डिमांड नहीं करना चाहिए। माता-पिता काफी मेहनत से बच्चों की जरूरतों को पूरा करते हैं। बच्चे ईमानदारी से पढ़ाई करते हैं तो निश्चित रूप से सफलता हाथ लगती है। ईमानदारी से किया गया परिश्रम में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। विद्यालय के प्राचार्य फादर अग्नशस ने वीडियो क्लिप दिखाकर अभिभावकों को बताया कि मोबाइल से बच्चों को दूर रखे। आज के समय में बच्चे मोबाइल में चिपक गए हैं और अपने भविष्य की चिंता उन्हें नहीं है। बच्चों का भविष्य अगर चाहते हैं तो बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। स्कूल में बच्चा बिना मोबाइल का ही रहे, मोबाइल आज के समय में जितना बच्चों के लिए लाभकारी है, उससे अत्यधिक विनाशकारी साबित हो रहा है। वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने झारखंड व छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत की। वही मुख्य अतिथि ने कक्षा 6 से 9 तक के रोल ऑफ ऑनर, रोल ऑफ मैरिट के छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय के 132 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि वशिष्ठ अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। दसवीं परीक्षा में टॉप 10 स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता को भी विद्यालय की ओर से अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ आरसी पंडित, उमाशंकर सिंह, योगेश यादव, शुभम तिवारी, सिस्टर ग्रेसी, शिक्षक शिवेश झा, एथलेटिक्स कोच योगेश यादव सहित विद्यालय के शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप फुटबॉल में जिला की बालक टीम को मिला तीसरा स्थान



प्रभात मंत्र संवाददाता


**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से 25 से 27 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट रांची के बीआईटी मेसरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के फुटबॉल ग्राउंड में हुआ। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले के राजमहल के मुंडली स्थित संत जॉन बर्कमन्स मध्य विद्यालय की बालक टीम ने सरायकेला, देवघर व रामगढ़ को पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंची थी। हालांकि उसे गुमला से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन तृतीय स्थान के लिए हुए मैच में पुनः दुमका को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट में सभी 24 जिले की टीम भाग ले रही थी। मुंडली स्थित संत जॉन बर्चमन्स मध्य विद्यालय के टीम सदस्य साहिल किस्कू, उदय सोरेन, मुंसी मरांडी, सुफल सोरेन, आलोक तिग्गा, ओम प्रकाश बेसरा, सुमित तिर्की, चार्ल्स मुर्मू, कुंजल हेंब्रम, फांसिस मुर्मू, अल्फास टुडू, अविनाश हांसदा, टीम कोच - विकास किस्कू , ऑलिव कुसुम बाड़ा टीम, मैनेजर- सुजीत मल्लिक । विजेता खिलाड़ियों को डीसी हेमंत सती, डीडीसी सतीश चंद्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जेओए सदस्य राजेश यादव, कल्याण प्रसाद श्रीवास्तव, संतोष उर्फ टिंकू, कोच योगेश यादव, अशोक कुमार, प्रकाश सिंह बादल,अनिल रजक, शेखर वर्मा,कमरूल होदा, अनिल टुडू, राजा राम मरांडी, ज्योति पन्ना, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, विद्यालय के प्राचार्य समेत जिले के खेल प्रेमियों नेसभी को बधाई दी है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालय : बगानपाड़ा, पोखराचौक, वार्ड नं0 - 10, दुमका, थाना - दुमका नगर, जिला - दुमका 814101, संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

# पियादापुर में 726 ग्राम गांजा के साथ मकान मालिक गिरफ्तार

## दो इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, प्लास्टिक पैकेट व 2920 रुपए कैश बरामद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** एसपी निधि द्विवेदी की पूरी टीम गैर कानूनी धंधा चलाने वालों के नाक में दम कर रखा है।अवैध धंधों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। लॉटरी से लेकर ड्रग्स और गांजा जैसे गैरकानूनी धंधों का भंडाफोड़ हो रहा है। इसी बीच पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है।एसपी निधि द्विवेदी को गुप्त सूचना मिलने के बाद नगर थाना क्षेत्र के पियादापुर में एक घर में छापेमारी कर गांजा के अवैध धंधे का पर्दाफाश किया है।नगर थाना प्रभारी प्रयाग दास ने अपनी टीम के साथ छापेमारी कर 726 ग्राम गांजा बरामद किया है। इस दौरान धंधा चलाने वाले मकान मालिक दुलाल रविदास को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एसपी निधि द्विवेदी ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों से पूरी जानकारी साझा किया। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिल रही थी कि नगर थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से गांजा का व्यापार किया जा रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया। इस छापेमारी टीम में दंडाधिकारी के रूप में बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू शामिल थे। नगर थाना प्रभारी प्रयाग दास ने टीम का गठन कर अवैध गांजा की खरीद बिक्री और भंडारण करने वाले अपराध कर्मियों के विरुद्ध छापेमारी के लिए विशेष अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि 25 जुलाई को विशेष अभियान में पियादापुर के बेलडांगा स्थित दुलाल रविदास नामक व्यक्ति के घर में गांजा के व्यापार की जानकारी मिली। इसके बाद टीम दुलाल रविदास के घर में छापेमारी कर 726 ग्राम गांजा बरामद किया गया।एसपी ने बताया कि गांजा के व्यापार में संलिप्त दुलाल रविदास को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में नगर थाना में कांड संख्या 203/2025 धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि मामले का अनुसंधान जारी है। इस धंधे में गिरफ्तार दुलाल रविदास ने अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है। एसपी ने बताया कि गांजा के व्यापार में और भी कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं।जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। एसपी ने बताया कि छापेमारी में घर से दो इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन बरामद हुए हैं।

इनमें एक छोटा और एक बड़ा इलेक्ट्रोनिक वेट मशीन शामिल है। इसके अलावा गांजा पैकिंग करने वाला प्लास्टिक का ढाई सौ ग्राम पैकेट बरामद हुआ है। जबकि 2920 रुपए नगद भी बरामद किए गए हैं। इस छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक राहुल गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सनातन मांझी, सहायक अवर निरीक्षक सुशीला माड़ी, हवलदार रिंकू यादव एवं आरक्षी संख्या 182 गंगा सागर भी शामिल थे। प्रेस वार्ता में नगर थाना प्रभारी प्रयाग दास मौजूद थे।

# हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार, दस दिन के रिमांड पर लेगी पुलिस



**मुर्शिदाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के रघुनाथगंज थाना की पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने शनिवार की रात एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के तेघोरी अप्लेक्स बांध नामक स्थान पर एक अभियान चलाकर हेरोइन (नशीला पदार्थ) बरामद किया है। एक लाल रंग की होंडा मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों को रोककर पूछताछ और तीनों की तलाशी लेने पर इन तीनों के पास से 425 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ है। तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है। इस बात की जानकारी जंगीपुर जिला कार्यालय से मिली है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक लाल रंग के मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्तियों के द्वारा भारी मात्रा में हेरोइन ले जाया जा रहा है। जो किसी अन्य लोगों को देने वाले हैं। इसी सूचना के आधार पर तेघोरी अप्लेक्स के पास नाका चेकिंग करते हुए एक मोटरसाइकिल को रोका गया। इसी दौरान तलाशी लेने पर 425 ग्राम हेरोइन मिला। इनमें एक का नाम जियाबुल शेख, दूसरे का नाम मसादुल शेख और तीसरे का नाम अब्दुल गफ्फार है। तीनों इसी थाना क्षेत्र के तेघोरी के ही निवासी हैं। पुलिस ने अनुसार तीनों को जंगीपुर के एक विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस के द्वारा तीनों को 10 दिनों के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

# भानु ऑर्गेनिक एनजीओ के एमडी के विरुद्ध एससी एसटी थाना में शिकायत

## ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने जाति सूचक गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** भानु ऑर्गेनिक किसान सहायता फाउंडेशन एनजीओ के साथ एक और विवाद जुड़ गया है।

एमडी ऋषभ कुमार पर सात लाख की ठगी के आरोप का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है और जातिसूचक गालियां तथा जान से मारने की धमकी का नया मामला सामने आ गया है। एमडी ऋषभ कुमार पर उनके ही फाउंडेशन से जुड़े ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने जाति सूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है।

आरोप लगाने वाले युवक कुंदन रविदास ने एमडी ऋषभ कुमार के विरुद्ध एससी-एसटी थाना में केस दर्ज कराया है। पीड़ित कुंदन रविदास के मुताबिक भानु ऑर्गेनिक किसान सहायता फाउंडेशन में गत 19 अप्रैल 2025 से जुड़ा हुआ है और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के रूप में काम कर रहा है। इसका मेन ब्रांच गोड्डा नहर चौक पर है और पाकुड़ में ग्यारह महीने के अनुबंध पर कार्यरत हूं।मैंने गत 19 जुलाई को व्हाट्सएप ग्रुप में पंचायत कोऑर्डिनेटर का बकाया भुगतान एवं खाद से संबंधित जानकारी मांगा। इस पर फाउंडेशन के एमडी ऋषभ कुमार ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और गाली गलौज करने लगा।





इतना ही नहीं एमडी ऋषभ कुमार ने जान से मारने की धमकी भी दी। एमडी ऋषभ कुमार ने गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम ज्यादा बोल रहा है, रात भर के अंदर गुंडा लगाकर तुमको जान से मरवा कर फेंक देंगे।

इसका सबूत भी मेरे पास मौजूद है। जिस समय मोबाइल से गाली गलौज और धमकी दे रहा था, उस समय मैं मवेशी हटिया के सामने मंदिर के पास बैठा था। भानु ऑर्गेनिक किसान सहायता फाउंडेशन के एमडी ऋषभ कुमार बिहार के मधेपुरा जिला के पोस्ट भान, भाया मतहाही, भवान टेकथी, वार्ड नंबर 01 के निवासी हैं। इसी मामले में कुंदन रविदास ने स्टेट कोऑर्डिनेटर बीरबल शर्मा को भी आरोपी बनाया है।

उल्लेखनीय है कि तथाकथित एमडी ऋषभ कुमार पर पाकुड़ सदर प्रखंड के तारानगर एवं ईलामी पंचायत के दर्जनों युवक युवतियों ने सात लाख की ठगी का आरोप लगाया था। आरोप लगाया गया कि एनजीओ में नौकरी दिलाने और खाद दुकान का लाइसेंस दिलाने के नाम एमडी ऋषभ कुमार ने सात लाख रुपए की ठगी कर ली है। इधर एससी-एसटी थाना में केस दर्ज होने के बाद मामले की छानबीन शुरू हो गई है। उधर एमडी ऋषभ कुमार ने केस दर्ज कराने के पीछे कंपनी को नुकसान होने पर निकाल दिए जाने को कारण बताया।

# कानूनन अपराध है बाल विवाह : उदय शंकर घोष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुर्शिदाबाद :** बहरमपुर थाना के आईसी उदय शंकर घोष के आह्वान पर मंगलवार को थाना अंतर्गत हाकिमपुर हाई स्कूल में बाल विवाह, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध तथा साइबर क्राइम पर लगाम कसने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आईसी उदय शंकर घोष ने छात्रों और अभिभावकों को विशेष कर बाल विवाह के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पहले पढ़ाई फिर विदाई के स्लोगन को दोहराते हुए बाल विवाह से बचने की अपील की। उन्होंने बाल विवाह को कानूनन अपराध बताया। इसके खिलाफ कानूनी



कार्रवाई एवं सजा के प्रावधानों को भी बताया। आईसी उदय शंकर घोष ने साइबर क्राइम से बचने और महिलाओं का सम्मान करने पर भी जोर दिया। कहा कि आज-कल वर्तमान समाज में बाल विवाह जैसे मामले देखने को मिल रहा है। इसके विरुद्ध कानून व्यवस्था होते हुए भी आज समाज में कुप्रथा चल रहा है। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम का मामला भी सामने आ रहा हैं। होते रहता है। लोगों को सोशल मीडिया के जरिए भी साइबर क्राइम का शिकार बनाया जा रहा है। इससे हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। पूरे समाज को जागरूक रहना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से खासकर छात्रों को जागरूक करने के लिए आज यहां एकत्रित हुए हैं।

# कॉनफ्रेंडरेशन ऑफ झारखंड सहोदया के तत्वाधान में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** डीपीएस पाकुड़ के सभागार में शिक्षिकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप पारंगत करने के उदेश्य से कॉनफ्रेंडेरेशन ऑफ़ झारखण्ड सहोदया (सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स गोड्डा, पाकुड़, और साहेबगंज) के तत्वाधान में सी.बी.एस.ई के निर्देशानुसार एक दिवसीय कार्यशाला का रविवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय ÷सीबीएसई द्वारा निर्देशित विज्ञान,प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एस टी ई एम -डी एल डी) का जिला स्तर पर क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श था। इसके अंतर्गत पाकुड़ के विभिन्न विद्यालयों ( डी ए वी,पाकुड़,जवाहर नवोदय विद्यालय महेशपुर एवं हिरणपुर,संत डॉन बॉस्को,एलीट पब्लिक स्कूल,पाकुड़) से आए शिक्षकों ने प्रशिक्षक बनकर सहयोगात्मक लर्निंग के आलोक में विभिन्न विषयों ( गणित, कंप्यूटर,



हिंदी इंग्लिश, गणित, विज्ञान, साइबर सेफ्टी इत्यादि ) से सम्बंधित अपने अपने अनुभव को विभिन्न गतिविधियों द्वारा साझा कर अपने अपने विषयों को रुचिकर बनाने, एक्सपेरिएंशल लर्निंग को बढ़ावा देने हेतु विचार प्रेषित किए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीपीएस, पाकुड़ के निदेशक अरुणेंद्र कुमार, वेन्यू डायरेक्टर झारखण्ड सहोदया कॉनफेडरेशन के पाकुड़ जिला के ट्रेनिंग समन्वयक एवम डीपीएस के प्रधानाचार्य जे के शर्मा को -ऑर्डिनेटर एवम रिसोर्स पर्सन सौरिस दत्ता, डीपीएस के स्कूल प्रशिक्षण नोडल समन्वयक ( एस टी एन सी ) दिनाबंधु सेन, डीपीएस के साथ साथ पाकुड़ के उपरोक्त वर्णित विद्यालय के प्रशिक्षक और शिक्षक मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड सहोदया के चेयरमैन प्रणेश सोलेमन ने भी ऑनलाइन कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये भाग लिया और सभी प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीएस के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने सभी शिक्षाविदों का शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान के लिए सराहना करते हुए, शिक्षक प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ए आई के जमाने में सभी शिक्षकों को पारम्परिक शिक्षण पद्दित के साथ साथ नई शिक्षा पद्दित की गुणवत्ता में सुधार और प्रभावी शिक्षण के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। इससे शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों, कौशल और ज्ञान प्राप्त होता है, जिससे वे छात्रों को बेहतर ढंग से सिखाने में सक्षम होते हैं। उन्होंने शिक्षकों के समक्ष माउंटेन मैन माझी का उदाहरण देते हुए कहा कि जहाँ चाह वहाँ राह।विद्यालय के प्रधानाचार्य जे के शर्मा ने अपने सम्बोधन में नई शिक्षा नीति के खूबियों का वर्णन किया और बताया कि यदि शिक्षकों को अपना कार्य उच्चतम संभव मानक पर करना है, तो उन्हें प्रभावी और कुशलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अंग्रेजी के अध्यापक कौत्सव चाटर्जी ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से किया।

# असम में मुसलमानों पर जुल्म का आरोप, एसडीपीआई का विरोध प्रदर्शन







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** असम में मुसलमानों पर जुल्म, बेदखली, बुल्डोजर की कार्रवाई एवं दमनकारी नीति के आरोप में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) ने विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सदर प्रखंड अंतर्गत चांचकी गांव के पास किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व एसडीपीआई के जिला अध्यक्ष मोबारक शेख ने किया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में एसडीपीआई के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। असम सरकार के रवैए से कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखा गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने असम सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर नहीं संविधान चलेगा, असम के मुसलमान अकेले नहीं है, जुल्म बंद करो, इंसाफ दो आदि के गगन भेदी नारे लगाए। एसडीपीआई जिलाध्यक्ष मोबारक शेख ने कहा कि असम सरकार जानबूझकर मुसलमानों को निशाना बना रही है। उन्हें घरों से बेदखल किया जा रहा है। उनके घरों को बुल्डोजर से गिराया जा रहा है और उन्हें अवैध घुसपैठिए कहकर बदनाम किया जा रहा है। यह सब संविधान, मानवाधिकार और न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। कार्यकर्ताओं ने मांग किया कि असम में चल रही बुल्डोजर की कार्रवाई को तुरंत रोका जाए। जिन परिवारों को जबरन उजाड़ा गया है, उन्हें पुनर्वास की गारंटी दी जाए। असम सरकार की मुस्लिम विरोधी नीतियों की न्यायिक जांच कराई जाए। यह भी मांग किया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और न्यायपालिका इस मसले पर संज्ञान लें। जिलाध्यक्ष मोबारक शेख ने कहा कि एसडीपीआई यह स्पष्ट करती है कि वह हर मजलूम के साथ खड़ी है और जब तक जुल्म जारी रहेगा, संघर्ष भी जारी रहेगा। इस मौके पर एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष हंजिला शेख, उपाध्यक्ष पाकुड़ वाहेदुल शेख आदि मौजूद थे।

# मुख्य सड़क से मुहल्ले में घुस रहा गंदा पानी, सीओ से कार्रवाई की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के ग्रामीणों ने मोहल्ले में जाने वाली मुख्य सड़क पर घरों के गंदा पानी बहाने के मामले को लेकर सीओ संजय कुमार सिन्हा को लिखित आवेदन सौंपा है। ग्रामीण योगेश कुमार, महेश प्रसाद सिंह, कमलेश कुमार, महबूब आलम, सुमन कुमार साहा, दिलीप माल, अजय पाल, दिवाकर मंडल समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया है कि एक तरफ उपायुक्त के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत



सफाई अभियान चलाई जा रही है। अंबेडकर चौक से उन लोगों के मोहल्ले जाने वाले मुख्य सड़क पर कुछ लोग गंदे नाली का पानी और शौचालय का पानी बहा रहे हैं। साथ ही मुख्य सड़क पर बना नाली को भी अतिक्रमण कर जाम कर दिया गया है। जिससे मुख्य सड़क पर ही घरों के गंदा पानी बह रहा है जिससे आम जन आवाजाही करने में मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि गंदा पानी रोड पर बहाने से मना करने पर विवाद होता है। तथा कहां जाता है कि जो करना है करो गंदा पानी रोड पर ही बहाएंगे। ग्रामीणों ने इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त को भी सौपा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारी से मांग किया है कि वैसे लोग जो अपने घरों के गंदा पानी सड़क पर बहा रहे हैं। उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाए।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट, तोड़-फोड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** थाना क्षेत्र के कमलघाटी निवासी एक महिला के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर पीड़िता अंजुमन खातून के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायत में पीड़िता ने उल्लेख किया है कि बीते 4 जुलाई को हाथकाठी निवासी जियाउल अंसारी, राजू अंसारी, इकबाल अंसारी, यासिर अंसारी एवं एजाज अंसारी मेरे घर आकर मेरे बेटे की खोजबीन कर रहे थे। साथ ही भद्दी-भद्दी गालियां दे रहे थे। जिसका विरोध करने पर उक्त लोग मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। वहीं मेरे घर मे घुसकर मेरे साथ मारपीट और गाली-गलौच करने लगे। जब बीच-बचाव के लिए मेरे पति आए तो सब ने मेरे पति के साथ भी मारपीट की एवं मेरे घर में तोडफ़ोड़ किया। वहीं मेरे सोने का चेन छीन लिया। महिला ने आरोप लगाया है कि बकरीद में मेरे बेटे के कहने पर यासिर अंसारी को पांच हजार रुपए उधार दिए थे। जिसे वापस मांगने पर नाराज होकर मारपीट की गई। इसको लेकर थाना कांड संख्या 79/25 में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संपादकीय

## उपराष्ट्रपति का इस्तीफा

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक पद से अचानक ही इस्तीफा देकर देश को चौंका दिया। वह देश के 14वें उपराष्ट्रपति थे और अभी 10 अगस्त, 2027 तक उनका कार्यकाल शेष था। बीते दिनों उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि यदि ईश्वर की कृपा रही, तो अगस्त, 2027 में सेवानिवृत्त हो जाऊंगा। वह देश के पहले उपराष्ट्रपति हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है और संविधान के अनुच्छेद 67-ए के मुताबिक इस्तीफे को 'तत्काल प्रभावी' मानने का आग्रह किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रेषित इस्तीफे में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने प्रधानमंत्री मोदी और कैबिनेट का आभार जताया है। प्रधानमंत्री के सहयोग और समर्थन को 'अमूल्य' माना है। सांसदों के स्नेह और सम्मान को धन्यवाद दिया है। उपराष्ट्रपति ने इस्तीफे में भारत की प्रगति, आर्थिक विकास और परिवर्तनकारी युग का साक्षी बनने, बल्कि उसका भागीदार होने की भावुक बात कही है। आज जब वह यह पद छोड़ रहे हैं, तो उनके दिल में भारत की उपलब्धियों और शानदार भविष्य के लिए गर्व और अटूट विश्वास है। स्वतंत्र भारत के गणतांत्रिक इतिहास में वीवी गिरि ने 20 जुलाई, 1969 को और आर. वेंकटरमण ने जुलाई, 1987 में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे दिए थे। गिरि राष्ट्रपति चुनाव लडऩा चाहते थे और वेंकटरमण राष्ट्रपति निर्वाचित हो चुके थे। बहरहाल उपराष्ट्रपति धनखड़ के इस फैसले की पृष्ठभूमि में सेहत और बीमारी की बड़ी वजह हो सकती है। वैसे इस पद पर आसीन लोगों की बीमारियां काफूर हो जाती हैं, क्योंकि सर्वश्रेष्ठ चिकित्सकों की निरंतर निगरानी रहती है। संभव है कि अब धनखड़ के लिए स्वास्थ्य सबसे बड़ी प्राथमिकता हो और डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी हो, लेकिन उनकी तबीयत इतनी नाजुक भी नहीं है कि वह उपराष्ट्रपति पद का दायित्व निभाने में असहाय और अक्षम महसूस कर रहे हों! यह सतही तौर का कारण हो सकता है। अलबत्ता यह कोई सामान्य घटना नहीं है। जो पत्रकार और नेता उनके संसदीय कार्यकाल के दौरान सक्रिय रहे हैं और उन्हें करीब से जानने के मौके मिले हैं, उनका स्पष्ट मानना है कि उपराष्ट्रपति बीते कुछ अंतराल से परेशान दिख रहे थे। उनका इस्तीफा यह भी सत्यापित करता है कि सरकार, सत्ता और खास कर भाजपा के भीतर सब कुछ सहज नहीं है। सरकार के भीतर विरोधाभास और संकट हैं। हालांकि जगदीप धनखड़ संघ-भाजपा पृष्ठभूमि के नेता नहीं थे। वह लोकदल और जनता दल की राजनीति से आए थे। चौधरी देवीलाल ने उन्हें राजनीति में उतारा था, नतीजतन 1989 में वह राजस्थान के झुंझुनू क्षेत्र से चुन कर लोकसभा में पहुंचे। तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार में राज्यमंत्री भी रहे। जब प्रधानमंत्री मोदी के संपर्क में आए और 2019 में उन्हें पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया, तो प्रधानमंत्री उनकी राजनीतिक सोच को अच्छी तरह जान चुके थे। फिर उन्हें 11 अगस्त, 2022 को देश का उपराष्ट्रपति बनाया गया, तो फोकस था कि एक बड़े किसान और जाट नेता के तौर पर उन्हें मान्यता दी जाए। बहरहाल हम सिर्फ सेहत को ही इस्तीफे का कारण मानने को तैयार नहीं हैं। संसद का मानसून सत्र शुरू हुआ, तो वह राज्यसभा के सभापति के आसन पर विराजमान थे। सदन की कार्यवाही संचालित करते रहे। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के साथ मज़ाक करते रहे। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक की अध्यक्षता भी की। शाम को विपक्ष के सांसदों से भी मुलाकात की। बेशक बीते दिनों उनके सीने में दर्द उठा था और उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती होना पड़ा था, लेकिन चिकित्सकों के बुनियादी इलाज के बाद वह बाहर आ गए। मानसून सत्र की मुलाकातों के दौरान इतना-सा भी संकेत नहीं दिया कि वह इस्तीफा देने जा रहे हैं अथवा कोई बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं, लिहाजा माना जा सकता है कि सरकार और उनके दरमियान ऐसे मतभेद उभर आए होंगे कि उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। ठोस कारण की घोषणा वह स्वयं किसी किताब में करेंगे अथवा सरकार से छन कर सूचनाएं बाहर आएंगी। हम उन्हें जितना जानते हैं, उसके मद्देनजर दावा कर सकते हैं कि वह योद्धा किस्म के नेता रहे हैं। कोई भी,किसी भी तरह के दबाव में उन्हें इस्तीफा देने को बाध्य नहीं कर सकता। बेशक वह अक्खड़, साफगो किस्म के व्यक्ति थे, लेकिन बेहद कोमल, सौहार्द और पार्टीबाज नेता भी रहे हैं। अब आगे अटकलें ही जारी रहेंगी। बाद में मिली सूचनाओं के अनुसार राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति के पद से उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है।


देश के पहले उपराष्ट्रपति हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है और संविधान के अनुच्छेद 67-ए के मुताबिक इस्तीफे को 'तत्काल प्रभावी' मानने का आग्रह किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रेषित इस्तीफे में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने प्रधानमंत्री मोदी और कैबिनेट का आभार जताया है। प्रधानमंत्री के सहयोग और समर्थन को 'अमूल्य' माना है। सांसदों के स्नेह और सम्मान को धन्यवाद दिया है। उपराष्ट्रपति ने इस्तीफे में भारत की प्रगति, आर्थिक विकास और परिवर्तनकारी युग का साक्षी बनने, बल्कि उसका भागीदार होने की भावुक बात कही है। आज जब वह यह पद छोड़ रहे हैं, तो उनके दिल में भारत की उपलब्धियों और शानदार भविष्य के लिए गर्व और अटूट विश्वास है।


कानून की दृष्टि में अपराध केवल घटना नहीं, उस घटना के पीछे की मंशा, सबूतों की पुष्टि, प्रक्रिया की शुद्धता और निष्पक्षता का भी मूल्यांकन करता है

## मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों का फैसला और उठते सवाल

ललित गर्ग



**11** जुलाई 2006 को मुंबई की भीड़भरी लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों ने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया था। पीडित परिवारों के साथ-साथ जन-जन को आहत किया था। 7 जगहों पर हुए इन धमाकों में 187 निर्दोष लोगों की जान गई और 824 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत के सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। लेकिन इन बम धमाके को लेकर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया, कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत की ओर से 12 अभियुक्तों को दी गई सजा को गैरकानूनी करार दिया। इन सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ-साथ चिन्ता भी पैदा करता है। इसीलिये करीब 19 साल बाद आए अदालत के इस फैसले को लेकर न केवल कानूनी दायरे में, बल्कि सामाजिक व नैतिक दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद सवाल वहीं घूमकर आ जाता है कि इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है? लम्बी न्यायिक प्रक्रिया एवं जांच के बाद 2015 में मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने 12 अभियुक्तों को दोषी करार दिया, जिसमें से 5 को फांसी और 7 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला लगभग 8 वर्षों की सुनवाई, 250 से ज्यादा गवाहों और हजारों पन्नों की गवाही के बाद आया। लेकिन 2023 और फिर 2025 में कुछ सिविल सोसाइटी संगठनों, मानवाधिकार समूहों और कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ दोषियों को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया, पुलिस की जांच पक्षपातपूर्ण रही और कई जगह कानून के दायरे का अतिक्रमण किया गया। इसी को आधार बनाकर हाईकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ायी, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर एवं लापरवाहीपूर्ण जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही एवं कौताही बरती गई। कानून की दृष्टि में अपराध केवल घटना नहीं, उस घटना के पीछे की मंशा, सबूतों की पुष्टि, प्रक्रिया की शुद्धता और निष्पक्षता का भी मूल्यांकन करता है। "दोषी को सजा मिलनी चाहिए"-यह एक सार्वभौमिक सिद्धांत है, लेकिन "निर्दोष को दंड न मिले"-यह उससे भी अधिक महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत है। भारतीय दंड संहिता, मकोका और गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे सख्त कानून आतंकवाद से निपटने के लिए बनाए गए, लेकिन इनका उपयोग अक्सर राजनीतिक प्रभाव, मीडिया ट्रायल, या जनभावनाओं को शांत करने के लिए किया गया है। ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में अनेक ज्वलंत सवाल खड़े हुए हैं कि क्या सभी दोषियों को वास्तव में पर्याप्त प्रमाणों के आधार पर दोषी ठहराया गया है? यदि नहीं, तो यह न्याय व्यवस्था के लिए एक गंभीर प्रश्न है। क्या पुलिस या जांच एजेंसियों ने निष्पक्ष जांच की? कई बार जांच एजेंसियों पर 'नतीजे पहले, जांच बाद में' का आरोप लगा है। क्या विशेष अदालतों का गठन निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करता है या त्वरित दंड की नीति अपनाता है? क्या कानून केवल सख्ती का पर्याय बन गया है या उसमें मानवीय संवेदना का स्थान है? क्या मीडिया ट्रायल ने वास्तविक न्याय को प्रभावित किया? इन प्रश्नों के उत्तर मिलना ही चाहिए। देश के सामने आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चुनौती है, तो वहीं न्याय की नैतिकता बनाए रखने की भी जिम्मेदारी है। अगर कानून का इस्तेमाल अन्याय के लिए किया गया, तो आतंकवाद के खिलाफ जंग की नैतिकता ही सवालों में पड़ जाएगी। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि नैतिक और विधिसम्मत संतुलन का नाम है। जो निर्दोष है, उसे दोषमुक्त करना और जो दोषी है, उसे यथोचित दंड देना- यही कानून का आदर्श उद्देश्य है। मुंबई बम धमाके जैसी वीभत्स घटनाएं देश के लिए चुनौती हैं, लेकिन इन चुनौतियों से निपटने के नाम पर अगर हम न्याय और कानून के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता करते हैं, तो हम एक असुरक्षित और अन्यायपूर्ण समाज की नींव रखेंगे। आवश्यक है कि न्याय केवल न्यायालयों की प्रक्रिया न रहे, वह जनविश्वास का प्रतीक बने। एक बड़ा सवाल है कि न्याय व्यवस्था पर भरोसा कैसे बना रहे? इसके लिये जरूरी है कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी हो, आरोपों की पुष्टि डिजिटल और वैज्ञानिक सबूतों से हो। अदालतें किसी दबाव, राजनीतिक प्रभाव या जनभावना से परे निर्णय लें। न्याय में देरी भी अन्याय है, लेकिन जल्दबाजी में न्याय भी गलत निर्णय की आशंका बढ़ाता है। सभी मामलों में उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पुनरावलोकन की व्यवस्था रहे। निचली अदालते हो या सर्वोच्च अदालते- न्यायिक फैसलों का बदलना न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता के लिये गंभीर चुनौती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें निचली अदालतों में दिये गये मौत की सजा को ऊपरी अदालतों ने बदल दिया। जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज होते हुए बार-बार देखे गये हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए कहा कि 'जब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए।' दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट की जांच में इस भावना का सही से पालन नहीं किया गया। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना न केवल न्याय प्रक्रिया पर बल्कि जांच एजेंसियों पर सवाल पैदा करता है। प्रश्न है कि अगर 12 लोग निर्दोष थे तो इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिए जिल्लत की जिंदगी क्यों जीते रहे? अगर ये दोषी थे तो जांच इतनी कमजोर क्यों हुई? यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है। यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था। पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनाई थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। अब मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। महाराष्ट्र सरकार लोकल ट्रेन बम धमाके में आरोपियों को निर्दोष छोड़ने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए अपील दायर की है। देश उम्मीद करता है कि इस बार तथ्यों को सही ढंग से रखा जाएगा। यह केवल एक केस नहीं, न्याय व्यवस्था पर आम लोगों के यकीन का मामला है। भारत में न्याय प्रणाली पर आम धारणा है कि पुलिस और अदालतें लोगों की जिंदगी को तबाह कर देती हैं, वर्षों लम्बी न्याय प्रक्रिया झेलने के बाद भी लोगों को समुचित न्याय नहीं मिल पाता है। न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी आदर्श न्याय व्यवस्था में आम व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये।


पीडित परिवारों के साथ-साथ जन-जन को आहत किया था। 7 जगहों पर हुए इन धमाकों में 187 निर्दोष लोगों की जान गई और 824 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत के सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। लेकिन इन बम धमाके को लेकर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया, कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत की ओर से 12 अभियुक्तों को दी गई सजा को गैरकानूनी करार दिया। इन सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ-साथ चिन्ता भी पैदा करता है। इसीलिये करीब 19 साल बाद आए अदालत के इस फैसले को लेकर न केवल कानूनी दायरे में, बल्कि सामाजिक व नैतिक दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं।


कुछ अलग

## शादी का नया उपन्यास

**शादी** का एक नया उपन्यास और बहुपति प्रथा का विन्यास सिरमौर में हो रहा है। डा. वाईएस परमार के शोध में उस समय उफान आया जब सिरमौर के दो भाइयों प्रदीप व कपिल नेगी ने कुन्हाट गांव की एक बेटी सुनीता से शादी रचा ली। जाहिर है इस प्रथा और परंपरा की गवाही में सैकड़ों लोग जुटे और प्रचार की सीमा को लांघता यह विवाह बहस का मुद्दा बन गया। बहस प्रथा के बाहर, संविधान के साथ और आधुनिकता के बोध में यह है कि क्या स्त्री स्वाभिनान, संस्कृति के परिचालन और व्यक्तित्व की स्वतंत्रता में आज भी उन्हीं मान्यताओं की बंधुआ है, जो उसे एक निश्चित सांचे में रखती हैं। पत्नी को संपत्ति मान लेना न्यायसम्मत नहीं हो सकता। न औरत आर्थिक मशीन है और न ही भूमि के रिकार्ड की शिला। आखिर ऐसी शादियां बचा किसे रहीं। जमीन की हिस्सेदारी या परंपराओं के स्वनिर्धारित उसूलों को। बेशक तीन लोगों की सहमति से इस शादी की वैचारिकी को सामाजिक समर्थन मिल जाए या तारीफ यह हो कि दो भाई अपने समुदाय की ताजपोशी में एक सेहरा-एक पत्नी हो गए, लेकिन इस घटनाक्रम ने देश और प्रदेश की तस्वीर में एक चुनौती परोस दी है। कल अगर परंपरावादी समाज लौटकर देश के हर हिस्से में प्राचीन मान्यताओं को जिंदा रखेगा, फिर हर तर्क के तीरों से बंधे हम ही होंगे। मसलन जिन पोथियों में पढ़ कर दो पति एक पत्नी की कहानी में अमर होने लगे, वहां पत्नी का पुनः सती होना भी नागरिक समाज को अपना गौरव खोज लाएगा।

देश दुनीया से

## राजस्व विभाग के दावे और किसान

**एक** शायर की निम्न पंक्तियां राजस्व विभाग की भ्रष्ट व्यवस्था की दुखद अभिव्यक्ति हैं, और लगता है कि उसने भी जरूर व्यक्तिगत तौर पर इसके दंश झेले होंगे। 'जिस जमीन को समझते हो तुम अपनी मलकीयत मियां, महकमा माल के हाकिमों और वकीलों का मुकद्दर है वो।' हम मानते हैं कि जर, जोरू और जमीन ही हर विवाद की जड़ है। फिर भी हमें मानना पड़ेगा कि जिस भी व्यक्ति का निजी जमीन से थोड़ा सा भी संबंध है, वह राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से भली प्रकार परिचित है। विभाग में अच्छे और ईमानदार लोगों की भी कमी नहीं है, लेकिन उनकी सुनता कौन है? मु_ी भर शातिर लॉबी सब पर भारी है। भू-माफिया, शातिर ग्रामीण और भ्रष्ट कर्मचारी लॉबी ने 90 फीसदी लोगों की नाक में दम कर रखा है। पुलिस और प्रशासन पर इनकी पूरी पकड़ है। ऊपर से राजनेताओं का इनके सिर पर वरदहस्त होता है। ये लोग कुछ भी करें, कोई इनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। न्याय व्यवस्था की कछुआ चाल को देख कर उससे न्याय की अपेक्षा रखना बहुत बड़ी भूल है। दशकों से न्यायालयों में केस लंबित पड़े हैं। वकीलों के वारे-न्यारे हैं। भ्रष्टाचार और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना खतरे से खाली नहीं है। अन्याय का प्रतिकार कुर्बानी मांगता है जो सबके वश की बात नहीं है। फिर वह इश्तामाल हो, बंदोबस्त हो या वर्तमान मुहाल की व्यवस्था, सबने मिलकर असमर्थ लोगों का कचूमर निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पीड़ित लोगों को आज तक न्याय नहीं मिला और न ही निकट भविष्य में मिलने की कोई उम्मीद है। पता नहीं हमें क्या हो गया है। लगभग सभी का फोकस धन-दौलत बटोरने पर है। और इसके लिए हम कुछ भी कर सकते हैं और यही हमारा दुर्भाग्य है। 1970 के दशक में हरसौर (बड़सर) के एक गांव में इश्तामाल की प्रक्रिया शुरू हुई। सुरा और सुंदरी के दौर में चाम के दाम चलने लगे। चार कोस तक तक मुर्गा प्रजाति लुप्त हो गई। यौन शोषण के विरुद्ध नारी शक्ति प्रचंड हो गई जिसने एक गरदावर को पीट-पीट कर मृत्यु दंड दे दिया। गनीमत यह रही कि घर जाकर जिंदगी और मौत से जूझते हुए कई दिनों बाद उसकी मृत्यु हुई। वास्तव में यह जन-साधारण के विद्रोह की परिणति थी। कालांतर में एक पंजाबी गरदावर की प्रतिनियुक्ति हुई। रंजिश और खुंदस के चलते वह दिवंगत गरदावर से भी आगे निकल गया क्योंकि शातिर लॉबी उसके समर्थन में खड़ी थी जिसने इस परिस्थिति का भरपूर लाभ उठाया। परिणति यह रही कि सीमा पर बुर्जियां संदिग्ध, रास्ते बस्तियों तक नहीं पहुंचे। वर्तमान सडक़ किसी की मलकीयत है और जो कागजों में सडक़ है, वहां किसी ने फसल बीजी है और किसी ने निर्माण कर दिया है। लगता है कई पीढियां कोर्ट में ही अपनी जिंदगी गुजार देंगी। जहां तक बंदोबस्त का सवाल है, रही सही कसर उसने निकाल दी है। करमों से मीटर बनाते समय पांच से दस मीटर की कमीबेशी साधारण सी बात है। किसी के रकबे की चौड़ाई 11 करम से 16 मीटर की बजाय 20 मीटर कर दी गई और रकबा बढ़ जाने के डर से लंबाई की भुजाओं से 5 से 10 मीटर कम कर दिए गए। ऐसा एक नहीं, अनेक खसरा नंबरों में हुआ है। बाजार में तीन करम की चौड़ाई में बनी दुकानों को केवल चार मीटर दिए गए। पड़ोसी ने इसका लाभ उठा कर निशानदेही लेकर 22 मीटर लंबी जमीन पर कब्जा करके तीन मंजिलें खड़ी कर दी। स्थानीय पंचायत ने कहा- निशानदेही लेकर निर्माण हुआ है, इसमें अतिक्रमण का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। बाजारों और बस्तियों में करमों के हिसाब से बने भवनों को पूर्व स्थिति के आधार पर मीटर दशमलव में लिखे जाने चाहिए, यह बहुत ही संवेदनशील मसला है। हैरत की बात है कि एक अदद दुरुस्ती के लिए वर्षों का समय और हजारों रुपए वकीलों की फीस लगती है। जिस बेचारे किसान की पंद्रह-बीस दुरुस्तियां बकाया हैं, उनकी दुरुस्ती के लिए उसकी उम्र भी कम पड़ जाएगी। गलती एक पटवारी की और उसकी सजा व्यस्तताओं से घिरे किसान को ताउम्र भुगतनी पड़ती है। वाह री व्यवस्था। किसान की ऐसी दुर्दशा कभी नहीं हुई होगी। दुरुस्ती की प्रक्रिया इतनी सरल होनी चाहिए कि किसान को पता ही न चले और दुरुस्ती हो जाए। सरकारें राजस्व प्रणाली में बड़े सुधारों का ढिंढोरा पीटती हैं। लेकिन धरातल पर व्यवस्था टस से मस नहीं होती। इतने में सरकारें ही बदल जाती हैं। दशकों से तकसीम के मामले लंबित पड़े हैं। अपीलों के निपटारे में वर्षों लग जाते हैं। तहसील से लेकर एसडीएम, डिप्टी कमिश्नर, बंदोबस्त अधिकारी, डिवीजनल कमिश्नर, एफसी, इसके अतिरिक्त ज्यूडीशियरी के भी हाई कोर्ट तक कई पड़ाव हैं। सामथ्र्यवान और शातिर लोग जन साधारण को उपरोक्त सभी पड़ावों तक घसीटते हुए उसका दम तोड़ देते हैं। क्योंकि 'समरथ को नांहि दोष गोसाईं।' मैंने ऊपर भी कहा कि उपरोक्त अपीलों के निपटार में वर्षों लग जाते हैं। और इस दौरान अनेक लोगों का निधन भी हो जाता है और तकसीम की गाड़ी वहीं पार्क हो जाती है। इतने में जमाबंदियां बदल जाती हैं। फिर तकसीम कैसे होगी। दफ्तरों और फील्ड में निरंतर स्टाफ की कमी के चलते दैनिक प्रक्रिया ही विभाग के गले की फांस बन गई है। फिर भूतकाल में हुई बंदोबस्त, इश्तामाल और मुहाल में हुई धांधलियों, त्रुटियों और ढेर सारी अपीलों का निपटारा कब और कैसे होगा। संप्रति सभी असमंजस में हैं। ईश्वर सद्बुद्धि दे। वक्त सदा एक जैसा नहीं रहता। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। मेरा ऐसा विश्वास है कि निकट भविष्य में किसी न किसी दिव्य विभूति का अवतरण अवश्य होगा, जो अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर सारी की सारी व्यवस्था को बदल कर रख देगा।

आप का नजरीया

## जाति जनगणना : भारत में सामाजिक न्याय की पुनर्परिभाषा

**सामाजिक** न्याय की पुनर्परिभाषा इंशा वारसी एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, भारत सरकार ने आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जाति गणना को शामिल करने को मंज़ूरी दे दी है, जो आज़ादी के बाद बंद हो चुकी एक बड़ी प्रथा की वापसी का प्रतीक है। समाज सुधारकों, विद्वानों और नीति निर्माताओं द्वारा लंबे समय से मांगे जा रहे इस पैसले की देश में समानता को बढ़ावा मज़बूत करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में सराहना की जा रही है। ऐसे समय में जब समावेशी विकास राष्ट्रीय विमर्श का वेंद्र बिदु है, जाति जनगणना आँकड़ों पर आधारित नीति निर्माण के एक ऐसे युग की शुरुआत का वादा करती है जो वास्तव में भारत के जटिल सामाजिक ताने-बाने को दर्शाता है। जाति जनगणना, राष्ट्रीय जनगणना प्रव्रिया के एक भाग के रूप में किसी व्यक्ति की जातिगत पहचान पर आँकड़ों का व्यवस्थित संग्रह है। इसका उद्देश्य विभिन्न जाति समूहों के सामाजिक-आर्थिक वितरण की सटीक और विस्तृत समझ हासिल करना है, जिससे सरकार सबसे वंचितों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियाँ बना सके। ऐतिहासिक रूप से, 1931 तक औपनिवेशिक प्रशासन द्वारा जाति संबंधी आँकड़े नियमित रूप से एकत्र किए जाते थे। हालाँकि, स्वतंत्रता के बाद, जाति गणना अनुसूचित जातियों (एणे) और अनुसूचित जनजातियों (एऊे) तक ही सीमित थी, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ध्वे) और अन्य को व्यापक राष्ट्रीय आँकड़ों से बाहर रखा गया था। इस कमी को पूरा करने का अंतिम प्रयास, 2011 की सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एण्ण), आंकड़ों की विसंगतियों और अविश्वसनीयता से प्रभावित रही, जिसका मुख्य कारण एक मानक जाति सूची का अभाव था। भारत ने ऐतिहासिक रूप से पिछड़े समुदायों को आगे बढ़ाने के लिए संवैधानिक वादे किए हैं, लेकिन विश्वसनीय जाति आँकड़ों के बिना, सकारात्मक कार्रवाई की नीतियाँ अक्सर अँधेरे में ही चलती हैं। वर्तमान में, ध्वं के लिए आरक्षण नीतियाँ 1931 की जनगणना के अनुमानों पर आधारित हैं, जो ध्वं की जनसंख्या को 52™ बताती हैं। हालाँकि, राज्यस्तरी य सव्रेक्षण, जैसे कि बिहार का 2023 का जाति सव्रेक्षण, दर्शाता है कि ध्वं और सबसे पिछड़े वर्ग राज्य की जनसंख्या का 63™ से अधिक हिस्सा हैं। इस तरह के निष्कर्ष कल्याणकारी लाभों और आरक्षणों के समान वितरण को सुनिाति करने के लिए एक अदृातन राष्ट्रीय जाति डेटाबेस की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने एसईसीसी 2011 की कमियों को दूर करते हुए एक बेहतर गणना पद्धति की पुरज़ोर वकालत की है, जहाँ खुली जाति रिपोर्टिंग के परिणामस्वरूप 46 लाख से ज़्यादा अलग-अलग प्रविष्टियाँ और 8 करोड़ से ज़्यादा त्रुटियाँ हुईं। आगामी जाति जनगणना का उद्देश्य डेटा संग्रह की एक अधिक व्यवस्थित और सत्यापन योग्य प्रायिा के माध्यम से इन चुनौतियों का समाधान करना है। पहचान सत्यापन के लिए आधार को जोड़ना, शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करना और छंटाई और वगाकरण के लिए एआई उपकरणों का लाभ उठाना इस प्रायिा की विश्वसनीयता सुनिाति करने के प्रस्तावित उपायों में से हैं। केवल एक संख्यात्मक प्रव्रिया से कहीं अधिक, जाति जनगणना के सामाजिक समता और शासन पर गहरे प्रभाव हैं। विभिन्न समुदायों के वास्तविक जनसांख्यिकीय वितरण को उजागर करके, यह न्यायमरूति रोहिणी आयोग की सिफारिश के अनुसार, ओबीसी के भीतर पिछड़े समूहों के उप-वगाकरण की अनुमति देता है। यह सुनिाति करता है कि आरक्षण का लाभ सबसे वंचितों तक पहुँचे, न कि प्रमुख उपसमूहों द्वारा एकाधिकार कर लिया जाए। इसी प्रकार, सटीक जातिगत आँकड़े राजनीतिक प्रतिनिधित्व को पुनर्सतुलित करने और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर पड़े लोगों को आवाज़ देकर लोकतंत्र को मज़बूत करने में मदद कर सकते हैं। इस कदम के महत्व को भारत के संवैधानिक दृष्टिकोण के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए। अनुच्छेद 340 राज्य को पिछड़े वर्गों की पहचान करने और उनके कल्याण को बढ़ावा देने का अधिकार देता है, और जाति जनगणना इसी अधिदेश के अनुरूप है। यह अनुच्छेद 15 और 16 के उद्देश्यों को प्रतिध्वनित करता है, जो भेदभाव का निषेध करते हैं और अवसर की समानता की गारंटी देते हैं। हालाँकि, विश्वसनीय आँकड़ों के बिना, इन संवैधानिक विचारों के प्रतीकात्मक संकेतों में सिमट जाने का खतरा है। हालाँकि यह चिता जताई गई है कि जातिगत जनगणनाएँ जातिगत पहचान को मज़बूत कर सकती हैं या राजनीतिक शोषण का साधन बन सकती हैं, ऐसे जोखिमों को पारदशा, नैतिक और न्यायसंगत कार्यान्वयन के माध्यम से कम किया जा सकता है। जातिगत जनगणनाओं को राजनीतिक के बजाय विकासात्मक साधन के रूप में उपयोग करने से वे समावेशी विकास के उत्प्रेरक में बदल सकती हैं। निगरानी तंत्र, कानूनी सुरक्षा उपाय और नीति मूल्यांकन को संस्थागत रूप दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिाति हो सके कि आँकड़े केवल सामाजिक न्याय की सेवा करें, चुनावी अंकगणित की नहीं।

दृष्टि कोण

## अतिवृष्टि की बाढ़ से घिरा जनजीवन

**जब** से ऋतुचक्र बिगड़ा है तब से वर्षा का वर्षण भी अनिश्चित हो चुका है। इसी वर्षा ऋतु से पहले चारों ओर अतिवृष्टि के कारण आई बाढ़ ने जनजीवन के लिए मृत्यु से लेकर अनेक अन्य संकट उत्पन्न कर दिए हैं। पंचांग तथा वार्षिक अंकपत्र के अनुसार श्रावण मास अब कुछ दिन पूर्व ही आरंभ हुआ है, किंतु अत्यधिक वर्षा के कारण देश के अधिसंख्य प्रांत ही नहीं बल्कि अन्य देशों के कई प्रांतों में भी बाढ़ की स्थितियां-परिस्थितियां निर्मित हुई हैं। मई के अंत से लेकर पूरे जून माह तक राजधानी दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, असम में अनिश्चित, अनियंत्रित तथा उथल-पुथल मचाने वाली वर्षा ने जनजीवन को संकट में डाल दिया था। और अब जुलाई के पहले पंद्रह दिनों में भी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पूर्वोत्तर राज्यों में अधिक वर्षा के कारण बाढ़ से ग्रस्त क्षेत्रों के लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। अप्रैल के बाद अब सावन के आगमन तक देश में बादल फटने, बिजली गिरने तथा अतिवृष्टि के कारण आई बाढ़ से हजारों लोग मारे जा चुके हैं। भारत ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया इत्यादि देशों में भी अत्यधिक वर्षा के कारण आई जलप्रलय में कई सौ लोग मारे गए हैं। नगर, उपनगर, बड़े-बड़े आवासीय क्षेत्र विशाल जलराशि में डूबे हुए हैं। लाखों-करोड़ों रुपए मूल्य की व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक संपत्तियां-परिसंपत्तियां नष्ट हो चुकी हैं। मृतकों के परिवार वालों के सामने अन्न-जल के संकट के साथ-साथ आवास, आजीविका और सामाजिक-आर्थिक असुरक्षा की समस्याएं भी



खड़ी हैं। वर्षा ऋतु के बीतने तक उनका दैनिक जीवन बहुत अधिक कष्टकारी बना रहेगा। यह परिस्थिति प्राकृतिक प्रतिकूलताओं तथा जलवायु असंतुलन की पुनरावृत्ति के कारण गत तीस-चालीस वर्षों से हरेक वर्ष अधिक भयंकर रूप में उत्पन्न हो रही है। बाढ़ के बहते हुए पानी तथा विशाल क्षेत्र में ठहरे हुए कीचड़-गाद-गंदगी से युक्त पानी के कारण अकल्पनीय समस्याएं होती हैं। प्रकार-प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं। रहन-सहन, भोजन, पेयजल, आजीविका, विद्यालय, शिक्षा, काम-धंधे, व्यवसाय, नौकरी, सब कुछ अस्त-व्यस्त हो जाता है। अतिवृष्टि तथा बाढ़ के उपरांत निरंतर आकार लेने वाली जलजनित समस्याओं का निदान कुछ दिनों, सप्ताहों अथवा माहों में नहीं हो पाता। ऐसी समस्याएं वर्षोंवर्ष बनी रहती हैं तथा समस्याग्रस्त लोगों के जीवन को अकल्पनीय बुराइयों के अधीन करके भयंकर ढंग से असुरक्षित कर देती हैं। भारत जैसे देश में जहां भूक्षेत्र एवं जनसंख्या के आधार पर यूरोपीय देशों के बराबर अथवा उनसे भी विशाल 28 राज्य व 8 केंद्रशासित प्रदेश विद्यमान हैं तथा पूरे विश्व में जिस देश की जनसंख्या सबसे अधिक है, वहां अतिवृष्टि की बाढ़ द्वारा सामान्य लोगों का जीवन किस सीमा तक प्रभावित होता होगा, इसका आभास बाढ़ से घिरे सामान्य लोगों के साथ रहकर ही हो सकता है। ऐसी स्थितियों-परिस्थितियों से घिरे लोगों की जीवन-असुरक्षा अत्यंत भयाक्रांत होती है। इस लेखक ने उत्तराखंड के एक जनपद मुख्यालय से कुछ दूर स्थित एक लघु उपनगर में रहते हुए निरंतर दो वर्षों तक वर्षा की अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ में अपने आवास तथा उसके चहुंओर के क्षेत्र को निरुपाय होकर केवल और केवल ईश्वर के भरोसे सुरक्षित होने की प्रार्थना करते देखा व भोगा है। ऐसी अतिवृष्टि, ऐसी बाढ़, ऐसी आपदा से प्रत्यक्ष प्रभावित लोग भाग्य के बूते ही जीवित रह पाते हैं। जिनका भाग्य निर्बल होता है, वे असुरक्षित पर्यावास के उजडऩे-बहने के कारण मृत्यु के मुख में समा जाते हैं। जीवित लोग भी केवल अपने शरीर के साथ जीवित होते हैं। उनका आवास, जीवनचर्या के लिए आवश्यक भौतिक वस्तुएं, सभी कुछ आपदा में नष्ट हो जाता है। उनके लिए जीवन में प्रत्येक आवश्यकता, सुविधा तथा वस्तु को पुनः क्रय करके संग्रहीत करना अत्यंत कठिन हो जाता है।

# गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक रुद्राभिषेक दो को किए जाएंगे 11 शिवलिंग स्थापित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** सावन महीने के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में आगामी दो अगस्त को महारुद्राभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। 200 से अधिक शिव भक्त उसे दिन सामूहिक रुद्राभिषेक करेंगे। इसके लिए शक्तिपीठ में ही अस्थाई 11 शिवलिंग स्थापित किए जाएंगे। समारोह की सफलता को लेकर गायत्री परिवार के महिला मंडल की बैठक रविवार को गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुई। गायत्री प्रबंधन समिति के संचालन प्रभारी सरिता पोद्दार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस बार भी सावन के पवित्र महीने में 2 अगस्त शनिवार को धूमधाम से महा रुद्राभिषेक किया जाएगा। सबों के सुख शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना के साथ इसमें शहर के 200 से अधिक शिव भक्त शामिल होंगे। जिनका पूर्व पंजीयन कराया जा रहा है, उसे दिन गायत्री शक्तिपीठ में ही रुद्राभिषेक के पश्चात सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। महिला मंडल की बैठक में सुमन भारती, वंदना देवी, रेखा देवी, अनु गुप्ता, निभा देवी, मधु कुमारी, अनिता देवी, करुणामई भारती, किरण देवी आदि मौजूद थीं।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक असेसमेंट में पाकुड़ को राज्य में दूसरा स्थान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** प्रोजेक्ट जागृति बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम, यह एक सूक्ति नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पाकुड़ ने इसे सच कर दिखाया है। पाकुड़ जिला ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) असेसमेंट में पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की उत्कृष्टता साबित की है। यह सफलता उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार और सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र कुमार मिश्रा, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार सिन्हा एवं गुणवत्ता नोडल पदाधिकारी डॉ अमित कुमार के मार्गदर्शन में जिला एवं ब्लॉक टीम के समर्पित प्रयासों से संभव हुआ है। भारत सरकार के द्वारा संचालित स्वास्थ्य गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र के श्रेणी के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एवं कायाकल्प में बेहतर कार्य करने हेतु पुरस्कार राशि भी दिए जाते है। इसी कार्यक्रम के क्रम में पाकुड़ जिले में संचालित सभी सीएचसी, पीएचसी, यूपीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने एवं साफ-सफाई में बेहतर बनाए रखने हेतु स्वास्थ्य केंद्र को पुरस्कृत किया गया हैं। राज्य द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन 28 जुलाई 2025 को आईपीएच, नामकुम, रांची में माननीय स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार मो. इरफान अंसारी की उपस्थिति में उनके कर कमलों से सम्मान वितरण किया जाएगा। जिसमें राज्य भर से सभी विजेता स्वास्थ्य केंद्र के प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया हैं। जिसमें पाकुड़ जिले के विजेता स्वास्थ्य केंद्र के प्रतिनिधि भी सम्मान समारोह में शामिल होने हेतु उत्सुक हैं। पाकुड़ जिले में कुल 44 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन कराने हेतु आवेदन किए गए है। जिसमें अब तक 30 का भारत सरकार के द्वारा नामित नेशनल असेसर टीम द्वारा असेसमेंट किया जा चुका हैं। 14 का एसेसमेंट होना अभी बाकी हैं जिसमें 21 का असेसमेंट परिणाम आ चुका हैं। पूरे झारखण्ड राज्य में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन में पाकुड़ दूसरे स्थान पर हैं। कायाकल्प पुरस्कार हेतु पाकुड़ जिले में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ को प्रथम स्थान मिला है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए पाकुड़ जिले के छोटा सूरजबेड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को प्रथम स्थान मिला है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पाकुड़ जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र में यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि को लेकर उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र कुमार मिश्रा, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार सिन्हा, गुणवत्ता नोडल पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, गुणवत्ता परामर्शी मो. मोइनुद्दीन शेख, अर्बन के डीआरसीएचओ, डीयूएचएम, प्रबंधक, कंसल्टेंट, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी एवं सभी के कार्यों की सराहना की जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त करने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम है। जिसने पाकुड़ के स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने में सक्षम बनाया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन, जो सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, नैदानिक देखभाल और संक्रमण नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में उच्च मानकों को सुनिश्चित करता है। पाकुड़ के स्वास्थ्य केंद्रों की विश्वसनीयता और जनता के विश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण है।

# हिरणपुर : गिट्टी लदा ओवरलोड ट्रक जब्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** थाना क्षेत्र के महारो से स्थानीय पुलिस ने रविवार अहले सुबह ओवरलोड पत्थर चिप्स लदे एक ट्रक को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार गश्ती टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी ने जब ट्रक संख्या डब्लूबी 59 बी/ 7399 को रोका तो पाया कि ट्रक में क्षमता से अधिक यानी ओवरलोड पत्थर चिप्स लदा था। जिस कारण उसे ज़ब्त कर थाने लाया गया।

जिसके बाद जुर्माने को लेकर खनन विभाग को पत्राचार किया गया। इस मामले में जुर्माने की कार्रवाई कर उसे छोड़ दिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि वाहन पर जुर्माना किये जाने के बाद उसे छोड़ दिया गया है।

# लचर बिजली आपूर्ति के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण, सात दिन का अल्टीमेटम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** महेशपुर प्रखंड क्षेत्र में बिजली कटौती एवं लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ रविवार को प्रखंड के रोलाग्राम गांव में प्रखंड 33 पंचायतों के ग्रामीणों ने एक बैठक किया। बैठक के दौरान बिजली कटौती एवं लाचार बिजली व्यवस्था को लेकर विभाग खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। बैठक में निर्णय लिया कि आगामी सात दिनों के अंदर अगर क्षेत्र में लचर विद्युत व्यवस्था एवं बिजली कटौती में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर जमकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही कोयला ढुलाई को भी ठप करेंगे। बैठक में रोहित यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने



बताया कि पाकुड़ की कोयला से दूसरे राज्य जगमगा रहे हैं। परंतु यहां के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है। बताया कि लाचार विद्युत व्यवस्था के कारण बच्चों की पढ़ाई, व्यवसाय प्रतिष्ठान पर भारी नुकसान पहुंच रही है। खासकर उमस बड़ी गर्मी के कारण छोटे बच्चे एवं बुजुर्ग ज्यादा परेशान है। 24 घंटे की जगह क्षेत्र के लोगों को महज सात से आठ घंटे ही कट कटकर बिजली मिल रही है। आए दिन ब्रेकडाउन, फॉल्ट एवं डिस पंचर के कारण अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों ने इस दौरान बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन भी किया। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर सात दिनों के अंदर बिजली की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो सड़कों पर उतर कर महा आंदोलन किया जाएगा।

# शिविर में प्राप्त आवेदनों का होगा निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले के सभी अंचल और हल्का स्तर से संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर 22 जुलाई से 24 जुलाई तक तीन दिवसीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया था। तीन दिवसीय शिविर में सभी अंचलों से दाखिल खारिज के कुल 268 आवेदन प्राप्त हुए।

ये सभी आवेदन प्रक्रियाधीन है। रजिस्टर 2 सुधार हेतू कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 15 आवेदन का निष्पादन किया गया है और लंबित आवेदन 108 है।

भू-मापी सीमांकन हेतु कुल 1 आवेदन प्राप्त हुए, आवेदन लंबित है। जाति, आय एवं निवास से संबंधित कुल 844 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 653 आवेदन का निष्पादन किया गया है, लंबित आवेदन 191 है।

विविध मामले में कुल 300 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 92 आवेदन का निष्पादन किया गया, लंबित आवेदन 208 है। सभी लंबित आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि राजस्व से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए हर माह राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा।

तीन दिवसीय शिविर का उद्देश्य आमजनों को उनके निकटतम अंचल में ही राजस्व से संबंधित सेवाएं प्रदान करना।

# श्री सत्य साईं सेवा समिति ने महिलाओं के लिए शुरू किया निःशुल्क सिलाई कटाई प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** श्री सत्य साईं सेवा समिति पाकुड़ के द्वारा बैंक कॉलोनी स्थित साईं बाबा मंदिर में श्री सत्य साईं स्किल डेवलेपमेंट कार्यक्रम के तहत निःशुल्क सिलाई कटाई का शुभारंभ किया गया। जिसमें कोई भी महिला निःशुल्क सिलाई कटाई एवं बुनाई का काम सीख सकती है। प्रति रविवार शाम 3:00 बजे से सीखाया जाएगा। यह एक वर्षीय कार्यक्रम है। कोर्स पूरा करने वाली महिलाओं को संस्था के द्वारा प्रमाण पत्र एवं सिलाई किट प्रदान किया जाएगा तथा पुनः नया क्लास चलते रहेगा।

कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर श्री सत्य साईं सेवा संगठन पाकुड़ के जॉइंट जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ठाकुर, कन्वीनर सुशांत दुबे, जिला महिला सेवा कोर्डिनेटर सुष्मिता मंडल, जिला महिला आध्यात्मिक कोर्डिनेटर आशा देवी, नंदनी कुमारी, बसंती दास, सबिता देवी, साईं भक्त एवं सिलाई कटाई बुनाई सीखने वाली महिलाएं उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री सत्य साईं प्रेम थारू प्रोग्राम के तहत एक दर्जन फलदार वृक्ष भी लगाया गया। उल्लेखनीय है कि साईं मंदिर बैंक कॉलोनी में वर्षों से निःशुल्क आयुष मेडिकल साप्ताहिक एवं श्री सत्य साईं बाल विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# हाथीपांव ग्रस्त मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में शनिवार को डॉ मंजर आलम की उपस्थिति में डोमनगड़िया पंचायत के मुखिया सुभाष हेंब्रम के हाथों हाथीपांव से ग्रसित मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया।

इस संबंध में डॉक्टर आलम ने बताया कि हाथी पांव से ग्रसित मरीजों को विकलांगता तथा एक्यूट अटैक से बचने के लिए रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम किट प्रदान किया गया है ताकि मरीज अपने सूजन वाले स्थान को साफ सफाई एवं देखभाल कर सके। किट में एक बड़ा टब, मग, तोलिया, एंटीसेप्टिक, क्रीम,चप्पल, साबुन एवं एंटीसेप्टिक दवा दिया गया है। डॉ आलम ने हाथी पांव से ग्रसित मरीजों को प्रत्येक दिन सुबह एवं शाम को सुजन वाले जगह को साफ रखना है एवं रात को सोने के दौरान पैर को ऊंचे स्थान तथा तकिया में रखकर सोने को कहा। उन्होंने सभी मरीजों को सुजन कम करने के लिए प्रतिदिन व्यायाम करने की भी सलाह दी।

मौके पर केटीएस संजय मुर्मू, बीपीएम प्रभात दास,डॉक्टर गंगा शंकर शाह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर किट्स का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित दीदी कैफे सभागार में शनिवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत 3 से 18 आयु वर्ग दिव्यांग बच्चों के लिए जांच एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। वहीं शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य पिंकी उपासना मरांडी, बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, बीईईओ सुमिता मरांडी, डॉ मंजर आलम, बीपीएम प्रभात दास एवं एलिम्को टीम सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों के बीच ट्राई साइकिल, व्हील चेयर,एमएसआईईडी किट, एडीएल, ब्रेल किट आदि कुल 51 दिव्यांग बच्चों बे बीच किट का वितरण किया गया। शिविर में झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य पिंकी उपासना मरांडी




ने उपस्थित अभिभावक एवं दिव्यांग बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सरकार की यह एक सार्थक प्रयास है। दिव्यांग बच्चे विद्यालय में आकर बाधा रहित वातावरण में शिक्षा ग्रहण करें एवं समाज का एक उत्पादक सदस्य बनकर समाज में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। इसके साथ ही शिविर में मौजूद दर्जनों बच्चों को एलिम्को डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई एवं नए दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण हेतु चयन किया गया। मौके पर रिसोर्स शिक्षक कवि कुमार, राजकुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम प्रभात दास, एलिम्को टीम के डॉक्टर सहित क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के शिक्षक एवं दिव्यांग बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।

# एमएसीपी सहित अन्य मांगों को ले विधायक को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** झारखंड राज्य झारोटेफ संघ के कर्मियों ने राज्य कमिटी के आह्वान पर महेशपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नेतृत्व में पाकुड़िया प्रखंड इकाई ने प्रखंड अध्यक्ष इबरार आलम के नेतृत्व में जनसमर्थन रैली के माध्यम से महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो स्टीफन मरांडी को उनके आवास पर मांग पत्र सौंपा। प्रखंड अध्यक्ष इबरार आलम ने कहा कि अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने, राज्यकर्मियों की सेवानिवृति की उम्र 62 वर्ष करने तथा केन्द्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ प्रदान करने को लेकर मांग पत्र सौंपा गया है। उन्होंने




बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्णयानुसार कर्मचारियों के 11 सूत्री ज्वलंत एवं न्यायोचित माँगो की पूर्ति हेतु पाँच चरणों में आन्दोलन आहूत है।

आन्दोलन के प्रथम चरण हस्ताक्षर महाअभियान में जिले के हजारों कर्मियों ने अपना हस्ताक्षर करते हुए सरकार से विषयांकित मोंगो को पूरा करने का अनुरोध किया है तथा दूसरे चरण में सभी प्रखण्ड मुख्यालयों में ÷ध्यानाकर्षण रैली÷ आहूत कर उपरोक्त मुद्दों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास किया गया। इसी क्रम में आन्दोलन के तीसरे चरण में इन न्यायोचित मुद्दों पर विधायक का सहयोग एवं समर्थन हेतु ÷जनसमर्थन रैली÷ आहूत की गई। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 में सत्तारूढ़ दल ने उपरोक्त प्रमुख मुद्दों को अपने घोषणा-पत्र में सम्मिलित करते हुए इसे पूरा करने का वादा भी किया है। अतः उपरोक्त माँगो के समर्थन में कर्मचारियों का हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करते हुए विधायक से आग्रह किया कि इन न्यायोचित माँगो की पूर्ति हेतु यथोचित पहल किया जाय। मौके पर संघ के सचिव सरीफ अंसारी, संजीव घोष, अशोक कुमार साह, माधव तिवारी, मुंसी मुर्मू, बिकास भक्ता, दुमका इकाई के वरिष्ठ नेता बैधनाथ सिंह एवं जुलकर अंसारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष के प्रयास से जर्जर सड़क की कराई गयी मरम्मती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उधवा :** प्रखंड मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर दूर स्थित मोहनपुर पंचायत के सिमलजोड़ी गांव में बारिश से सड़क कीचड़मय हो गया है। जिससे ग्रामीणों को यातायात करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने झामुमो महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह पूर्व प्रखंड प्रमुख बसंती हांसदा को समस्या से अवगत कराया। इस पर संज्ञान में लेते हुए उक्त जर्जर व कीचड़मय सड़क की अस्थाई मरम्मती की पहल किया। रविवार को डस्ट बिछाकर अस्थाई मरम्मती कराया गया। उनके इस कार्य से ग्रामीणों में खुशी है। ग्रामीणों ने बसंती हांसदा का आभार जताया है। इस दौरान झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सह पूर्व प्रखंड प्रमुख बसंती हांसदा ने कहा कि बहुत जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते है। उन्होंने ग्रामीणों को आगे हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

# विवाहिता महिला से दुष्कर्म का आरोप, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**उधवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता महिला से भय दिखाकर व प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता के बयान पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राजमहल थाना क्षेत्र के पूर्वी नारायणपुर पंचायत से छापेमारी कर नामजद आरोपी मीनू सेख उर्फ मुन्ना शेख को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता महिला ने पुलिस को आवेदन देकर आरोप लगाई है कि विगत 3 मार्च 2021 से 20 जनवरी 2025 तक राजमहल थाना क्षेत्र के पूर्वी नारायणपुर पंचायत के मीनू शेख उर्फ मुन्ना शेख ने भय दिखाकर व प्रलोभन देकर उनके साथ यौन शोषण किया। मामले को लेकर राधानगर पुलिस ने पीड़िता के बयान पर थाना कांड संख्या 275/25 धारा 69/89/70(1)/351(2) बीएनएस के तहत मीनू शेख उर्फ मुन्ना शेख समेत तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल राधानगर पुलिस मामले की छानबीन में

## ट्रेन के उद्घाटन में खाटू श्याम के प्रेमियो का जत्था पहुंचा गोड्डा रेलवे स्टेशन

**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रेन और रेल यात्रियों के मामले में आज का दिन ऐतिहासिक महत्व का दिवस रहा। आज गोड्डा से पन्द्रहवीं ट्रेन के तौर पर खाटू श्याम जी, सालासर बाला जी तक के लिए रवाना हुई। श्याम प्रेमी प्रितम गाडिया ने सांसद निशिकांत दुबे को धन्यवाद देते हुए बताया की आज गोड्डा ऐतिहासिक राज्य से सिधे जुड़ गया। श्री गाडिया ने आगे बताया की इस से ट्रेन मुस्लिम समुदाय के भाईयो के लिये ख्वाजा नवाज के यहां जाएगी तो हिन्दू धर्म के लोगों के लिए पुष्कर जी, सांवलिया सेठ, श्रीनाथ जी, खाटु श्याम जी, सालासर बालाजी, जीण माता और झुंझुनूं, शाकम्भरी माता और जैन धर्म वालों के लिए सोनीजी की नसियाँ (अजमेर), जयपुर के नजदिक आमेर, सांगानेर का संघी जी का मंदिर, दिगंबर जैन बड़ा मंदिर लुहारू आदि जगह पर जाना गोड्डा से ही सुलभ हो गया साथ ही कोटा जाने वाले छात्रों को भी आसानी होगी। वहीं श्याम प्रेमियो में संजित अग्रवाल, पियूष खेमानी, अंकुश टिबरेवाल, सचिन गाडिया, प्रदीप भावसिंका सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## करंट लगने से व्यक्ति की मौत, घर में पसरा मातम

**गोड्डा/ महागामा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत हनवारा थाना क्षेत्र के कुशमहरा गांव में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। गांव के 45 वर्षीय गोपाल पासवान की मौत बिजली का तार जोड़ने के क्रम में हो गई। बताया जा रहा है कि गोपाल पासवान अपने घर के पीछे लगे ट्रांसफार्मर से बिजली का तार जोड़ने गए थे। इसी दौरान अचानक करंट लगने से वह गिर पड़े और मौके पर ही उनकी हालत गंभीर हो गई। ग्रामीणों के अनुसार घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की। ट्रांसफार्मर के पास जाकर देखा तो गोपाल पासवान अचेत अवस्था में जमीन पर पड़े थे और उनके हाथ में बिजली का तार लिपटा हुआ था। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं ग्रामीणों और परिवार वालों ने आनन-फानन में उन्हें तुरंत उठाया और अस्पताल ले गया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी हनवारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने परिजनों से पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। उनका कहना है कि परिवार पहले ही इस घटना से टूट चुका है, अब और मानसिक कष्ट नहीं सह पाएंगे। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## देवड़ाड पुलिस ने मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**पोड़ैयाहाट (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देवड़ाड थाना क्षेत्र सियरकटिया गांव में बीते 29 मार्च 2025 में मारपीट के घटना में आरोपी गुहिया पहाड़िया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य चार आरोपी फरार है थाना प्रभारी राहुल कुमार के नेतृत्व में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य चार आरोपियों के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है पुलिस का दावा है कि जल्द ही अन्य आरोपी की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा मालूम हो कि बीते 29 मार्च को एनवायरो कंपनी के कर्मियों के साथ उक्त गांव में मारपीट की घटना घटी थी जिसके बाद पुलिस ने 16 /25 के तहत मामला दर्ज किया था इधर हाल के दिनों में पुलिस ने थाना में दर्ज विभिन्न कांडो के आरोपी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रखी है .

## सिक्स वीक सर्टिफिकेट कोर्स पूरा कर रौशन ने बढ़ाया गोड्डा का मान

**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के राष्ट्रीय पदकवीर पहलवान रौशन कुमार साह ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पटियाला अवस्थित नेता जी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स से सिक्स वीक सर्टिफिकेट कोर्स इन स्पोर्ट्स कोचिंग इन रेसलिंग को सफलता पूर्वक ग्रेड ए के साथ कंप्लीट कर जहां एक और उपलब्धि अपने नाम किया वहीं गोड्डा सहित झारखंड का मान बढ़ते हुए कुश्ती के क्षेत्र में कैरियर की ओर एक और मजबूत कदम रख दिया है।



उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ के सचिव सुरजीत झा ने बताया कि रौशन की इस उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो, लोक मंच सचिव सर्वजीत झा 卐अंतेवासी卐, जिला कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अखिल कुमार झा एवं आशुतोष झा, संयुक्त सचिव आकाश कुमार, भानु प्रताप सिंह एवं सदस्य प्रीतम कुमार झा, हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार पप्पु एवं कबड्डी के एनआईएस कोच प्रियव्रत परमेश के अलावा कुश्ती के देवघर जिला सचिव संजीव कुमार झा व जामताड़ा जिला सचिव दीपक कुमार दुबे सहित साथी पहलवान राहुल कुमार, जीत सिंह एवं अंकित टुडू ने अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## शहरी क्षेत्र में संचालित नर्सिंग होम, क्लिनिकों एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों की हुई प्रशासनिक जांच



**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव के निर्देशन में गठित जिला स्तरीय टीम के द्वारा जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित नर्सिंग होम एवं क्लिनिकों में अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की गई। वहीं सदर अनुमंडल पदाधिकारी, बैद्यनाथ उरांव के द्वारा अनिता अल्ट्रासाउंड क्लीनिक तथा जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया के द्वारा सनराइज हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वरीय पदाधिकारीयों ने पंजीकरण प्रमाण पत्र, क्लीनिक पीसीपीएनडीटी अधिनियम का पालन हो रहा या नहीं, अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट आदि बिंदुओं पर जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## बैजानी के उ प्रा विद्यालय की बदतर स्थिति शिक्षा व्यवस्था का बना रहे मजाक

**गोड्डा/ठाकुरगंगटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बैजानी की स्थिति शिक्षा व्यवस्था की गंभीर अनदेखी को उजागर कर रही है। यह स्कूल एक शिक्षा मंदिर कम और उपेक्षा का प्रतीक अधिक बन गया है। विद्यालय के शौचालय में बीते छह महीनों से ताला लगा हुआ है, जिससे छात्र-छात्राएं साफ-सफाई की मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। इतना ही नहीं, स्कूल परिसर को प्रधानाध्यापक के द्वारा निजी उपयोग में लाया जा रहा है शिक्षा के स्थान पर भूसा रखा गया है, जिससे साफ जाहिर होता है कि विद्यालय को निजी संपत्ति समझ लिया गया है। विद्यालय में नामांकन 100 से अधिक छात्रों का दर्ज है, लेकिन जब हमारी पत्रकार टीम मौके पर पहुंची, तो सिर्फ 5 बच्चे ही उपस्थित मिले। वहीं उपस्थिति रजिस्टर पर हर दिन 70-80 छात्रों की फर्जी हाजरी दर्शाई जाती है, यह भ्रष्टाचार और लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापक विद्यालय को अपने निजी घरेलू कार्यों के लिए अधिक उपयोग करते हैं, और बच्चों की शिक्षा के साथ खुला मज़ाक किया जा रहा है। यह न केवल प्रशासन के लिए एक चेतावनी है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल भी खड़ा करता है। प्रशासन से मांग है कि तत्काल इस मामले में जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों को उनका शिक्षा का अधिकार मिल सके और शिक्षा के मंदिर की गरिमा वापस लौटे।

# डीसी ने पथरगामा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## कहा- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षण व्यवस्था में किया जाए सुधार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा गोड्डा जिले के पथरगामा प्रखंड अंतर्गत, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय बारकोप, पथरगामा, जल जीवन मिशन के अतर्गत वाटर ट्रिटमेट प्लांट, बालिका उच्च विद्यालय पथरगामा, चिहारी मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र पथरगामा, प्रखंड कार्यालय/अंचल कार्यालय पथरगामा का निरीक्षण, प्रथम वर्गीय पशु चिक्सिालय पथरगामा, जेएसएलपीएस द्वारा संचालित आटा और सरसो मील, होम्योपैथिक कॉलेज पारसपानी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पथरगामा में अलग-अलग कक्षा के अलावा साइंस लैब, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, भोजनालय एवं विद्यालय में तैयार हुए भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही साथ विद्यालय में स्टाफ क्वार्टर भवन निर्माण को लेकर के प्रस्ताव भवन निर्माण विभाग को देने हेतु निदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा अलग-अलग कक्षाओं में अध्यनरत छात्राओं से सामान्य ज्ञान, राज्य एवं राजधानी के प्रश्न पूछ कर उनके योग्यता की जांच की गई साथ ही पठन-पाठन में व्यवधान एवं किसी अन्य के द्वारा प्रताड़ित करने, सबसे बेहतर शिक्षण प्रदान करने वाले शिक्षकों के नाम, स्कूल से मिलने वाली सुविधाएं एवं पठन-पाठन सामग्री की जानकारी लेने को लेकर छात्राओं से अपनी अपनी लिखित अभिव्यक्ति ली गई ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र किया जा सके। उपायुक्त के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पथरगामा स्कूल परिसर में साफ सफाई, गर्ल्स हॉस्टल में टूटे हुए दरवाजा की मरम्मती करने, अव्यवस्थित किताबों को सुव्यवस्थित तरीके से अलमारी में सखने, पेयजल, बिजली एवं शौचालय के समुचित प्रबंध करने, शिक्षकों के द्वारा समय पर कक्षा बार विषयगत अध्ययन कराने, मेनू के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

जल जीवन मिशन के अतर्गत वाटर ट्रिटमेट प्लांट के निरीक्षण के द्वारा उपायुक्त के द्वारा कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और आमजन को मिलने वाले लाभों के संबंध में गहन चर्चा की गई। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा किए जाएं।निरीक्षण के क्रम में राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय पथरगामा में उपायुक्त के द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षावार शिक्षक से परिचय, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, क्लासरूम, किचेन, शौचालय सहित अन्य कक्षों का बारी बारी से निरीक्षण कर जानकारी ली गई।इस दौरान उपायुक्त ने किचेन का जायजा लेते हुए बालकों के लिए बने भोजन की जांच की उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किचेन की साफ सफाई को सुदृढ़ रखें। छात्राओं को मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए वहीं इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के छात्राओं से सीधा संवाद कर उनसे राज्य पर आधारित समान्य अध्ययन एवं साइंस के सोलर एनर्जी से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके योग्यता की जांच की गई साथ ही साथ छात्राओं से अपने भविष्य डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस एवं उच्च पदों पर आसीन होने हेतु अपनी अपनी ईच्छा जाहीर की गई। निरीक्षण के दौरान स्कूल की चारदीवारी एवं स्कूल में अवस्थित तीन आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन को लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा उपायुक्त को अवगत कराया गया। इसी क्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला अंतर्गत पथरगामा प्रखंड में स्थित चिहारी पहाड़ में बनाए गए विवाह भवन का निरीक्षण कर उपस्थित विवाह भवन संचालक को निर्देश दिए गए की प्रचार प्रसार के माध्यम से विवाह भवन में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए राजस्व में वृद्धि की जाए। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दी गई कि चिहारी पहाड़ मैं चिहचैत्री दुर्गा मंदिर, एक ऐसा स्थान है जहां आस्था और चमत्कार की कहानियां एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हैं। पहाड़ों के बीच, प्रकृति की गोद में बसा यह मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि उन हजारों दिलों की आस है जो यहां सच्ची श्रद्धा से मां के दर्शन करने आते हैं।

# महिलाओं कोअधिकारों से वंचित रखना ही घरेलु हिंसा : डालसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में रविवार को इंटेंशिव लीगल अवेयरनेस आयोजन किया गया । इसी कड़ी में पोड़ैयाहाट, सुंदरपहाड़ी, बोआरीजोर, महागामा , मेहरमा, गोड्डा, बसंतराय, पथरगामा एवं ठाकुरगंगटी प्रखंड के विभिन्न गांवों में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी गई। इसी कड़ी में मेहरमा प्रखंड के सौरिचकला गांव में ग्रामीणों को कानूनी अधिकार एवं घरेलू हिंसा से संबंधी जानकारी दी गई। मौके पर अधिकार मित्र सह पीएलवी




रामविलास महतो एवं सुषमा मरांडी आदि ने कहा कि घरेलु हिंसा अधिनियम महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के संरक्षण करने, महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने एवं उनके अधिकारों की रक्षा करती है। इस अधिनियम में केवल पत्नी नहीं बल्कि मां, बहन, विधवा, अथवा परिवार के किसी भी सदस्य को प्रताड़ित करना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना, मारपीट करना , शरीर के अंग को चोट पहुंचाना ,गाली गलौज करना मान सम्मान अपमानित करना, लड़का न पैदा होने पर ताने मारना, दहेज संबंधी मांग करना, परिजनों को धमकाना, बीमार होने पर इलाज न करना, उनके अधिकारों से वंचित रखना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। हमारे समाज में आए दिन घरेलू हिंसा अपराध की घटनाएं एवं समस्या बनी हुई है। इससे परिवार में तनाव, परिवार टूटने व बिखरने का डर लगा रहता है । समाज में हो रहे अपराध को रोकने हेतु सभी वर्गों को आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं। इसके अलावा बसंतराय के हिलाबै में जायसवाल मांझी व जोबाती मुर्मू, बोआरीजोर में दयानंद यादव एवं अनिता टुडू, ठाकुरगंगटी में विमल टुडू एवं मुन्नी रानी, महागामा में जयकृष्ण यादव एवं स्टेंशिला हेम्ब्रम, पोड़ैयाहाट में मो. हसीब व शंकर चंद्र सेन आदि ने भी शिविर आयोजित कर विविध जानकारी दी।

## सड़क और नाले की बदहाल स्थिति से तंग ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**गोड्डा/महागामा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत रामकोला पंचायत के खुर्द डुमरिया गांव में सड़क और नाले की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। गांव के मुख्य रास्ते पर भारी कीचड़ और जलजमाव के कारण ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के समय यह रास्ता पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे गांव से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कीचड़ में कीटाणु पनपने लगे हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। बच्चों को स्कूल जाने में भी कठिनाई होती है।स्थानीय ग्रामीण शंकर पासवान ने बताया कि नाले के टूटने के कारण यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। कई बार पंचायत के मुखिया से इस विषय में शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए, अन्यथा वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर गांव के कई लोग मौजूद थे जिनमें राजीव कापरी, पंकज कापरी, गणेश मंडल, ब्रह्मदेव मंडल, राजेश मंडल सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों की एकजुटता अब स्थानीय प्रशासन के लिए चेतावनी बन चुकी है कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ, तो जनाक्रोश और बढ़ सकता है।

# कृषि विभाग द्वारा जिलास्तरीय खरीफ फसल कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** कृषि विभाग द्वारा रविवार को जिला स्तरीय खरीफ फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन पर जिला कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, मत्सय पदाधिकारी, सभी प्रखंड एवं क्षेत्र से कृषि मित्र, पशु मित्र, मत्स्य मित्र एवं अन्य साथी उपस्थित थे। आज के इस कार्यशाला में आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाई जाने वाले एमडीए कार्यक्रम से संबंधित भी पिरामल फाऊंडेशन के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं बताया गया कि यह दवा बहुत ही उपयोगी है और यह साल में एक बार खिलाई जाती है। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से विमार को छोड़कर बाकी सभी ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के सामने यह दवा खाएंगे। यह दवा खाली पेट नहीं लेनी है। कुछ नाश्ता या भोजन के आधे घंटे के बाद ही ले सकते हैं । इस दवा के खाने से कोई हानि नहीं है । जिसके शरीर में फाइलेरिया जीवाणु रहता है, उन्हें ही उल्टी के लक्षण, शरीर में खुजलाहट, नींद आना, सर में हल्का चक्कर, यह लक्षण क्षणिक रहते हैं। इसके लिए प्रखंड एवं जिला स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम तैयार की गई। जो दवा के साथ मोबाइल वैन में कार्यक्रम के दौरान तैनात रहेंगे। यही एक बीमारी है जिसका इलाज बीमारी का पता चलने से पहले किया जाता है यह दवा साल में एक बार खाकर, लगातार 5 साल दवा खाने से इस बीमारी से बच सकते हैं।

## डहरे करम बेड़हा को लेकर चानकु करम आखड़ा को लेकर बैठक संपन्न

**गोड्डा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहद झारखंड कला सांस्कृति मंच का पूर्व निर्धारित बैठक चानकु महतो स्मारक स्थल रंगमटिया में प्रकाश महतो के घर पर संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता संजीव कुमार महतो ने किया व संचालन बालमुकुंद महतो ने किया। बैठक में डहरे करम बेड़हा 2025 गोड्डा की तैयारी हेतु शहीद चानकु महतो करम आखड़ा संयोजक का चुनाव किया गया। संयोजक मंडली में रघुवंश महतो, शिव नंदन महतो, बालमुकुंद महतो, गौतम महतो, बजरंग महतो, सोनु महतो, मिथिलेश महतो, राधेश्याम महतो को चुना गया। ये लोग रंगमटिया, रामपुर, माल डुमरिया, नवचक, ढाढ़ाचक, पचरुखी व शामपुर का करम जुलूस का तैयारी करेंगे व डहरे करम बेड़हा 2025 का आरंभ स्थल चानकु महतो स्मारक स्थल रंगमटिया पर आगंतुकों व करम जुलूस के शुभारंभ का तैयारी व जरुरी सुविधा व्यवस्था करेंगे। वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के बैनर तले यह दूसरी बैठक डहरे करम बेड़हा 2025 के आयोजन का तैयारी को लेकर आज रंगमटिया में किया गया। बृहद झारखंड कला सांस्कृति मंच के द्वारा आगामी 27 अगस्त 2025 (बुधवार) को गोड्डा में करम प्रदर्शनी कार्यक्रम का समय निर्धारित किया गया।डहरे करम बेड़हा में कुड़मी समुदाय के लोग अपने पारम्परिक वेशभूषा में मुख्य रूप से मां बहने लाल पाड़ साड़ी, भाई लोग गंजी, गमछा, धोती व ढोल, नगाड़ा व मांदर की थाप से करम गीतों में नाचेंगे गाते हुए रोड पर चलते हुए आऐंगे। डहरे करम बेड़हा कार्यक्रम हूल विद्रोह के महानायक वीर शहीद चानकु महतो स्मारक स्थल रंगमटिया से लेकर कारगिल शहीद वीर वीरेन्द्र महतो कारगिल चौक होते हुए सरकंडा से गोड्डा कॉलेज गोड्डा मैंदान में समापन किया जाएगा। सभी सदस्यो कहा कि पिछले साल के मुताबिक इस साल और भव्य आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनाना है। आगामी तैयारी बैठक पथरगामा पूर्वी क्षेत्र का होपनाटोला चौक केरवार परसपानी में 3 अगस्त रविवार को रखा गया है। आज के बैठक में बृहद झारखंड कला सांस्कृति मंच गोड्डा के संयोजक संजीव कुमार महतो, रजनीकांत महतो, दीपक महतो, दिनेश कुमार महतो, दयानंद महतो राजेश महतो, बालमुकुंद महतो समेत शहीद चानकु महतो करम आखड़ा के प्रो श्याम महतो, रघुवंश महतो, मदन महतो, शिवनंदन महतो, बाबूलाल महतो, पिंटू महतो, सविता नंदन, राधे महतो, गौतम महतो, मिथिलेश महतो, लालजी महतो, जयनाथ महतो, मुन्ना महतो, विकास महतो, बिनोद महतो, मिथिलेश महतो, अनुज महतो, प्रफुल्ल महतो आदि लोग उपस्थित हुए।

# हनवारा को अलग प्रखंड बनाए जाने की मांग को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा/महागामा :** प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख अफसाना बानो की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महागामा बीडीओ सोनाराम हांसदा, उपप्रमुख सहित क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य हनवारा को अलग प्रखंड का दर्जा दिलाने से संबंधित प्रस्ताव पर विचार करना था। चर्चा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बताया कि हनवारा की भौगोलिक स्थिति



अत्यंत विषम है और वहां की बड़ी आबादी को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पाता है। लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी महागामा प्रखंड तक आना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सदस्यों ने सुझाव दिया कि यदि हनवारा को प्रखंड का दर्जा मिल जाता है तो वहां के निवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं समय पर और सहज रूप से मिल सकेंगी। इससे न केवल विकास की गति तेज होगी, बल्कि ग्रामीणों की भागीदारी भी बढ़ेगी। वहीं लंबी चर्चा के बाद प्रमुख अफसाना बानो ने प्रस्ताव को सभा में रखा, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह प्रस्ताव जल्द ही जिला प्रशासन और राज्य सरकार को भेजा जाएगा और हनवारा को अलग प्रखंड बनाए जाने की मांग को आंदोलनात्मक रूप से भी उठाया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द इस पर निर्णय लिया जा सके।


# गोड्डा सांसद ने भाटोंधा रेलवे हॉल्ट का किया शिलान्यास

## मोदी गांधीजी की विचारधारा नहीं मानते, यहां एक हाथ बढ़ेगा तो हजार हाथ बढ़ेंगे : डॉ निशिकांत दुबे



**गोड्डा :** भाजपा सांसद डॉ0 निशिकांत दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि पीएम मोदी गांधी जी की उस विचारधारा को नहीं मानते जिसमें कहा गया था कि ÷एक गाल पर चाटा पड़े तो दूसरा गाल आगे कर दो।÷ उन्होंने कहा कि यहां अगर एक हाथ बढ़ेगा तो हजार हाथ आगे बढ़ेंगे। यह भाजपा है, जो कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाटोंधा हॉल्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में दिया बयान यह बयान उन्होंने रविवार को गोड्डा के भाटोंधा रेलवे हॉल्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में दिया। सांसद ने कहा कि ÷2027 तक गोड्डा से महगामा तक रेल लाइन बनकर तैयार हो जाएगी। उसके बाद महगामा से पीरपैंती और फिर नौगाछिया तक रेलवे पुल का काम भी जारी है।÷ उन्होंने यह भी घोषणा की कि गोड्डा में जल्द कोचिंग यार्ड की स्थापना होगी, जिससे लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन और रखरखाव यहीं से संभव होगा।क्रेडिट की होड़ः विधायक बनाम सांसद भाटोंधा हॉल्ट के निर्माण को लेकर अब राजनीतिक क्रेडिट लेने की होड़ तेज हो गई है। पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव ने दावा किया है कि उनके निरंतर प्रयास और राज्य सरकार के दबाव के बाद रेलवे हॉल्ट की मंजूरी मिली है। वहीं, सांसद निशिकांत दुबे इसे अपना प्रयास बता रहे हैं।विवाद इस बात को लेकर भी है कि शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक को आमंत्रित नहीं किया गया, और शिलापट्ट में भी उनका नाम नहीं शामिल है। इससे दोनों नेताओं के बीच टकराव और स्पष्ट रूप से सामने आ गया है।

## कृषक मित्रों के मानदेय को लेकर सांसद डॉ. निशिकांत दुबे से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात




**पथरगामा :** कृषक मित्रों के मानदेय लागू किए जाने की माँग को लेकर शनिवार देर संध्या प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार भगत के नेतृत्व में गोड्डा लोक सभा के लोकप्रिय सांसद डॉ. निशिकांत दुबे से भेंट की। प्रदेश अध्यक्ष श्री भगत ने कृषक मित्रों की समस्याओं और उनके भविष्य को लेकर अपनी चिंता साझा की और लोकसभा में इस मुद्दे को उठाने का आग्रह किया। श्री भगत ने कहा कि हम कृषक मित्र पिछले 15 वर्षों से सरकार की हर योजनाओं का धरातल पर उतरने का कार्य कर रहे हैं पर राज्य सरकार केंद्र की योजना का कर हमेशा टालने का प्रयास कर रही है । जबकि लगातार हम कृषक मित्रों को कार्य दिया जा रहा है और कार्य नहीं करने वाले कृषक मित्रों के ऊपर दबाव भी बनाया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद डॉ. दुबे ने आश्वासन दिया कि संसद की कार्यवाही के दौरान वह कृषक मित्रों की आवाज़ को मजबूती से सदन में उठाएंगे। उन्होंने कृषक मित्रों के भविष्य को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि कृषक मित्रों के साथ अन्याय हो रहा है, हम कृषक मित्रों के साथ हमेशा खड़े हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष दुःख भंजन निराकार सहित कई अन्य कृषक मित्र भी उपस्थित रहे।

## जगदीशपुर में अबिबा जिम का उद्घाटन मंत्री प्रतिनिधि ने फिता काटकर किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर में अबिबा जिम का फीता काट कर उद्घाटन मंत्री प्रतिनिधि सब्बीर हसन अंसारी ने किया। इस दौरान श्री अंसारी ने जिम के माध्यम से युवाओं को कसरत करने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सावचेत रहने की नसीहत दी।उन्होंने कहा कि जिम की उपयोगिता वर्तमान समय में काफी बढ़ गई है। मौके पर जिम के संचालक मुखिया मोहम्मद बशीरुद्दीन ने कहा कि इस तरह के जिम जगदीशपुर में खोला जाना क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। इसके खुलने से जगदीशपुर क्षेत्र के लोग भी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी, मोहम्मद फिरोज खान, मोहम्मद सलाउद्दीन, मकबूल अंसारी, मोहम्मद सद्दाम अंसारी, मोहम्मद नियाजउद्दीन,मोहम्मद खुद आलम, मोहम्मद मुख्तार आदि मौजूद रहे।

# श्रावणी मेले के 17वें दिन गूंज उठा देवघर

## अहले सुबह से बाबा मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### हजारों कांवरिया कर रहे हैं सुगम व सुरक्षित जलार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला 2025 के 17वें दिन बाबा बैद्यनाथ धाम परिसर सहित संपूर्ण रुटलाइन श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरा नजर आ रहा है। आज अहले सुबह 04-09 बजे जलार्पण की शुरुआत होते ही पूरा मंदिर परिसर बोल बम के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालु रात्रि के अंतिम प्रहर से ही कतारबद्ध होकर बाबा पर जल अर्पित करने के लिए आतुर दिखे। श्रद्धालुओं की भीड़ को सुगमता से नियंत्रित करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। बीएड कॉलेज से तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स होते हुए जलार्पण की प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से जारी है। हर तरफ श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। स्थानीय



प्रशासन और मेला प्रबंधन की ओर से सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व मार्गदर्शन की व्यापक व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालु निर्बाध रूप से बाबा का दर्शन और जलार्पण कर पा रहे हैं।

## बारिस से घर ढहने से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत



**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुपुर में बारिस का कहर देखने को मिला है ।बीती रात मधुपुर थाना क्षेत्र के कुम्हरटोली में मिट्टी का घर ढहने से 40 वर्षीय कुम्हार टोली निवासी मधु रवानी की मौत मौके पर ही हो गयी । मृतक दैनिक मजदूर था ।बीती रात वो अपने घर में सोया था । तेज बारिस के कारण उसका घर ढह गया जिससे उसकी मौत मौके पर हो गयी।

## सर्प दंश से एक युवक गंभीर

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सतगावां प्रखंड में शनिवार के देर शाम सर्प दंश से एक युवक के गंभीर होने का मामला प्रकाश में आया है ।युवक की पहचान प्रिंस कुमार पिता धनेश्वर प्रसाद यादव ग्राम माथाखैरा निवासी के रूप में पहचान की गई है।घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति को परिजनों के मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

## टायर फटने से अनियंत्रित हुआ मिनी बस पलटा, कई लोग घायल

**चंदवारा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चंदवारा थानां क्षेत्र अंतर्गत जामुखाडी के पास हजारीबाग से कोडरमा जा रही मिनी यात्री बस राज नंदनी बस संख्या जे एच 02 एफ 9649 रविवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। यात्री चीख-पुकार मचाने लगे। इस हादसे में कई यात्री घायल हो गए वही एकं की स्थिति गंभीर बताई गयी है। दुर्घटना के दौरान कुछ लोगों को मामूली चोटें भी आयीं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। घायलों की पहचान शबाना खातून, रवि पासवान और दुर्गेश्वरी पासवान के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस का टायर ब्लास्ट हो गया था जिसके बाद बस सड़क पर संतुलन खो बैठी और पलट गई। बस मे 20 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने बस से यात्रियों को निकाला और फिर पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना के बाद एस आई मेघनाथ दुबे,ए एस आई दिलीप मंडल दल बल के साथ पहुँच कर घटना की जानकारी ली व घायल यात्रियों को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल भिजवाया जहाँ वे इलाजरत है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त मिनी बस को कब्जे में लेकर थानां ले गए।

## कौण्डिन्य पब्लिक स्कूल में दिव्य रुद्राभिषेक पूजन सम्पन्न



**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आश्रम रोड स्थित कौण्डिन्य पब्लिक स्कूल में रुद्राभिषेक पूजा का दिव्य और भक्ति-भाव से ओतप्रोत आयोजन सम्पन्न हुआ। इस पावन अनुष्ठान का संचालन वेदपाठी आचार्यों द्वारा वैदिक रीति से किया गया, जिसमें विद्यालय के चेयरमैन सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह एवं निदेशक मंजू सिंह ने पूरे भक्तिभाव के साथ भाग लिया। मौके पर विद्यालय के कई शिक्षकगण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी मौजूद रहे।

## आरपीएफ ने फौरी एकशन लेते हुए चलती ट्रेन में नशे में धूर्त लोगों को पकड़ा

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानव अधिकार एवं समाजिक न्याय हज़ारीबाग मंडल उपाध्यक्ष राम रतन अवध्या ने कहा कि मैं ह्यूमन राइट एंड सोशल जास्टिश के एक बैठक में हैदराबाद गया हुवा था, वापसी में मैं 25 जुलाई 2025 को चारलापल्ली (तेलंगाना) जक्शन में सप्ताहिक ट्रेन नंबर - 07256 में कोच संख्या 5 बर्थ संख्या 33 पर सफर कर रहा था, मेरे ही कोच में बर्थ संख्या 55 और 56 पर दो पति-पत्नी अपने दो छोटे छोटे बच्चे के साथ सफर कर रहे थे। कल दिनांक 26/07/2025 को यात्रा के दौरान नागपुर स्टेशन के पहले ही लगभग साढ़े 9 बजे 4 से पांच लोग जो नशे में धूर्त थे उन यात्रा कर रहे दम्पति के साथ उलझ गये एवं उसकी पत्नी को उठा कर ले जाने लगे, हमारे विरोध करने पर और कुछ यात्री विरोध किये जिसे हमलोगों ने एक बड़ी अनहोनी को होने से रोक पाया।

## 31 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होगा आकांक्षा हाट

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । नगर परिषद् झुमरी तिलैया स्थित पूर्णिमा टॉकिज परिसर में आगामी दिनांक 31 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक आकांक्षा हाट का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपने-अपने योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ÷आकांक्षा हाट÷ में कोडरमा जिले की स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री एवं विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए उपयुक्त मंच तैयार किया जाएगा।उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव डेमोंस्ट्रेशन, सूचना प्रदर्शनी, स्टार्टअप एवं नवाचार प्रदर्शन, महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ ताकि आयोजन बहुआयामी और जन-संवेदनशील हो। साथ ही, उन्होंने आकांक्षा हाट के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार पत्रों एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित करने को कहा।

## चोरी की मोटरसाईकिल के साथ दो मोटरसाईकिल चोर गिरफ्तार, चोरी का दो मोटरसाईकिल भी बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** बीते दिनो जिले के तिलैया थानान्तर्गत तिलैया बस्ती से पंकज कुमार का हीरो सूपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल जेच 12॥/ 6738 आज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गया था । जिसके संबंध मे तिलैया थाना कांड संख्या 228/25 दर्ज किया गया था । उक्त कांड के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की उक्त कांड में चोरी किया गया मोटरसाईकिल को चोरी करने वाले चोर ग्राम-बसकुटवा, थाना- गुरपा, जिला-गया(बिहार) में मोटरसाईकिल के साथ देखे गये है । उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्याक कार्रवाई हेतु पुलिस पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते



हुए सूचना स्थल पर छापामारी की गई, जिस क्रम में उक्त कांड में चोरी गई मोटरसाईकिल के आलावे एक चोरी की मोटरसाइकल( अपची मोटरसाइकिल) के साथ राकेश कुमार उर्फ मुन्ना माझी, पिता-राजकुमार माझी एवं अजय कुमार पिता- स्व0 बंगाली माझी दोनों ग्राम- बसकुटवा, थाना- गुरपा, जिला- गया(बिहार) को गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है । मौके पर अभियान में पु0नि0-सह-थाना प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना,स0अ0नि0 सत्वीर कुमार सिंह, तिलैया थाना ।पैंथर एवं सशस्त्र बल, तिलैया थाना की भूमिका रही ।

## हथुआधारण एवं जरगा के जंगली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित भट्ठियों व 78 ड्राम जावा महुआ नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की तिलैया थानान्तर्गत हथुआधारण एवं जरगा के जंगली क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब की भट्ठियों का संचालन कर अवैध देशी शराब बनाया जा रहा है । उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, तिलैया थाना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया.उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हथुआधारण एवं जरगा के जंगली क्षेत्रों में छापामारी किया गया, जिस क्रम में हथुआधारण जंगली क्षेत्र में अवैध देशी शराब की भट्ठी एवं 300 लीटर वाले प्लास्टिक ड्राम के 50 ड्राम में भरा हुआ जावा महुआ तथा 100 लीटर देशी महुआ शराब प्लास्टिक के गैलन में भरा पाया गया । अवैध शराब की भट्ठी एवं ड्राम में भरा हुआ जावा महुआ को वहीं विनष्ट किया गया तथा 100 लीटर देशी महुआ शराब को जप्त किया गया । इस क्रम में ज्ञात हुआ की उक्त अवैध धन्धा को हथुआधारण के सुनील यादव, पिता- रामबल्लभ यादव द्वारा संचालित किया जा रहा था । जरगा जंगली क्षेत्र से अवैध देशी शराब की भट्ठी एवं 300 लीटर वाले प्लास्टिक ड्राम के 28 ड्राम में भरा हुआ जावा महुआ




तथा 60 लीटर देशी महुआ शराब प्लास्टिक के गैलन में भरा पाया गया । अवैध शराब की भट्ठी एवं ड्राम में भरा हुआ जावा महुआ को वहीं विनष्ट किया गया तथा 60 लीटर देशी महुआ शराब को जप्त किया गया । इस क्रम में ज्ञात हुआ की उक्त अवैध धन्धा को जरगा के शंभु महतो द्वारा संचालित किया जा रहा था । इस प्रकार दोनो जगहो से कुल 160 लीटर अवैध देशी महुआ शराब जप्त किया गया तथा 78 ड्राम में भरा हुआ जावा महुआ को विनष्ट किया गया । इस अवैध धन्धा में संलिप्त पाये गये अभियुक्तो के विरूद्ध तिलैया थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है । छापामारी दल में पु0नि0-सह-थाना प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना । पु0अ0नि0 नरेश सिंह, तिलैया थाना व पैंथर एवं सशस्त्र बल, तिलैया थाना की भूमिका रही.

## भारत-रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** स्थानीय राहुल अध्ययन केन्द्र में भारत-रत्न व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में जनवादी चिंतक धनंजय प्रसाद ने डॉ. कलाम



के जीवन और कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वे मिसाइल मैन के नाम से विश्वविख्यात रहे। उन्होंने भारत को परमाणु सम्पन्न राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें बच्चों, साहित्य और संगीत से गहरा लगाव था। उन्होंने कहा कि कठिन संघर्ष, परिश्रम और लगन के बल पर डॉ. कलाम ने खुद को एक प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित किया। वे देश के पहले वैज्ञानिक राष्ट्रपति थे और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की तरह सादगीप्रिय थे। उनका व्यक्तित्व उनके पद से कहीं बड़ा था। उन्होंने कहा, जो विद्यार्थी मेहनत और लगन से पढ़ेगा, वह निश्चित रूप से जीवन में सफलता प्राप्त करेगा। दुर्भाग्य की बात यह है कि आज पढ़ा-लिखा व्यक्ति बेरोजगारी से जूझ रहा है जबकि कम पढ़े-लिखे और अयोग्य लोग राजसुख भोग रहे हैं। वर्तमान व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि पहले विद्वान और ज्ञानी लोग शासन व्यवस्था चलाते थे, अब उसकी बागडोर गलत, फरेबी और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के हाथों में चली गई है, जिसके कारण परिणाम भी विफल और दिशाहीन हो रहे हैं। सभा में अन्य वक्ताओं ने भी डॉ. कलाम के विचारों और योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मरकच्चो से बोल बम के लिए रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** सावन मास के पावन अवसर पर बोलबम यात्रा को लेकर रविवार को बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मरकच्चो से रवाना हुए। श्रद्धालुओं का दल बाबा धाम देवघर के लिए बोल व हर हर महादेव के जयघोष के साथ रवाना हुए। श्रद्धालु गेरुआ वस्त्र धारण किए,माथे पर चंदन तिलक लिए कांवर के साथ वाहन पर सवार होकर सुल्तानगंज के लिए निकले। महिलाओं की भागीदारी उत्साह जनक देखी गयी। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने स्थानीय शिवालियों में जलाभिषेक कर यात्रा आरंभ की। बोल बम दल में संजय साव के नेतृत्व में प्रभु चौधरी, केशव लाल साव, सुजीत यादव ,सागर गुप्ता, सोनू गुप्ता, ऋषि कुमार ,मनोज कुमार, ननकी देवी ,बसंती देवी, कुंती देवी, संगीता देवी, बबिता देवी ,शीला देवी, रीना देवी, नीतू देवी, हेमंती देवी आदि रवाना हए।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल बना विजेता, कोडरमा सहोदया समूह नृत्य प्रतियोगिता ग्रिज़ली विद्यालय में आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित अंतर-विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता 2025 का आयोजन ग्रिज़ली विद्यालय में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के 11 विद्यालयों के 124 प्रतिभागियों ने पारंपरिक व लोक नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ठाकुर (सीजीएम एवं एचओपी, केटीपीएस, कोडरमा) का स्वागत विद्यालय निदेशक अविनाश सेठ एवं मनीष कपसीमे ने किया। सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ एवं प्रधानाचार्या अंजना कुमारी ने निर्णायकों एवं सहोदया पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में स्वागत नृत्य ग्रिज़ली विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेक्रेड हार्ट स्कूल, द्वितीय स्थान जी.एस. पब्लिक स्कूल, तथा तृतीय स्थान (संयुक्त रूप से) डीएवी पब्लिक स्कूल एवं आदर्श +2 उच्च विद्यालय, मधुवाटांड़ को



प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में ग्रिज़ली विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए समूह नृत्य ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल में अनिता शर्मा, शोभा सिन्हा एवं नवीन पंड्या की भूमिका उल्लेखनीय रही। निर्णायक मंडल के सदस्य नवीन पंड्या ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी की प्रस्तुतियों में नृत्य के प्रति निष्ठा, समर्पण और सृजनात्मकता स्पष्ट झलक रही थी। इस मंच ने प्रतिभाओं को निखारने का श्रेष्ठ अवसर प्रदान किया है। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, समन्वय और रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। यह न केवल कला के विकास का माध्यम है, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन और सहभागिता की भावना भी उत्पन्न करती हैं। सहोदया सचिव प्रमोद शर्मा ने सभी प्रतिभागी विद्यालयों, आयोजक टीम, निर्णायकों एवं अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सहयोग की मिसाल है। सहोदया पदाधिकारी सचिव प्रमोद शर्मा एवं कोषाध्यक्ष नितेश सिंह, विद्यालय की निदेशिकाएं सुनीता सेठ एवं शुभा कापसीमे, अतिथि संजय अग्रवाल एवं निशा गुप्ता, विभिन्न सदस्य विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्यगण भी कार्यक्रम में ससम्मान उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की इलाज के दौरान मौत, मंगलम हॉस्पिटल पर लगाया लपरवाही का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** तिलैया थाना अंतर्गत रांची - पटना मुख्य सड़क के सुभाष चौक के नजदीक हुए सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की मंगलम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान शनिवार शाम को हो गई. जिसके बाद मृतक अर्श मोहमद उम्र 10 के परिजनों ने शव को वहीं छोड़कर मंगलम हॉस्पिटल पर लपरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया ओर अस्पताल को सील करने व डॉक्टर पर मंगलम हॉस्पिटल पर मामला दर्ज करने तथा मुआवजा देने की मांग कर रहे थे. इस इस दौरान अस्पताल प्रबंधण तथा डॉक्टर पर इलाज में लपरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां इलाज में जमकर लपरवाही बरती गई कहा कि जब बच्चे की ठीक ठाक था और इस दौरान सभी लोगों से बच्चे बात कर रहा था तो शाम



में अचानक बच्चे की मौत कैसे हो गई कहा कि अगर अस्पताल व डॉक्टर को अगर लग़ रहा था कि बच्चे की हालत खराब थी तो रेफर क्यों नहीं की. वहीं हंगामे की सूचना मिलने पर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार पूरे टीम के साथ मौके पर पहुंच मृतक के परिजनों के शांत कराने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए कोडरमा सीओ हलधर सेठी भी पहुंच मामले पर नज़र रखा जा रहा था. जिसके बाद पूरे रात कई बार हंगामा और बीच बचाव के बीच मृतक के परिजनों व मंगलम हॉस्पिटल के बीच मुआवजा के रूप में सहमति बनने का बाद परिजन मृतक का शव को अस्पताल से ले गए.इस दौरान काफ़ी संख्या में स्थानीय पुलिस व दोनों पक्षो के लोग मौजूद थे.

## चित्रा कोलियरी में 19वें दिन भी कोयला ढुलाई ठप, मजदूरों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** डेमोक्रेटिक कोलियरी मजदूर यूनियन के संस्थापक महासचिव अशोक वर्मा ने बताया कि चित्रा कोलियरी में कोयले की ढुलाई 19वें दिन भी ठप रही, जिससे लगभग 50,000 लोगों की आजीविका संकट में है। उन्होंने कहा कि डंपर और हाईवा विवाद के चलते बाढ़



व फरक्का थर्मल पावर स्टेशनों को कोयले की आपूर्ति बंद है, जिससे जल्द ही विद्युत उत्पादन भी प्रभावित हो सकता है। अशोक वर्मा ने प्रबंधन द्वारा निर्दोष मजदूरों का वेतन काटे जाने की निंदा की और कहा कि इससे स्थिति और भड़क गई है। मजदूर सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही डंपर मालिकों को आशंका है कि यदि हाईवा कंपनियों को ढुलाई का ठेका मिला तो वे बेरोजगार हो जाएंगे और आर्थिक तंगी में फंस जाएंगे। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि पहले से ही टेंडर में गड़बड़ी थी और कागजों में हाईवा दिखाकर वास्तव में डंपरों से ढुलाई करवाई जा रही थी। मामला कोल मंत्रालय तक पहुंच गया है, और जल्द ही जांच टीम के आने की संभावना है। यूनियन कोलियरी को पुनः चालू कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## संगठन सृजन 2025 के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रविवार को गीतांजलि बैंक्विट हॉल में कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के अध्यक्षता में संगठन सृजन 2025 के तहत बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम शुरुआत के पहले पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के तस्वीर पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। संगठन सृजन 2025 के तहत बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि आगामी 15 अगस्त 2025 के पहले हर हाल में पंचायत कमेटी विस्तार व बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की नियुक्ति हर हाल में करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी निष्ठावान होकर समर्पित भाव से पार्टी के लिए कार्य करें तथा लोगों के बीच जाकर पार्टी के सिद्धांतों एवं सरकार द्वारा चलाया जाए जनकल्याणकारी योजनाओं का



व्यापक रूप से प्रचार प्रचार करें तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी के संदेश को जन जन तक पहुंचाएं। मौके पर डोमचांच पर्यवेक्षक चंद्र भूषण साहू, कोडरमा प्रवेक्षक नागेश्वर राम,कोडरमा नगर पंचायत पर्यवेक्षक संजय सेठ,मरकच्चो प्रखंड पर्यवेक्षक दशरथ पासवान, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल,डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह , सतगामा प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह,कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष सरवन सिंह,मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष केदार राणा, झुमरी तिलैया नगर अध्यक्ष प्रभात राम , रविशंकर सिंह, प्रकाश रजक, चौधरी लाल पासवान, अमित पांडे, रफीक मियां, अजगर खान, कुमार रवि, दिनेश सिंह,मनोज शर्मा, टुकलाल दास, अर्जुन पासवान, जमीर उद्दीन, वहीं बैंठक की संचालन कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह ने किया!

## उर्दू भाषा के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : जावेद अख्तर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार द्वारा उर्दू शिक्षकों को सहायक आचार्य का नाम देकर उनके वेतन में कटौती करने का निर्णय उर्दू भाषियों और उर्दू प्रेमियों के साथ खुला अन्याय है। यह न केवल शिक्षकों के सम्मान के साथ खिलवाड़ है, बल्कि उर्दू भाषा को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश भी प्रतीत होती है। अब उर्दू शिक्षकों को उनका पूरा वेतन न देकर केवल आधा वेतन देने की योजना बनाई गई है, जो पूरी तरह अनुचित और भेदभावपूर्ण है।



समाजसेवी और उर्दू आंदोलन से जुड़े जावेद अख्तर ने इस कदम की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि झारखंड में उर्दू भाषियों ने हमेशा राज्य के विकास में योगदान दिया है। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार में उन्हें लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। अब शिक्षकों की गरिमा पर प्रहार कर सरकार ने यह जता दिया है कि वह उर्दू भाषा को मिटाने की ओर बढ़ रही है।÷ जावेद अख्तर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो राज्य भर में उर्दू प्रेमी आंदोलन छेड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल उर्दू शिक्षकों की लड़ाई नहीं, बल्कि हमारी भाषा, संस्कृति और अस्तित्व की लड़ाई है।

**उन्होंने मांग की कि :-**

1. उर्दू शिक्षकों को फिर से ÷उर्दू शिक्षक÷ का पदनाम दिया जाए। 2. वेतन में किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए। 3. उर्दू को झारखंड में दूसरी राजभाषा के रूप में व्यवहारिक दर्जा दिया जाए।

प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उर्दू प्रेमी जल्द ही एक राज्यव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे और सरकार को जवाबदेह बनाएंगे।

## नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर में शिवेश भगत ने दिया श्रम दान



**डुमरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेस क्लब डुमरी द्वारा क्लब प्रांगण में चलाये जा रहे निन्शुल्क कांवरिया सेवा शिविर में कांवरियों की सेवा में प्रेस क्लब के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।सावन भर प्रति दिन संध्या से रात्रि तक चलने वाले शिविर मेंसमाज के कतिपय संभ्रांत लोग भी अपनी सेवा दे रहे हैं।शिविर में झारखंड सहित बिहार,बंगाल,छत्तीसगढ़,यूपी के कांवरियों का ठहराव होता है।क्षेत्र के सोशल वर्कर (सामाजिक कार्यकर्ता) सह प्रतिष्ठित व्यवसायी शिवेश भगत उर्फ नाजू भगत भी शनिवार रात्रि सेवा शिविर में कांवरियों को भोजन परोस भावविभोर हुए।उन्होंने बताया कि वे काफी आनंदित महसूस कर रहे हैं।उन्होंने प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को ऐसे नेक व पुण्य के काम के लिए साधूवाद दिया।प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शिविर का यह 9वां वर्ष है।वहीं शिविर में कांवरियों के लिए चाय,स्वादिष्टभोजन,दवा तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था पूरी तरह से निन्शुल्क है।कांवरियों की सेवा में पत्रकार मनोज सिंह,शशि जयसवाल,बिरेन्द्र कुमार सिन्हा,बिट्टु भगत,रवि सिन्हा युगल सहित क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता शिव स्वर्णकार,सुबोध सिन्हा,कमलेश कुमार,प्रशांत,सूरज,आदि पूरी तन्यता से जूटे हुए हैं।

## बाबा गणिनाथ की जयंती को लेकर बैठक आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा धनबाद जिला के सदस्यों की बैठक जिलाध्यक्ष विशाल कुमार की अध्यक्षता में हीरापुर स्थित नवरत्न कैटरर के कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 23 अगस्त को बेकारबांध स्थित ब्लेशिंग वैंकवेट हॉल में होने वाली बाबा गणिनाथ जयंती की तैयारियो पर चर्चा किया गया। विशाल गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष समाज के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। 80त्न से अधिक अंक लाने वाले समाज के विद्यार्थियों को सभी अपने प्रमाण पत्र कमिटी में ससमय जमा करना आवश्यक है। बैठक में मुख्य रूप से प्रकाश कुमार गुप्ता, कैलाश कुमार गुप्ता, गोल्डेन कुमार, संजय कुमार गुप्ता, राज कुमार गुप्ता, राम अवतार मदेशिया, राजेश कुमार गुप्ता प्रमंडल प्रभारी मनोज कुमार, विवेक गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता विकास कुमार गुप्ता, मनटु साव, शशीप्रकाश, निर्मल कुमार साहु उपस्थित थे।

## मरीजों के बीच 40 थरमस और 60 मिनरल वाटर की बोतलें वितरित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाज सेवीयों ने दानदाताओं के सहयोग से फिर से एक बार नेताजी आई हॉस्पिटल,रामचंद्रपुर, पुरुलिया में मरीजों के लिए 750 मिलीलीटर मिल्टन के 40 थरमस फ्लास्क और 60 पीस मिनरल वाटर की बोतलें प्रदान की गई। आपको बता दे की इस अस्पताल में गरीब और जरूरतमंद लोगों का आंखों का इलाज और मोतियाबिंद का ऑपरेशन लेंस सहित निशुल्क किया जाता है। झारखंड और पश्चिम बंगाल के मरीज इलाज के लिए इस अस्पताल में जाते हैं। दानदाताओं के सहयोग से पहले भी नेताजी आई अस्पताल में धनबाद के समाजसेवी के द्वारा पहले भी सहयोग किए हैं और भविष्य में भी सेवा जारी रहेगी। इस कार्यक्रम को रॉबिन चटर्जी के नेतृत्व में अजय कुमार चौधरी,दिलीप कुमार चौधरी,अमित कुमार,नयन बिस्वास,तपन कुमार चक्रवर्ती,प्रणब कुमार दास,संदीप घोष,राजेश कुमार और नीलकमल खवास आदि ने संपन्न किये।

# अनियंत्रित होकर कार सवार ने बिजली पोल में मारी टक्कर , कार हुआ क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के कालीबाड़ी के समीप रविवार सुबह एक बड़ा हादसा उस वक्त टल गया। वही एक अनियंत्रित होकर कार नेक्सा चार पहिया वाहन बिजली पोल से जाकर टकरा गई। वाहन की स्पीड इतनी तेज थी की बिजली पोल पूरी तरह से टूट कर गिर गया, हालांकि गनीमत यह रही की वाहन का सेफ्टी बैलून खुल गया और वाहन पर सवार लोगों को ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन इस घटना के बाद शहरी क्षेत्र के कालीबाड़ी रोड़ की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गयी। घटना के बाबत बताया गया की रविवार सुबह एक नेक्सा चार पहिया वाहन पर सवार होकर पांच लोग पटना से जमशेदपुर जा रहें थें, इसी दौरान जब इनकी गाड़ी गिरिडीह शहर के कालीबाड़ी रोड़ होते हुए जा रही थी की अचानक वाहन का चालक



अपना नियंत्रण खो दिया और सीधे कालीबाड़ी चौक पीएनबी बैंक के सामने स्थित एक बिजली के पोल पर टक्कर मार दी, घटना के बाद बिजली का पोल पूरी तरह से टूट कर गिर गया और कार सवार लोगों को चोट आ गयी। आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गयी और कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

## डीलर संघ की बैठक सम्पन्न, 1 अगस्त को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन का ऐलान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया (गिरिडीह):** रविवार को सरिया स्थित शिव मंदिर परिसर में डीलर संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीलर संघ के अध्यक्ष राजेश बर्मा ने की। बैठक में बड़ी संख्या में डीलरों ने भाग लिया और अपनी-अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखा।बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि आगामी 1 अगस्त को गिरिडीह जिला मुख्यालय में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह आंदोलन डीलरों की समस्याओं और लंबित मांगों के समाधान हेतु किया जा रहा है।अध्यक्ष राजेश बर्मा ने कहा कि, ÷डीलर लगातार विभागीय निर्देशों का पालन करते हैं, लेकिन हमारी समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं होती। जुलाई माह का अनाज अब तक नहीं मिला है, वहीं विभाग अगस्त माह का अनाज भेजने की तैयारी में है। यह व्यवस्था पूरी तरह असंतुलित है।उन्होंने यह भी बताया कि जुलाई महीना समाप्त हो चुका है लेकिन गोदाम से अनाज न मिलने के कारण कार्डधारकों को राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। वहीं, डीलरों को विभागीय अधिकारियों द्वारा समय पर अनाज भेजे जाने का आश्वासन दिया गया था, जो अब तक अधूरा साबित हुआ है।बैठक में शामिल अन्य डीलरों ने भी विभागीय लापरवाही पर नाराज़गी जताई और एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की।इस बैठक में प्रमुख रूप से सौरभ जैन, सत्रजीत घोष, पंकज रजक, बिनोद सिंह, अनूप तरवे, हेमंत सिंह, मोहन मंडल, बासुदेव मंडल, भगवान लाल मोदी, शिव शंकर मोदी, सुरेश राम, नंदलाल रविदास, रामचंद्र रविदास और रामचंद्र धोबी समेत कई डीलर उपस्थित रहे।

## पत्थरगड़िया पंचायत अंतर्गत धोवाटांड़ बस्ती कोचा कूल्ही को मिला ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पत्थरगड़िया पंचायत अंतर्गत धोवाटांड़ बस्ती कोचा कूल्ही में गिरिडीह लोकसभा के लोकप्रिय सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के आदेशानुसार आज नया 100 के भी का ट्रांसफार्मर लगाया गया ।नए ट्रांसफार्मर का महुदा क्षेत्र के लोकप्रिय जिप सदस्य (पूर्व) सह केंद्रीय संगठन सचिव (जनता श्रमिक संघ) संतोष कुमार महतो ने नारियल एवं फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किए ओर पूरा गांव को अंधेरे से उजाला में बदले।गांव के सभी ग्रामीणों ने इस कार्य बहुत खुश हुए और माननीय सांसद जी के प्रति आभार व्यक्त किए।।मोके पर बिंदेश्वर महतो, अभिमन्यु महतो मधुसूदन महतो, दिनेश महतो , धीरन महतो सुरेंद्र महतो , प्रीतम महतो सकरु महतो , मृत्युंजय कुमार महतो, कैलाश नापित कामदेव , राजकुमार महतो , मिथुन महतो ,रामचंद्र महतो इंद्रदेव , दीपक महतो गौतम महतो मदन महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे ।

## भाकपा माले ने गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखण्ड के हटिया मैदान में माले का 10 दिवसीय विशेष कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भाकपा माले के संस्थापक चारु मजूमदार और पूर्व सांसद ए के राय की शहादत दिवस दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर, भाकपा माले पार्टी के बैनर तले उपस्थित माले वरिष्ठ नेता साथी पूरण महतो ने कहा कि पीरटांड़ प्रखंड के एक एक गांव में भाकपा माले के सदस्य होंगे, विकास के नाम पर झूठा वादा नहीं चलने देंगे, वही माले नेता कन्हाई पांडेय ने कहा गिरिडीह विधानसभा को लाल झंडे से पाटने का कार्यक्रम भाकपा माले चलाएगा,मजदूर किसान के वरिष्ठ साथी अजीत राय,किशोर राय, ने कहा हम सब मिलकर पीरटांड़ में एक बड़े आंदोलन के की जरूरत है, सुविधा के अभाव में पीरटांड़ बर्बाद हो रहा है,इसको ठीक करने का लक्ष्य है। इधर माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि, गिरिडीह सदर में इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यक्रम में,दर्जनों पार्टी के सदस्य भी शहर में कार्यक्रम कर रहे थे, इसलिए कार्यक्रम नहीं नहीं उपस्थित हुए,लेकिन कहा कि जल्द पीरटांड़ पंचायत के गांव में जल्द से जल्द बैठक होगी, उपस्थित दे,द्वारिका राय, हरधन तूरी जागेश्वर महतो रेखा दैवी मालती देवी रुक्मिणी देवी सरिता देवी मसूदन कोल्ह किशोर राय पवन यादव भीम कोल्ह राजन तूरी मेरुलाल हंसदा रघुनाथ किस्कू आदि मौजूद थे।

## विपक्ष के नए सचेतक बने बगोदर विधायक नागेन्द्र महतो, चारों ओर से मिल रही हैं शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** झारखंड विधानसभा में बगोदर विधायक नागेन्द्र महतो को विपक्ष का सचेतक बनाए जाने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। कार्यकर्त्ताओं और समर्थकों में उत्साह साफ नजर आ रहा है। रविवार को नगर सांसद प्रतिनिधि हेमलाल मंडल समेत दर्जनों कार्यकर्ता खेतको स्थित आवास पहुंचे, जहां उन्होंने श्री महतो को बुके भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर हर्षपूर्वक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।कार्यकर्त्ताओं ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह पद बगोदर की जनता के संघर्ष और विधायक नागेन्द्र महतो की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हेमलाल मंडल ने कहा, ÷नागेन्द्र महतो का यह पद उनके ईमानदार नेतृत्व और जनता से जुड़ाव का प्रमाण है। हम सबको गर्व है।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विधायक को केंद्रीय नेतृत्व तक अपनी बात मजबूती से रखने की सलाह दी, ताकि क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान जल्द हो सके।

## उपभोक्ता संरक्षण संगठन का हुआ पुनर्गठन पुनीता सचिव एवं पूजा बनी उपाध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** उपभोक्ता संरक्षण संगठन की जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया जिसमें बिरनी प्रखंड के ग्राम सरंडा निवासी पुनीता कुमारी पिता कार्तिक साव को जिला महिला सचिव एवं सरिया प्रखंड के ग्राम बलीडीह निवासी पूजा कुमारी पति नरेश कुमार साव को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिसकी जानकारी उपभोक्ता संरक्षण संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश नारायण सिन्हा ने पत्रांक संख्या 18/25 जारी कर दिया। इस बीच पत्र के माध्यम उन्होंने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर उपभोक्ताओं को जागरूक करना। आपको बता दें कि उपभोक्ता



संरक्षण संगठन एक गैर सरकारी निर्बंधित संगठन है जो भारत सरकार के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत संचालित किया जाता है ताकि उपभोक्ताओं को किसी वस्तु अथवा सेवाओं के खरीद बिक्री पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# डाक बम की सेवा ईश्वर की सेवा है : प्रो विनीता

➩ गिरिडीह से कांवरियों का जत्था बाबा धाम देवघर रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह ज़िले के भंडारीडीह स्थित राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगण से श्रद्धालुओं का जत्था बाबा नगरी के लिए रवाना हुई। श्रावण के इस पावन महिने में प्रो विनीता कुमारी एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 30-35 की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु को अंगवस्त्र एवं फल देकर उन्हें ससम्मान रवाना किया। प्रो विनीता ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी श्रद्धालुगण बहुत ही भक्ति भावना और उत्साह के साथ सुल्तानगंज से जल उठाकर बाबा भोलेनाथ को अर्पित करने इन कांवरियों का जत्था जाता है और हम सभी का सौभाग्य है कि हमें



इनकी सेवा करने का अवसर मिलता है। इसमे एक महिला और चार बच्चे भी कांवर बम उठाकर बाबा को जल अर्पित करेंगे।मौके पर नगर मंत्री समीर दीप,अमित आर्या, सुरेश गुप्ता,शुभ दीप,सोनु साई,रितिक पासवान,बीरु वर्मा, मुकेश मंडल, मुकेश कुमार रोमण पाठक आदि के साथ सैकड़ों श्रद्धालु गण उपस्थित रहे। भगवान भोलेनाथ सभी पर अपनी कृपा सदैव बनाए रखे

# पारसनाथ महाविद्यालय द्वारा ओपन मिनी मैराथन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डुमरी :** पारसनाथ महाविद्यालय इसरी बाजार के द्वारा रविवार को ओपन मिनी मैराथन का आयोजन किया गया।रन फोर इक्वलिटी मिनी मैराथन दौड़ बालक वर्ग के लिए 10 किमी तथा बालिका वर्ग के लिए 5 किमी था।रेस की शुरुआत निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार व डुमरी थाना प्रभारी प्रणीत ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया।रेस के लिए डुमरी के फुसरो मोड़ से इसरी बाजार के अरगाघाट रोड तक स्थान निर्धारित था।बालिका वर्ग में झारखण्ड कॉलेज डुमरी की गुड़िया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आनंदा कॉलेज हज़ारीबाग की नीता सलामे द्वितीय व राम लखन सिंह यादव कॉलेज बरही की ममता कुमारी तृतीय स्थान पर सफल रहीं।वहीं बालक वर्ग में डुमरी स्पोर्ट्स



अकादमी के दीपक ठाकुर ने प्रथम पारसनाथ महाविद्यालय के लव रविदास ने द्वितीय तथा संत कोलम्बस कॉलेज हज़ारीबाग के पवन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरी व निमियाघाट थाना के प्रभारी तथा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो यशवंत कुमार सिन्हा ने नकद राशि,प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी दे कर पुरस्कृत किया।पुरस्कार राशि के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5100 रूपये तथा द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को क्रमशः 4100 रूपये व 3100 रूपये की नकद राशि दी गयी।कार्यक्रम के सफल आयोजन में हॉस्पिटल के प्रबंधक सलीम आज़ाद व डुमरी स्पोर्ट्स अकादमी के शिव शंकर यादव जितेंद्र महतो, पप्पू शर्मा,कुंदन कुमार उमेश ठाकुर,नरेश महतो, सरोज कुमार,दीपक कुमार, सुयश, चिक्कू, कंचन तथा महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि डॉ शशिभूषण व परीक्षा नियंत्रक गौतम कुमार सिंह आईक्यूएसी समन्वयक राज कुमार मेहता महाविद्यालय स्पोर्ट्स कमिटी के नोडल पदाधिकारी प्रो मुज़फ्फर हुसैन स्पोर्ट्स सेल के सदस्य प्रो रजनी कुमारी, प्रो दिव्या रानी,संतोष पाठक, परमेश्वर महतो, मनित कुमार, योगेश प्रसाद,मौलाना इसराइल, ज़फिर अमन,विनोद विश्वकर्मा, नरेश रविदास, अजीत पाण्डेय, रवि कुमार, बिनोद कुमार, आसिफ अंसारी ,मेघलाल महतो तथा अनिल रविदास की महत्पूर्ण भूमिका रही। मैराथन में विधि व्यवस्था बनाये रखने तथा शांतिपूर्वक आयोजन में डुमरी व निमियाघाट थाना प्रभारी व अन्य सहयोगियों की सराहनीय भूमिका रही।

# बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने 76वें वन महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि लिया भाग, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर (गिरिडीह) :** आज बगोदर प्रखंड अंतर्गत औरा- पोचरी मार्ग पर वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग हजारीबाग (पूर्वी वन प्रमंडल) द्वारा आयोजित 76वें वन महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर बगोदर विधायक श्री नागेंद्र महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण से हुई, जहां विधायक श्री महतो ने स्वयं पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ÷बदलते जलवायु और बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना आज की महती आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।इस अवसर पर डीएफओ विकास कुमार उज्जवल, प्रमुख आशा राज, विशसूत्री अध्यक्ष सरवर खान, जिप सदस्य



प्रतिनिधि माथुर प्रसाद, रेंजर सुरेश राम, अनिल अग्रवाल, सोनू सिंह, रघु सोनी, प्रयाग महतो, बीरबल महतो, सेवा रविदास, सहदेव महतो, देवेंद्र मंडल, कार्तिक महतो सहित विभागीय अधिकारी, वनकर्मी और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर वन संरक्षण की शपथ ली और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाने का संकल्प लिया।

# हो इंटरटेनमेंट ग्रुप के बैनर तले श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कारगिल दिवस के अवसर पर हज़ारीबाग़ के टाउन हॉल में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने कहा आज का दिन सिर्फ तारीख नहीं है, 26 जुलाई- यह वो दिन है जब भारत ने अपने अदम्य साहस, अपार बलिदान और अटूट संकल्प से इतिहास रचा था। मौके पर उपस्थित बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ.कमल नयन सिंह ने कहा विजय कारगिल दिवस, सिर्फ जीत का प्रतीक नहीं है, यह उस जज़्बे का उत्सव है, जब बर्फीली चोटियों पर हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे को झुकने नहीं दिया। हो इंटरटेनमेंट एंड कल्चरल टीम ने इस गर्व के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जहां भावों ने वाणी ली, गीतों ने गाथा सुनाई, और हर प्रस्तुति ने वीर शहीदों को सलाम किया। देशभक्ति नृत्य, देशभक्ति गीत, बांसुरी वादन, मिमिक्री, नाट्य प्रस्तुतियाँ, वीर शहीद के परिवार जनों को मंच पर सम्मानित किया गया। कारगिल लड़ाई मैं अपनी जान को निछावर किए शाहिद विद्यानंद सिंह,शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी, शाहिद सुभाष बरला , शहीद संदीप पॉल , शाहिद सरयू राम राय, शाहिद वीरेंद्र कुमार के परिवारों को सम्मान देकर उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि... हर एक पल, उन अमर शहीदों को समर्पित रहा जिन्होंने वतन के लिए जीना और मरना अपने जीवन का ध्येय बनाया। मौके पर विकाश राणा ने कहा कि उन सभी शहीदों के परिवारों को भी नमन करते हैं, जिनके आशीर्वाद और त्याग से आज हम खुले आसमान के नीचे आज़ाद सांस ले रहे हैं। मौके पर बतौर अतिथि बटेश्वर मेहता और विनोबा भावे के प्राध्यापक विकाश कुमार, सुकल्याण मोइत्रा,के.के.गुप्ता,सुबोध कुमार सिंह,प्रदीप सिंह,तापस चक्रवर्ती,अरबिंद जी सहाय, विद्या बक्शी, अमला राणा,किशोर सावंत, ओम प्रकाश, रवि शंकर, के साथ भैया अभिमन्यु प्रसाद भी मौजूद थे। हजारीबाग के सैकड़ो दर्शक ने कार्यक्रम का देर रात तक आनंद लिया।

## ओरिया मैदान में 22 अगस्त से भव्य नमो फुटबॉल टूर्नामेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित नमो फूटबॉल टूर्नामेंट-2025 का सदर प्रखण्ड में आयोजन एवं बेहतर संचालन को लेकर ओरिया दुर्गा मंडप समीप स्थित मुख्य मंच पर रविवार को समीक्षात्मक व महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भुतपूर्व मुखिया दिलीप पासवान एवं संचालन समाजिक सक्रिय कार्यकर्ता प्रमोद पासवान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रंधीर पाण्डेय, सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष कृष्णा मेहता, भाजपा के वरीष्ठ कार्यकर्ता दमोदर प्रसाद एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव की गरिमामयी उपस्थिति में सफलपूर्वक संपन्न हुआ। समीक्षात्मक बैठक में टुर्नामेंट का आगाज एवं बेहतर संचालन को लेकर हरेक पहलुओं व गतिविधियों पर विशेष चर्चा व परिचर्चा हुई। पूर्व निर्धारित पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष स्व. बिजय कुमार के सम्मान में इस वर्ष ओरिया फुटबॉल मैदान में आयोजन कर उनकी गौरवशाली स्मृतियाँ एवं समाज के प्रति अमुल्य एवं अविस्मरणीय योगदान को सम्मान देने की बात कही। टुर्नामेंट का आयोजन 22 अगस्त को ओरिया फुटबॉल मैदान में भव्य शुभारंभ करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर ओरिया फुटबॉल मैदान में फुटबॉल प्रेमियों का जनसैलाब उमडेगा। पारंपरिक रूप से मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल एवं सहित कई गणमान्य लोगों का नगाड़ा एवं आदिवासी नृत्य के साथ स्वागत किया जायेगा। इस दौरान झंडोत्तोलन, मार्च पास्ट, मशाल प्रज्ज्वलित, संस्कृतिक कार्यक्रम व बालिकाओं के उद्घाटन मैच के साथ अतिथियों के द्वारा फूटबॉल पर किक मारकर विधिवत रूप भव्य शुभारंभ होगा। टूर्नामेंट के बेहतर संचालन को लेकर सर्वसम्मति से संचालन समिति का गठन किया गया।

## बरही आवास में साप्ताहिक जनसुनवाई दरबार का आयोजन, जनता की समस्याएं सुनीं और समाधान का दिया भरोसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को अपने बरही आवास पर साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला-पुरुष, बुजुर्ग एवं युवा शामिल हुए, जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। विधायक मनोज यादव ने प्रत्येक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित मामलों को लेकर तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद स्थापित कर कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि, जनता से सीधा संवाद और समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता है। मैं हर संभव प्रयास कर रहा हूँ कि किसी भी नागरिक को परेशानी न हो और उनके अधिकारों की रक्षा हो सके। जनता दरबार में ज़मीन संबंधी विवाद, पेंशन की स्वीकृति, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन की समस्या, राशन कार्ड में त्रुटियाँ, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, पेयजल संकट, सड़क मरम्मत, बिजली आपूर्ति और नली-गली की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। विधायक ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कर संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने आगे कहा, आप सभी का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं हमेशा आपके बीच रहकर, आपकी सेवा के लिए तत्पर हूँ। जनता की समस्याओं को हल करना मेरा कर्तव्य है, और मैं इसे पूरी निष्ठा से निभा रहा हूँ। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने विधायक के कार्य की सराहना की और जनता की सक्रिय भागीदारी को लोकतंत्र की मज़बूती बताया।

## लीड्स संस्था के द्वारा पौधा रोपण किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी :** प्रखण्ड में एचसीएल फाउंडेशन के तत्वाधान में लीड्स संस्था द्वारा एक महत्वपूर्ण पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय समुदाय को हरियाली के महत्व के प्रति शिक्षित करना था। इस पहल में निर्देशक अवध किशोर सिंह और प्रोग्राम मैनेजर महेंद्र कुमार की सक्रिय भूमिका ने इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। इस कार्यक्रम के नेतृत्व कर रहे आलोक वर्मा जी ने पर्यावरण के लिए लेकर ग्रामीणों को जंगल कटाई से हनी होने वाले बातों को ग्रामीणों को बताया गया द्य कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा विद्यालय, राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय, और मध्य विद्यालय कटकमसांडी में पौधा रोपण किया गया। इसके अलावा, ग्राम हरहद गोशी और डुमरी ग्राम में भी व्यापक स्तर पर पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निर्देशक अवध किशोर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारीपर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए एचसीएल फाउंडेशन और लीड्स संस्था के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस पौधा रोपण कार्यक्रम ने न केवल क्षेत्र में पर्याप्त हरियाली बढ़ाई, बल्कि स्थानीय निवासियों और छात्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी जगाई। इस प्रकार के आयोजनों से निश्चित रूप से भविष्य में एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। पौधा रोपण के दौरान छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## जेएलकेएम केन्द्रीय उपाध्यक्ष बनने पर सरजू पटेल ने जताया जयराम महतो का जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के द्वारा विष्णुगढ़ पूर्वी जिप सदस्य सरजू पटेल को संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। जेएलकेएम केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद विष्णुगढ़ पूर्वी जिप सदस्य सरजू पटेल ने डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो का आभार जताते हुए कहा कि भाषा आंदोलन की शुरुआती दौर से ही मैं आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं हर आंदोलन में अपनी उपस्थिति दर्ज की। आंदोलन की शुरुआती दौर में ही विष्णुगढ़ प्रखंड में आंदोलन की सबसे बड़ा मंच बनाया गया था, जिसका नेतृत्व उनके द्वारा किया गया था। आगे उन्होंने बताया कि विष्णुगढ़ के युवाओं के प्रोत्साहन के लिए वह हमेशा अग्रसर रहते हैं। उन्होंने हमेशा प्रखंड के युवाओं को सामाजिक न्याय, सामाजिक विकास एवं बिचौलियों से मुकाबला करने के साथ-साथ अपने हक और अधिकार के लिए आवाज उठाने में मनोबल बढ़ाने का काम किया है। पुनः आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए एक कुशल नेतृत्व के साथ संगठन को मजबूत बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने के पश्चात जेएलकेएम कि हजारीबाग जिला कमिटी एवम विष्णुगढ़ प्रखंड कमिटी के बीच खुशी का माहौल है इसी के साथ साथ संगठन के सभी लोगों ने सरजू पटेल को बधाई दी।

## उम्मीद फाऊंडेशन के नेतृत्व में 28 जुलाई को 110 शिवभक्त रवाना होंगे सुल्तानगंज



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सावन में उम्मीद फाऊंडेशन के द्वारा इस वर्ष 27 जुलाई को भव्य निःशुल्क कांवर यात्रा का आयोजन किया जाएगा. हजारीबाग से सुल्तानगंज के लिए 110 शिव भक्तों का जत्था रवाना होगा. उम्मीद फाऊंडेशन के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के महीने में भव्य निःशुल्क कांवर यात्रा का आयोजन किया जाएगा. जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक विजय सिंह ने दिया. इस अवसर पर श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष 28 जुलाई को 110 शिव भक्तों का जत्था हजारीबाग स्थित पंचमुखी मंदिर से सुल्तानगंज के लिए रवाना होगा. कांवरियों के रवाना होने से पहले पंचमुखित मंदिर में आचार्य आशुतोष शास्त्री के नेतृत्व में रुद्राभिषेक और भंडारा का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान ढोल नगाड़े के साथ रीझ रंग करते नगर भ्रमण किया जाएगा. इस यात्रा में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल होंगे. पंजीयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है.

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बरही में एमडीए-आईडीए 2025 की तैयारी तेज




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जन स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सरकार द्वारा चलाए जा रहे एमडीए-आईडीए 2025 कार्यक्रम की तैयारी बरही प्रखंड में जोरों पर है। अनुमंडलीय अस्पताल, बरही द्वारा आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त 2025 तक आयोजित इस विशेष अभियान के तहत फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने और दवा वितरण का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आज दोपहर 1 बजे से अनुमंडलीय अस्पताल, बरही में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएचईडी, जेएसएलपीएस, प्लान इंडिया, बीआरसी, बीटीटी समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम हेतु जनसंख्या को समय पर निर्देशित औषधि का सेवन कराना है, ताकि इस रोग की श्रृंखला को तोड़ा जा सके और समुदाय को एक स्वस्थ जीवन की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने विधायक प्रदीप प्रसाद को बांधी राखी

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रक्षाबंधन पर्व से पूर्व रविवार कों हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय सभागार में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने एक सादगीपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण में विधायक प्रदीप प्रसाद को राखी बांधकर स्नेह, भाईचारे का संदेश दिया। शुरुआत बहनों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ तिलक, रोली-चावल और रक्षा सूत्र के साथ हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने बहनों से राखी बंधवाकर भावुकता के साथ कहा कि यह राखी मात्र एक धागा नहीं, बल्कि विश्वास, सहयोग और आत्मिक सुरक्षा का प्रतीक है। ब्रह्माकुमारी बहनों का यह स्नेह समाज को प्रेम, एकता और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति आत्मीयता, समर्पण और सेवा की भावना से जुड़ने की प्रेरणा देता है। यह पर्व भौतिक सुरक्षा से कहीं आगे, आत्मिक सशक्तिकरण और आध्यात्मिक रिश्तों को मजबूत करने का भी प्रतीक है। विधायक कार्यालय परिसर में कार्यक्रम के दौरान शांति, सौहार्द और दिव्यता का वातावरण व्याप्त था।

## उजैना गांव में धरती से प्रकट हुआ शिवलिंग, श्रद्धा और आस्था का केंद्र बना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बैंदगी पंचायत के उजैना गांव में रविवार सुबह एक अद्भुत और रहस्यमयी घटना ने पूरे क्षेत्र में आस्था की लहर दौड़ा दी। गांव में अचानक धरती से एक शिवलिंग के प्रकट होने की जानकारी जैसे ही फैली, ग्रामीणों सहित आसपास के इलाकों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गांव का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया है। रामनगर निवासी कृष्ण साव रोजाना की तरह तड़के 3ः00 बजे अपने ऑटो से सब्जी लाने के लिए निकले थे। तेज बारिश के चलते रास्ते में उनका वाहन कीचड़ में फंस गया। जब वे ऑटो को निकालने के लिए उतरे और आसपास की मिट्टी हटाने लगे, तभी उनकी नजर एक पत्थरनुमा आकृति पर पड़ी। जैसे-जैसे उन्होंने मिट्टी हटाई, वहां एक स्पष्ट शिवलिंग दिखाई पड़ा। कृष्ण साव ने इस दिव्य आकृति को देखकर तत्काल अपने एक मित्र को इसकी जानकारी दी। कुछ ही समय में यह खबर पूरे गांव में फैल गई और लोग भारी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचने लगे। शिवलिंग के प्रकट होने की खबर मिलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने मंगल गीतों और पारंपरिक भजनों के साथ पूजा-अर्चना शुरू कर दी। गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर स्थान की साफ-सफाई कर विधिवत पूजन प्रारंभ किया। भजन-कीर्तन, आरती, और जलाभिषेक का कार्यक्रम जारी है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी इस पावन दृश्य के साक्षी बनने उमड़ रहे हैं। विशेषकर सावन माह में भगवान शिव के इस अलौकिक प्रकट होने ने धार्मिक महत्व को और भी बढ़ा दिया है। गांव के बुजुर्गों और धार्मिक जानकारों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं अत्यंत दुर्लभ होती हैं और इसे भगवान शिव का दिव्य संकेत माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थान अब एक स्थायी शिवधाम के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। बरही सहित आस-पास के गांवों से लोग उजैना पहुंच रहे हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। उजैना गांव अब सिर्फ एक गांव नहीं रह गया, बल्कि एक धार्मिक आस्था और आंतरिक विश्वास का केंद्र बन चुका है।

## विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी का सावन महोत्सव सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आज भाग्यमणि विवाह भवन हजारीबाग के सभागार में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की महिला जिला कमेटी के द्वारा श्रावणी महोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर ललिता राणा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर मधुबाला राणा, विश्वकर्मा समाज के हज़ारीबाग जिलाध्यक्ष यदु राणा, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा की उपस्थिति रही ! कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा के द्वारा किया गया तथा मंच संचालन महिला जिला महासचिव कौशल्या देवी ने किया ! कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों तथा नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले से विश्वकर्मा समाज की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं सावन महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया ! मुख्य अतिथि व्याख्याता डॉ ललिता राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज की महिला स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बने ! विश्वकर्मा समाज की महिलाओं पुरुष के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलना है ! विशिष्ट अतिथि डॉ मधुबाला राणा ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित होने की जरुरत है महिला शिक्षित होगी तो पूरा परिवार शिक्षित होगा ! झारखण्ड प्रशासनिक सेवा जेपीएससी 2025 में इस बार विश्वकर्मा समाज के तीन लोग उत्तीर्ण हुए हैं ।जिसमें राहुल कुमार विश्वकर्मा छठा रैंक बृजपुरा, बिरनी, गिरिडीह, स्वीटी सुमन सोलहवां रैंक घोराठी, बाघमारा, धनबाद , रणजीत कुमार राणा, 139वा रैंक चरनाखिया, नवादा, बिष्णुगढ़, हज़ारीबाग ये विश्वकर्मा समाज के लिए गर्व का विषय है ! हजारीबाग महिला विश्वकर्मा समाज की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की बहुत जल्द जिले के सभी प्रखंडों में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के बैनर तले प्रखंड कमेटी का गठन करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी सामाजिक उत्थान के इस महायज्ञ में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनीता देवी (उपाध्यक्ष), कौशल्या देवी (महासचिव), कंचन शर्मा (कोषाध्यक्ष), चंचला कुमारी, रीना शर्मा, बबीता राणा, रिंकी राणा, सविता राणा, माया देवी, पूर्णिमा राणा, अंजली राणा, तेतरी देवी, निर्मला राणा, पूनम राणा,विजुल देवी, ममता कुमारी सहित सैकड़ो महिला उपस्थित थी !


## ब्रॉन्ज मेडल जीतकर आइलेक्स पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बढ़ाया बरही का गौरव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के पंचमाधव स्थित आइलेक्स पब्लिक स्कूल के दो प्रतिभावान छात्रों, अमन कुमार और राजनंदनी ने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित अंतरराज्यीय कराटे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां अमन और राजनंदनी ने अपने साहस, आत्मविश्वास और कराटे कौशल के दम पर निर्णायकों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। उनके तकनीकी प्रदर्शन और लड़ाकू शैली की पूरे टूर्नामेंट में खूब सराहना की गई। दोनों छात्रों की इस शानदार उपलब्धि से आइलेक्स पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय के निदेशक डॉ. शैलेश कुमार ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कठिन मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा, ÷हमारे छात्रों ने दिखा दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी यदि उचित मार्गदर्शन और अवसर पाएं, तो किसी भी मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। यह पूरे विद्यालय और बरही क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। विद्यालय की मैनेजर सुषमा भारती ने भी अमन और राजनंदनी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सफलता से अन्य छात्र-छात्राओं को भी खेलकूद के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने उन शिक्षकों की भी सराहना की जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा को तराशने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की शिक्षिका ममता कुमारी प्रतियोगिता के दौरान दोनों छात्रों के साथ कोलकाता गई थीं। उन्होंने प्रतियोगिता के हर चरण में बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके मनोबल को ऊँचा बनाए रखा। विद्यालय प्रबंधन ने उनके योगदान को भी सराहा। इस सफलता से यह स्पष्ट होता है कि आइलेक्स पब्लिक स्कूल न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि खेलकूद और सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में भी बच्चों को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय प्रशासन को पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में यहां के छात्र राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर और भी बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे।

## कथा की आड़ में महिलाओं का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान : किशोरी राणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** प्रसिद्ध कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा महिलाओं को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी से देशभर में आक्रोश का माहौल है। धार्मिक मंच से महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग न केवल उनके संस्कारों पर प्रश्नचिन्ह लगाता है, बल्कि समाज की सोच को भी आहत करता है। इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि अनिरुद्धाचार्य की टिप्पणी उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा, यह पहली बार नहीं है जब अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं के बारे में विवादित बयान दिया है। उनका ऐसा रवैया बताता है कि उन्हें ना तो महिलाओं के सम्मान की समझ है और ना ही सार्वजनिक मंच की गरिमा का कोई ख्याल। श्री राणा ने आगे कहा कि ऐसे कथावाचकों पर सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि धार्मिक मंचों का दुरुपयोग बंद हो और भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की अभद्र भाषा बोलने से पहले सौ बार सोचे। उन्होंने इसे महिलाओं की गरिमा और आत्मसम्मान पर सीधा हमला बताया। देशभर में सोशल मीडिया पर भी अनिरुद्धाचार्य के बयान की तीखी आलोचना हो रही है। महिला संगठनों ने भी इसके विरोध में आवाज़ बुलंद की है और सरकार से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विवाद पर क्या रुख अपनाती है और क्या ऐसे कथावाचकों पर कोई ठोस कार्यवाही होती है।

# पीएम ने गंगईकोंडा चोलपुरम में आदि तिरुवथिरई महोत्सव में लिया भाग



एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आदि तिरुवथिरई महोत्सव के दौरान महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम के जयंती उत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने सम्राट के सम्मान में एक स्मारक सिक्का जारी किया।प्रधानमंत्री मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान वे एक %कलश% लेकर आए, जिसमें गंगा का जल भरा हुआ था। यह जल धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना जाता है। उनके आगमन पर मंदिर के पुजारी ने पारंपरिक सम्मान के साथ उनका स्वागत किया।प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि भारत देश की विविधता और संस्कृति हमारे साम्राज्य और धरोहर का प्रतीक है। चोल साम्राज्य की विरासत हमें यह सिखाती है कि एकता में कितनी शक्ति होती है। इस ऐतिहासिक मंदिर में पूजा करना उनके लिए अत्यंत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा,यहां, मैं केवल अपनी व्यक्तिगत प्रार्थना नहीं कर रहा हूँ, बल्कि मैंने देश के 140 करोड़ लोगों के कल्याण के लिए प्रार्थना की है। मैं भगवान शिव से आशीर्वाद मांगता हूं कि वे सभी को आशीर्वाद प्रदान करें।चोल साम्राज्य के इतिहास का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राजेंद्र चोल प्रथम ने न केवल दक्षिण भारत में बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया में भी अपने साम्राज्य का विस्तार किया। उनकी विजयी सेनाएँ श्रीलंका, मालदीव और अन्य देशों तक पहुंचीं। यह संयोग है कि वे कल ही मालदीव से लौटे हैं और आज इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि चोल राजाओं ने हमेशा सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का कार्य किया।प्रधानमंत्री मोदी ने चोल साम्राज्य के योगदान को याद करते हुए कहा कि राजेंद्र चोल ने गंगा जल को उत्तर से दक्षिण में लाकर पूजन किया। आज उसे पोन्नेरी झील के रूप में जाना जाता है। यह जल हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र सरकार उसी चोला युग की विचारधारा को आगे बढ़ा रही है। काशी-तमिल संगमम् और सौराष्ट्र-तमिल संगमम् जैसे आयोजनों के माध्यम से हम एकता के पुराने सूत्रों को मजबूत कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने राजेंद्र चोल प्रथम की छवि वाला सिक्का जारी किया

गंगईकोंडा : तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम त्रिवली उत्सव में भाग लिया और राजेंद्र चोल की छवि वाला एक सिक्का जारी किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु में ऐतिहासिक चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम को श्रद्धांजलि देते हुए उनके सम्मान में एक विशेष स्मृति सिक्का जारी किया। यह सिक्का सम्राट के महान योगदान और भारत के गौरवशाली इतिहास को सम्मान देने के उद्देश्य से जारी किया गया है। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री ने सम्राट राजेंद्र चोल के योगदान को याद करते कहा कि राजेंद्र चोल सिर्फ तमिलनाडु ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के सामरिक और सांस्कृतिक इतिहास के महान शासक रहे हैं।दरअसल, केंद्रीय संस्कृति विभाग की ओर से अरियालुर जिले के गंगईकोंडा चोलपुरम बृहदेश्वर मंदिर परिसर में भव्य त्रिवली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका नाम आदि तिरुपतिराय उत्सव, राजेंद्र चोल की जयंती, गंगईकोंडा चोलपुरम बृहदेश्वर मंदिर के निर्माण की 1000वीं वर्षगांठ और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों पर आक्रमण की 1000वीं वर्षगांठ है।

## चलते चलते एक नजर

### बजरंग दल ने कांवरियों में भरी नई ऊर्जा

**मीरजापुर :** श्रावण मास की पावन बेला में शिवभक्ति के पथ पर अग्रसर कांवरियों के चरण आदिशक्ति जगत जननी मां विंध्यवासिनी की पावन धरा पर स्वागत-सत्कार की सौगात से भीग उठे। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने बरकछा हाईवे पर बोल बम कांवरिया श्रद्धालुओं का जलपान, पुष्पवर्षा एवं गुलाब की पंखुड़ियों से भव्य स्वागत किया गया। शिव द्वार की ओर जलाभिषेक के लिए जा रहे हजारों श्रद्धालुओं को सेवा, सम्मान और श्रद्धा से सराबोर यह आयोजन, सामाजिक समर्पण और आध्यात्मिक ऊर्जा का जीवंत उदाहरण बना। विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल, जिला सह मंत्री अभय मिश्रा, बजरंग दल जिला संयोजक अशोक, जिला विद्यार्थी प्रमुख सुब्रतो, करन, विवेक, शिवम, अनूप, आनंद मिश्रा सहित कई अन्य कार्यकर्ता और श्रद्धालु इस सेवा कार्य में शामिल रहे।सेवा शिवभक्ति का पर्याय है। इस मूल भावना को साकार करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कांवरियों के लिए शीतल जल, फल, प्रसाद और विश्राम की व्यवस्था की। गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत कर श्रद्धालुओं का उत्साह द्विगुणित कर दिया गया। विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल ने इस सेवा को धर्म और राष्ट्रभक्ति के मिलन बिंदु की संज्ञा दी और युवाओं से आग्रह किया कि वे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस भव्य सेवा कार्यक्रम ने न केवल कांवरियों को आनंदित किया, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि धर्म तभी जीवित रहता है जब सेवा उसमें समाहित हो। रामचंद्र शुक्ल ने कहा कि कांवरिया सिर्फ यात्री नहीं, शिवभक्ति के संदेशवाहक हैं। कांवरियों की सेवा करना, शिव की सेवा करने के बराबर है। ये युग धर्म है, राष्ट्रधर्म है और हमारा गौरव भी।

### जेपीएससी सिविल सेवा में उत्तीर्ण हुए मुस्लिम अभ्यर्थियों को वारिस कुरैशी ने दी बधाई



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 का 342 विभिन्न पदों का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय से मात्र 9 प्रतियोगी सफ़ल हो पाए है। उन्होंने सभी सफल प्रतियोगियों को मुबारकबाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय की लगभग 15 प्रतिशत आबादी है और इस झारखंड लोक सेवा आयोग के बहुचर्चित सिविल सेवा परीक्षा 2023 में मुस्लिम समुदाय के प्रतियोगी के पास करने का प्रतिशत मात्र 2.63 है, इस पुअर परफोर्मेंस से मुस्लिम समुदाय के प्रतियोगियों में काफ़ी निराशा है, ऐसा प्रतीत होता है कि मुस्लिम समुदाय के प्रतियोगीयों को विशेष कोचिंग और गाइडेंस की आवश्यकता है इसके अभाव में मुस्लिम समुदाय के प्रतियोगी पिछड़ रहे हैं, जबकि काफ़ी संख्या में प्रतियोगियों ने इंटरव्यू में हिस्सा लिया था।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



एजेंसी

**लखनऊ :** पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को प्रदेश के समस्त मदरसों मे विविध कार्यक्रमों और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ स्थित मदरसा दारुल उलूम वारसिया में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने किया। उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडलों और नवाचारों की सराहना की तथा कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों को डॉ. कलाम साहब के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, उनके प्रेरणादायक विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से जोड़ने का प्रयास किया गया है। डॉ. कलाम न केवल एक महान वैज्ञानिक थे, बल्कि युवाओं के लिए एक आदर्श व्यक्तित्व भी हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली, प्रदेश मंत्री नेहा खान, एवं मोहम्मद आरिफ अहमद (मोनू) सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। डॉ. कलाम की स्मृति में आयोजित इस प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान, तकनीक और रचनात्मकता से जुड़ी प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों ने अत्यंत सराहा।

### लता मंगेशकर चौक में कलाकारों ने किया वीणा का पूजा

# कलाकारों के लिए मंदिर के समान है लता मंगेशकर चौक : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** एजुकेशन एंड स्किल्ड सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित संस्कृति कला महोत्सव का भव्य शुभारंभ प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर द्वारा लता मंगेशकर चौक स्थित वीणा पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। यह कार्यक्रम स्थानीय कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम में नृत्य, गायन, चित्रकला, मेंहदी जैसी विविध कलाओं का प्रदर्शन किया गया, जिनमें स्थानीय युवाओं और कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने एक सांस्कृतिक उत्सव का रूप ले लिया, जिसमें शहर की प्रतिभाएं निखर कर सामने आईं।श्रीमती अरुणा शंकर ने कहा,लता मंगेशकर चौक का नामकरण और इसकी परिकल्पना मेरे महापौर कार्यकाल में नगर निगम बोर्ड में की गई थी। यह झारखंड का पहला लता मंगेशकर चौक है, जिसे स्थानीय कलाकारों की पहचान और सम्मान को ध्यान में रखते हुए कोऑपरेटिव चौक को नया स्वरूप दिया गया। योजना का प्रारूप मेरे कार्यकाल में तैयार हुआ और बाद में इसका टेंडर निकालकर इसे पूर्ण किया गया। आज उस चौक पर वीणा पूजन करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। इस आयोजन में सूरज मिश्रा, रेडियो आर्टिस्ट शालिनी, आयोजक श्री विजय कुमार दुबे, मिस डाल्टनगंज विजेता अनिषा तिवारी, रिंकू गुप्ता, आकाश कुमार, चंदन कुमार, कुमार पवन, सूरज समेत कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अरुणा शंकर ने यह भी कहा,इस प्रकार के आयोजनों से मेदिनीनगर की छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है। हम जल्द ही स्थानीय कलाकारों के साथ एक बैठक करेंगे और प्रत्येक वर्ष ऐसा एक आयोजन सुनिश्चित करेंगे जो राष्ट्रीय स्तर पर मेदिनीनगर को एक सांस्कृतिक पहचान दे।यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि मेदिनीनगर की सांस्कृतिक विरासत और भविष्य के कलाकारों के लिए एक नई दिशा है।

# आधुनिक शिक्षण प्रणाली का आधार है शिक्षक प्रशिक्षण : निदेशक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी(10+2) स्कूल के सभागर में सत्र 2025-26 के इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का प्रथम चरण सीबीएसई पटना जोन के गाइडलाइन के आलोक में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, प्राचार्य चंद्रभूषण सिंहा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा समलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं ज्ञान की देवी माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। छात्राओं द्वारा स्वागतगान की मधुर प्रस्तुति के पश्चात प्राचार्य चन्द्र भूषण सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन तय करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस मौके पर अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को ऐसी तकनिकों और आधुनिक शिक्षण रणनीतियों से लैस करता है जो उन्हें प्रबंधित करने और उन्हें पढ़ाने में मदद करता है। इसी से यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र नए शिक्षण प्रणाली से सीख रहे हैं और विशेष लाभान्वित हो रहे हैं।

शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जब सही तरीके से तथा सही विषय वस्तु के लिए संचालित किए जाते हैं तो उसमें शिक्षकों को इस हद तक प्रशिक्षित करने की शक्ति होती है कि वे ना केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि इसके बाहर भी छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। आत्मविश्वासी एवं खुश शिक्षक का मतलब है आत्मविश्वास एवं खुश छात्र। शिक्षक प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा के सभी स्तरों को आवश्यक मूल्य प्रदान करना है। शिक्षक छात्रों के लिए ज्ञान और सूचना के प्राथमिक स्रोत होते हैं। वे छात्रों को विभिन्न विषयों को समझने में मदद करते हैं। आज के रिसोर्स पर्सनस के रूप में पीजीटी शिक्षिका नीरा शर्मा तथा टीजीटी शिक्षक संतोष प्रसाद द्वारा आर्टीफिशियल इंटेललीजेंस टॉपिक पर गहन, तार्किक एवं सुग्राह्य विचार एवं सुझाव व्यक्त किए।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मुकेश भारती, दिनेश कुमार, विकास कुमार, सरिता दुबे,नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, पूजा प्रकाश, ऋषभ श्रीवतास्तव आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## रिसर्च विंग के रूप में विकसित होगा एंपावर : जायसवाल

**रांची :** रांची के एक होटल में रविवार को आदित्य विक्रम जायसवाल की अध्यक्षता में एंपावर झारखंड की बैठक हुई। बैठक में राज्यहित और जनकल्याण से जुड़े कई मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। मौके पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि एंपावर झारखंड को एक रिसर्च विंग के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया, जो राज्य सरकार को आजीविका, कृषि, हॉर्टिकल्चर, ट्राइबल इकोनॉमी, टूरिज्म कॉरिडोर तथा स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने जैसे विषयों पर शोध कर सुझाव और रिपोर्ट उपलब्ध कराएगा। जायसवाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य झारखंड को मजबूती से आगे बढ़ाना और युवाओं को राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराकर पलायन रोकना है। उन्होंने बताया कि एक समर्पित रिसर्च टीम का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में अनूप शाहदेव ने अक्टूबर माह में टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित करने की घोषणा की, जिसमें पर्यटन के जरिए स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा होगी।

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए जन जागरुकता जरूरी




एजेंसी

**कोलकाता :** ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर मुद्दा है और पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन हो रहा है। यह बातें विधायक और पार्क्स एंड स्क्वायर के एमएमआईसी देबाशीष कुमार ने शनिवार शाम सैटरडे क्लब में कंसर्न फॉर कलकत्ता और कलकत्ता सिटीजन्स इनिशिएटिव द्वारा आयोजित जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग पर आयोजित परिचर्चा सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोलकाता नगर निगम ने जलवायु परिवर्तन पर एक कार्य योजना बनाई है।पर्यावरण मुद्दों पर जाने-माने पत्रकार डॉ. जयंत बसु ने जलवायु परिवर्तन पर एक विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत की और नागरिकों से इस पहल में आगे आने और इसमें शामिल होने के लिए सहयोग मांगा।मिशन-संचालित स्थिरता सलाहकार अजय मित्तल ने ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए जन जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया, जो एयर-कंडीशनर, शॉपिंग मॉल और मोटर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण भी बढ़ रही है। सत्र का संचालन करते हुए नारायण जैन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई) में भारत को 10वां स्थान मिला है। सीसीपीआई जर्मन पर्यावरण और विकास संगठन जर्मन वॉच द्वारा अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिदृश्य में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई एक स्कोरिंग प्रणाली है।

## मुख्यमंत्री ने कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों संग की विशेष संवाद बैठक



एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर कानपुर मंडल के विधायकों के साथ एक विशेष संवाद बैठक की। यह बैठक केवल विकास परियोजनाओं की समीक्षा का मंच नहीं थी, बल्कि यह लोकतंत्र की उस जीवंत परंपरा का प्रमाण थी, जिसके तहत शासन और जनता के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी,जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री जन आकांक्षाओं से मुखातिब हो रहे थे। मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई मंडलवार संवाद श्रृंखला की कड़ी में इस बार कानपुर मंडल के छह जनपदों (कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा और औरैया) के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था।मुख्यमंत्री ने संवाद की शुरुआत प्रत्येक सांसद एवं विधायक से सीधे संवाद करते हुए की। उन्होंने उनके निर्वाचन क्षेत्रों की जमीनी परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर विस्तार से फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ तो है ही, साथ ही साथ यह सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केन्द्र है।

## सद्गुरु स्वतंत्र देव जी महाराज का 78वां जन्मोत्सव रांची में

**रांची:** रांची की ऐतिहासिक धरती रविवार को एक अद्भुत अध्यात्मिक जागरण की साक्षी बनी, जब लालजी हिरजी रोड स्थित सत्य गंगा ऑर्किड परिसर में विहंगम योग संत समाज द्वारा सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज का 78वां जन्मोत्सव अत्यंत भव्यता एवं भावनात्मक उल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अध्यात्मिक ऊर्जा की एक ऐसी लहर थी, जिसने न केवल उपस्थित श्रद्धालुओं को, बल्कि सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और संतवाणी के संग हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूर्ण समर्पण भाव से भाग लिया। भक्ति, साधना और श्रद्धा की त्रिवेणी में डूबा यह आयोजन एक साधारण धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के अद्वितीय मिलन का प्रतीक बन गया। सत्संग स्थल पर मौजूद प्रत्येक चेहरा एक ही प्रकाश से दीप्त था – सद्गुरु के प्रेम और आशीर्वाद का।

# मजदूर यूनियन का सातवां राज्य सम्मेलन सम्पन्न



एजेंसी

**मंडी :** सीटू से संबंधित भवन, सड़क, रेलवे, मनरेगा, बीआरओ, हाईडल एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन का सातवां दो दिवसीय रविवार को राज्य सम्मेलन मंडी के सौली खड्ड में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में मजदूरों के अधिकारों और कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी संघर्षों की रूपरेखा तैयार की गई। सम्मेलन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 9 सितंबर को हमीरपुर स्थित राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके पहले अगस्त माह में गांव-गांव और परियोजना स्तर पर जन अभियान चलाया जाएगा ताकि मजदूरों के बीच जागरूकता फैलाई जा सके। मजदूरों के अधिकारों का हनन~ सम्मेलन में उठी तीखी आवाजें सम्मेलन में आरोप लगाया गया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा गठित श्रमिक कल्याण बोर्ड मजदूरों के कानूनी अधिकारों को कुचलने का काम कर रहा है। बताया गया कि बोर्ड द्वारा 1.31 लाख मजदूरों की लगभग 500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता रोक दी गई है। जबकि इस मुद्दे पर बोर्ड ने कई बार निर्णय लिया, लेकिन सचिव मुख्यमंत्री के निर्देशों के बिना उन्हें लागू नहीं कर रहे।सम्मेलन में यह भी बताया गया कि वर्ष 2020 में जमा हुए आवेदन पत्रों पर अब जाकर 2025 तक ई-केवाईसी की शर्त थोप दी गई है। वर्तमान में 4.63 लाख पंजीकृत मजदूरों में से केवल 65 हजार की ही ई-केवाईसी हो सकी है। इस गति से यदि प्रक्रिया जारी रही तो कई साल लग जाएंगे और तब तक सरकार का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। सम्मेलन में मनरेगा मजदूरों को साल में 100 दिन का रोजगार, 425 रुपये न्यूनतम मजदूरी और प्रत्येक माह समय पर भुगतान की मांग दोहराई गई। साथ ही हिमाचल में निर्माणाधीन फोरलेन, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे और पनबिजली परियोजनाओं में 80त्न रोजगार हिमाचली मजदूरों को देने की मांग उठाई गई।